

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी



आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 01, अंक : 347 | रांची, मंगलवार, 03 दिसंबर 2024 (मार्गशीर्ष शुक्ल 02, संवत 2081), पृष्ठ : 12, मूल्य : 3 रुपये | email: jharkhandwanitaudyog@gmail.com

## पीएम मोदी ने केंद्रीय मंत्रियों संग देखी 'द साबरमती रिपोर्ट'

एजेंसियां

**नई दिल्ली।** सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने संसद के बालयोगी ऑडिटोरियम में फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' देखी। यहां मेकर्स ने फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग आयोजित की थी। इस स्क्रीनिंग में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई मंत्री और सांसद भी पहुंचे। इस विशेष अवसर पर फिल्म की स्टार कास्ट से विक्रांत मैसी, राशि खन्ना, रिद्दी डोगरा समेत मेकर्स भी मौजूद रहे।

पीएम मोदी ने की फिल्म और टीम की तारीफ : स्क्रीनिंग में पीएम मोदी के अलावा मनोहर लाल, जीतन राम मांझी, नितिन गडकरी, राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा और मनसुख मांडविया जैसे राजनेता भी मौजूद रहे। पीएम मोदी ने एक्स अकाउंट पर फिल्म की स्क्रीनिंग की झलकियां साझा कीं। कुछ तस्वीरें साझा करते हुए पीएम मोदी ने कैप्शन में लिखा, 'द साबरमती रिपोर्ट' की स्क्रीनिंग में एनडीए के साथी सांसदों के साथ शामिल हुआ। मैं फिल्म के निर्माताओं के प्रयासों की सराहना करता हूं।' वहीं, पीएम मोदी के साथ बैठकर फिल्म देखने पर एक्टर विक्रांत मैसी ने भी खुशी जाहिर की।

**गोधरा कांड पर आधारित है फिल्म :** इस स्पेशल स्क्रीनिंग के दौरान फिल्म की स्टारकास्ट के अलावा प्रोड्यूसर एकता कपूर भी नजर आईं। यह फिल्म 2002 में गोधरा स्टेशन के पास साबरमती एक्सप्रेस के कोच में आग लगने की घटना पर आधारित है। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले सोशल मीडिया के माध्यम से फिल्म की प्रशंसा की थी। उन्होंने कहा था कि फर्जी कहानी केवल सीमित समय तक ही चल सकती है। वहीं, फिल्म देखने के बाद पीएम मोदी ने इसकी कहानी और कलाकारों के साथ टीम की भी तारीफ की।

### अभिनेता विक्रांत मैसी ने जताई खुशी



### विक्रांत ने बताया करियर का सबसे अच्छा पल

मुख्य अभिनेता विक्रांत मैसी ने स्क्रीनिंग के बाद संवाददाताओं से कहा, 'मैंने प्रधानमंत्री और सभी कैबिनेट मंत्रियों और कई सांसदों के साथ फिल्म देखी। यह एक विशेष अनुभव था। मैं इसे शब्दों में व्यक्त नहीं कर पाऊंगा, क्योंकि मैं बहुत खुश हूं। यह मेरे करियर का सबसे अच्छा पल है, जब मुझे प्रधानमंत्री के साथ अपनी फिल्म देखने का मौका मिला।'

### राशि खन्ना बोलीं- आज का दिन खास

राशि खन्ना ने भी विक्रांत मैसी की बात दोहराते हुए इसे अपने जीवन का खास पल बताया। उन्होंने कहा, 'हमने यह फिल्म कई बार देखी है, लेकिन आज का दिन बहुत खास था, क्योंकि हमें इसे प्रधानमंत्री के साथ देखने का मौका मिला... यह एक अवास्तविक एहसास है। यह मेरे करियर का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। इस फिल्म को कई राज्यों में टैक्स फ्री कर दिया गया है और अन्य राज्य भी इसे टैक्स फ्री करने की राह पर हैं। मुझे उम्मीद है कि लोग इसे बड़ी संख्या में देखेंगे।'

## राष्ट्रपति का आज से ओडिशा दौरा, नौसेना दिवस सहित कई कार्यक्रमों में लेंगी भाग

एजेंसियां

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार से पांच दिनों के लिए ओडिशा के दौरे पर रहेंगी। वह 4 दिसंबर को भारतीय नौसेना दिवस सहित कई आधिकारिक कार्यक्रमों में भाग लेंगी।

तय कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति मुर्मू 3 दिसंबर मंगलवार को शाम 5 बजे भुवनेश्वर एयरपोर्ट पहुंचेंगी। अगले दिन 4 दिसंबर को सुबह 10:15 से 10:40 बजे के बीच वह पुरी के जगन्नाथ मंदिर जाएंगी। 12वीं सदी के मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद राष्ट्रपति मुर्मू दोपहर 3:55 बजे पुरी के ब्लू फ्लैग बीच के लिए रवाना होंगी। यहां वह नौसेना दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।



### भुवनेश्वर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

राष्ट्रपति मुर्मू के दौरे के लिए पुलिस काफिले की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा यातायात प्रबंधन के लिए बैरिकेडिंग के साथ पुलिस सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कमिश्नरेट पुलिस के करीब 69 प्लाटून बल तैनात रहेंगे। भुवनेश्वर में एयरपोर्ट, राजभवन, किसाका स्ट्रीट और एजी स्ट्रीट के साथ चंद्रशेखरपुर क्षेत्र में अस्थायी पुलिस नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। साथ ही सीसीटीवी कंट्रोल रूम के जरिये पुलिस पूरे कार्यक्रम पर नजर रखेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### केरल: कार और बस में भिड़ंत, मेडिकल कॉलेज के 5 छात्रों की दर्दनाक मौत

**आलप्पुझा।** करेल के आलप्पुझा जिले के कलारकोड में सोमवार को एक कार और केएसआरटीसी बस के बीच हुई भिड़ंत में पांच मेडिकल छात्रों की मौत हो गई। जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित वंदनम मेडिकल कॉलेज के छात्र थे, जो कार में यात्रा कर रहे थे। इसी दौरान कार केएसआरटीसी सुपरफास्ट बस से टकरा जाने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बचाव दल को क्षतिग्रस्त वाहन को काटकर अंदर फंसे यात्रियों को बाहर निकालना पड़ा। घायलों को इलाज के लिए वंदनम मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि तेज गति से वाहन चलाने की वजह से हादसा हुआ।

### आप में शामिल हुए यूपीएससी वाले फेमस टीचर अवध ओझा



**नई दिल्ली।** यूपीएससी वाले फेमस टीचर और मोटिवेशनल स्पीकर अवध ओझा ने राजनीति में एंट्री कर ली है। उन्होंने आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया है। अरविंद केजरीवाल की मौजूदगी में वह आप में शामिल हुए। इस दौरान मनीष सिसोदिया भी मौजूद रहे थे। दिल्ली में विधानसभा चुनाव करीब हैं और ऐसे में अटकलें हैं कि वह दिल्ली में आप के टिकट से चुनावी मैदान में उतर सकते हैं। आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने दोपहर 12 बजे एक बड़ी प्रेस कॉन्फ्रेंस की है।

### चिराग पासवान की पार्टी के 100 नेताओं ने एक साथ दिया इस्तीफा

पेज 08 पर

### उच्च अधिकारियों के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने दिया निर्देश

# राजस्व वसूली में लाएं तेजी तैयार करें एक्शन प्लान : हेमंत

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में विकास कार्यों को गति देनी है और राजस्व संग्रहण (रेवेन्यू कलेक्शन) को भी बढ़ाना है। ऐसे में सभी विभाग राजस्व वसूली में तेजी लाने के साथ अतिरिक्त राजस्व संग्रह के नए स्रोतों के लिए संभावनाओं को तलाशें। वे झारखंड मंत्रालय में सोमवार को अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न विभागों के प्रधान सचिवों और सचिवों के साथ वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट से अलग शुरू की गयी नयी योजनाओं के अतिरिक्त दायित्वों की पूर्ति एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुपूरक बजट की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए।

**राजस्व संग्रहण का एक्शन प्लान करें तैयार :** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि राजस्व प्रबंधन को मजबूत बनाएं। राजस्व की बर्बादी और स्थापना व्यय को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाए जाएं। रेवेन्यू जनरेट सिस्टम का माइक्रो लेवल ऑब्जर्वेशन कर इसकी खामियों को दूर करें। सभी विभाग राजस्व संग्रहण का एक्शन प्लान तैयार करें। शेष पेज 08 पर



### काम को धरातल पर उतारने का लक्ष्य: हेमंत सोरेन

अफसरों के साथ बैठक के बाद सीएम सोरेन ने मीडिया से बात करते हुए कहा, हम उन सभी उपायों पर विचार कर रहे हैं, जिससे विकास की गति को तेज किया जा सके। हमने अधिकारियों को समय का सदुपयोग करने और ज्यादा से ज्यादा काम को धरातल पर उतारने का लक्ष्य दिया है।

### मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का भी दिया हवाला

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जुलाई महीने में आए सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का भी हवाला दिया। 25 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने खदानों और खनिज भूमि पर रॉयल्टी और कर वसूली से जुड़े मामले में फैसला सुनाया था, जिसमें कहा गया था कि खनिजों पर कर लगाने का अधिकार राज्यों के पास है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा था कि खनिज संपन्न राज्य खनिजों और खनिज युक्त भूमि पर केंद्र सरकार से 12 साल में किस्तों में रॉयल्टी और कर वसूल सकती है।



### झारखंड के 4.79 लाख किसानों का ऋण माफ

**रांची।** झारखंड के 4 लाख 78 हजार 922 किसानों का ऋण माफ हो चुका है। कुल पांच लाख 35 किसानों का ई केवाइसी हो चुका है। बैंक में गलत डाटा अपलोड होने के कारण 19,128 किसानों का भुगतान विफल हो गया है। 1,985 किसानों की ऋण माफी की प्रक्रिया चल रही है।

**पांच जिलों में 100 करोड़ से अधिक ऋण माफी के लिए दी गई राशि :** राज्य के पांच जिलों में किसानों की ऋण माफी के लिए 100 करोड़ से अधिक की राशि दी गई है। देवघर में 134.63 करोड़,गढ़वा में 112.3 करोड़, हजारीबाग में 102.59 करोड़, पलामू में 125.81 करोड़ और रांची में 110.63 करोड़ की राशि दी गई।

किस जिले को कितनी राशि दी गयी : पेज 08

## बंगाल ने आलू रोका तो यूपी ने बढ़ाया सहयोग का हाथ

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा आलू की सप्लाई पर लगाई गयी रोक चौथे दिन भी जारी रहा। इधर आलू को लेकर राज्य सरकार ने गंभीरता दिखाते हुए बंगाल सरकार से बातचीत जरूर की है, लेकिन इसका फलाफल निकलता हुआ नहीं दिख रहा है। ऐसी परिस्थितियों में झारखंड के बाजारों में आलू की सप्लाई जारी रखने के लिए व्यवसाईयों ने उत्तर प्रदेश का रूख किया है। पश्चिम बंगाल के बजाय अब झारखंड के बाजारों में अधिकांश आलू उत्तर प्रदेश से आ रहे हैं। हालांकि पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश के आलू स्वाद में अंतर होने की वजह से बंगाल के आलू की डिमांड अधिक है। इसके बावजूद व्यवसायी वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए उत्तर प्रदेश और पंजाब से आलू मंगवाकर झारखंड के लोगों को मुहैया कराने में जुटे हैं।

आलू प्याज विक्रेता संघ के अध्यक्ष मदन कुमार कहते हैं कि रांची के पंडरा बाजार समिति में हर दिन करीब 600 टन आलू की सप्लाई होती है, जो ओडिशा बॉर्डर तक यहां से जाता है। शेष पेज 08 पर



### मुख्य सचिव अलका तिवारी ने उपायुक्तों को दिए निर्देश

इधर मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सभी जिला उपायुक्त को आलू कि किल्लत ना हो इसपर नजर रखने को कहा है। इसके बाद रांची उपायुक्त ने व्यवसायियों के साथ बैठक कर स्टॉक की जानकारी ली और राजधानी में आलू की उपलब्धता बनी रहे इसके निर्देश दिए। बहरहाल बंगाल से सप्लाई रोके जाने के बाद उत्तर प्रदेश और पंजाब से आलू सप्लाई होने से झारखंड को फिलहाल राहत जरूर मिली है। मगर तीन दिनों के अंदर प्रति बोरा 400 रुपए की वृद्धि ने आम लोगों के पॉकेट पर जरूर असर डाला है।

## साहिबगंज में पेट्रोल पंप मालिक की गोली मारकर हत्या, अपराधी 15 लाख लेकर फरार

**साहिबगंज।** झारखंड के साहिबगंज के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र में दो नकाबपोश अपराधियों ने गंगोत्री फिलिंग स्टेशन के मालिक शालिग्राम मंडल को गोली मार दी। घायल शालिग्राम को आनन-फानन में राजमहल अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**शालिग्राम बैंक जा रहे थे पैसे जमा करने :** जानकारी के मुताबिक राजमहल मेन रोड के लालवन बाइपास के पास सोमवार को नकाबपोश अपराधियों ने लगभग 10:45 बजे मंडल कोच बस और गंगोत्री फिलिंग स्टेशन बभनगामा के मालिक शालिग्राम मंडल की गोली मारकर हत्या कर दी। राजमहल थाना क्षेत्र दलाही गांव निवासी शालिग्राम मंडल रोज की तरह तीनपहाड़ अस्थायी बस स्टैंड गए। उसके बाद अपने गंगोत्री फिलिग स्टेशन बभनगामा से लाखों रुपए नगद लेकर भारतीय स्टेट बैंक परारिया के लिये निकल गए। जैसे ही वह लालवन बाईपास पार किये, दो नकाबपोश अपराधियों ने उनको साइड से सटा कर गोली मार दी, जिससे वह वहीं गिर गए। शेष पेज 08 पर





### लातेहार में बदमाशों ने कोयला लदे दो हाइवा को किया आग के हवाले

**लातेहार।** लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के कुसमाही रेलवे कोल साइडिंग के पास बीती रात अपराधियों ने जमकर उत्पात मचाया है। इस दौरान अपराधियों ने दो वाहनों को भी आग के हवाले कर दिया। फिलहाल घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम पूरे मामले की जांच कर रही है। शेष पेज 08 पर

## हजारीबाग में बेखौफ अपराधियों ने की प्रखंड प्रमुख के पति की हत्या, इलाके में दहशत

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला में अज्ञात अपराधियों ने सरेआम कटकमदाग प्रखंड प्रमुख विनीता कुमारी के पति उदय साव की गोली मारकर हत्या कर दी। ये वारदात शहर के झील परिसर के आसपास की है। बताया जा रहा है अपराधियों नें सिर पर गोली मारी, जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद उदय साव को एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मामले की सूचना मिलते ही हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह और जिले के कई आला अधिकारी अस्पताल पहुंचे और परिवार से घटना की जानकारी ली। एसपी के अनुसार अपराधियों को पकड़ने के लिए शहर में पेट्रोलिंग तेज कर दी गई है। जानकारी के अनुसार उदय साव झील परिसर पहुंचे थे, जहां उनपर हमला हुआ। पुलिस सभी एंगल से मामले की जांच कर रही है। शेष पेज 08 पर



## सुखबीर बादल देंगे झाड़ू, जूठे बर्तन भी करेंगे साफ

### अकाल तख्त ने सुनाई सजा

**अमृतसर।** सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था अकाल तख्त ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल को साल 2015 में गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम का पक्ष लेने के लिए गुरुद्वारे में रसोई और वॉशरूम की सफाई की सजा सुनाई है।

**सुखबीर सिंह बादल को क्या सजा मिली? :** 3 दिसंबर को वे दरबार साहिब में श्रद्धालुओं के लिए बनाए गए वॉशरूम की सफाई करेंगे। स्वर्ण मंदिर में 1 घंटे लंगर और बर्तन साफ करने की सेवा दी जाएगी। शेष पेज 08 पर



### सुखबीर बादल ने कौन से 'गुनाह' कबूले?

- राम रहीम के खिलाफ केस वापस लेना
- सुखबीर बादल ने डेरामुखी से माफी मांगी
- बरगाड़ी कांड में सिख युवक की हत्या
- 2012 में पंजाब पुलिस के डीजीपी के तौर पर सुमेध सैनी की नियुक्ति

## यूपी का नया जिला बना महाकुंभ मेला

**उत्तर प्रदेश।** उत्तर प्रदेश का नया जनपद महाकुंभ मेला बना दिया गया है, इस तरह से कुल जिलों का आंकड़ा यूपी में 76 पहुंच चुका है। असल में महाकुंभ का आयोजन और ज्यादा प्रभावशाली तरीके से हो सके, सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा सके, इसी बात का ध्यान रखते हुए महाकुंभ मेला को नया जिला बना दिया गया है। अब क्योंकि नए जिले का एलान कर दिया गया है, ऐसे में यहां पर एक नए डीएम की नियुक्ति भी तत्काल प्रभाल से कर दी गई है। महाकुंभ जिले में विजय किरन आनंद को नया डीएम बनाया गया है, वहीं राजेश द्विवेदी एसएसपी की भूमिका निभाने वाले हैं। बड़ी बात यह है कि जिला कलेक्टर के पास कानून के मुताबिक कई शक्तियां होने वाली हैं। वैसे एक समझने वाली बात यह है कि जिस नए जिले का एलान किया गया है, यह सिर्फ स्थाई समय के लिए रहने वाला है। असल में जब भी महाकुंभ का वक्त करीब आता है, सरकार इसे एक नया जिला घोषित कर देती है। श्रद्धालुओं की संख्या क्योंकि इतनी ज्यादा रहती है, ऐसे में किसी शहर के बसाने जितनी मेहनत और इंतजाम करने पड़ते हैं। इसी वजह से मेला अवधि के दौरान तक महाकुंभ एक नए जनपद के रूप में काम करेगा। यहां चार नए तहसील भी बनाए गए हैं- सदर, सोरांव, फूलपुर और करछना।

अब व्यवस्थाओं को तो दुरुस्त किया ही जा रहा है, महाकुंभ को लेकर सुरक्षा का भी पूरा ख्याल रखा जा रहा है। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत प्रयागराज में स्थापित 2,700 से अधिक हाई-डेफिनिशन सीसीटीवी कैमरों के नेटवर्क, एआई-संचालित सीसीटीवी इकाइयों, ड्रोन और पोल से बंधे ड्रोनों का उपयोग किया जा रहा है। यह निगरानी व्यवस्था 13 जनवरी से शुरू होने वाले 45 दिवसीय महाकुंभ के दौरान सक्रिय रहेगी। शेष पेज 08 पर

### जिलों की संख्या हुई 76




## क्रेशर फायरिंग मामले में सुजित सिन्हा गिरोह के छह अपराधी हुए गिरफ्तार



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

### पलामू

**पलामू।** पलामू जिले में क्रेशर मालिकों को मिल रही धमकियों और क्रेशर पर हुई फायरिंग मामले में पुलिस ने संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में पुलिस ने हथियार सहित 6 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि, जिले में क्रेशर मालिकों को रंगदारी के लिए मिल रही धमकियों और 29 नवंबर 2024 की रात चैनपुर थाना अंतर्गत डोकरा-चांदो स्थित क्रेशर पर हुई फायरिंग की घटना के सिलसिले में पुलिस अधीक्षक पलामू ने एक विशेष टीम का गठन किया था। इसके बाद टीम लगातार छापेमारी कर रही थी। शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त

### रातू : पुलिस ने चोरी के आरोपी को भेजा जेल

**रातू।** पुलिस ने थाना कांड संख्या 385/24 के नामजद अभियुक्त 19 वर्षीय अनीसुर्रहमान अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गुमला जिले के अम्बवा निवासी रुष्टम अंसारी का पुत्र अनीसुर्रहमान फिलहाल पुंदाग के परवेज अंसारी के घर किरायेदार है। उस पर 28 नवंबर की रात फुटकलटोली स्थित जामिया नगर के मो वसीम खान की दुकान में नकद समेत कीमती सामान की चोरी करने का आरोप है। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है।

### दोकाद में मनाई गई शहीद की पुण्यतिथि



**राहे।** प्रखंड के दोकाद पंचायत में सोमवार को झारखंड पुलिस के शहीद जवान घासीराम महतो का 18 वां पुण्यतिथि सम्मान के साथ मनाया गया। परिजनों और ग्रामीणों ने शहीद घासीराम महतो के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सम्मान के पुष्प अर्पित किये। परिजनों ने कहा कि शहीद के सम्मान के लिये उनके सोच को गांव में स्थापित करना होगा। मौके पर शहीद के पिता लक्ष्मण महतो ,माता शिवानी देवी, बहनें उषा देवी,नम्रता कुमारी, रीता कुमारी,संजय महतो,मणिलाल महतो,के अलावे जेएलकेएम उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो,उमेश महतो,विनोद महतो,क्षेत्र मोहन महतो, अनिल महतो,सुभाष महतो, आदि मौजूद थे।

### हिंसा के खिलाफ महिलाओं ने निकाला कैंडल मार्च

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों में महिला समूहों के द्वारा लिंग हिंसा के खिलाफ कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान ककरिया में कार्यक्रम का नेतृत्व बीपीएम सबिता सांगा जीसीआरपी बिरिजनीया बालमोच व चांदमुनी के द्वारा किया गया। इस दौरान महिलाएं हाथों में बैनर व मोमबत्ती लिए लिंग हिंसा पर आधारित नारे लगाए मौके पर बीपीएम संगिता सांगा ने कहा कि लिंग हिंसा के खिलाफ सभी महिलाएं एक स्वर में आवाज उठाएं। बेटे व बेटियों के जन्म में फर्क न करें। बेटियों पर घरेलू हिंसा छोड़े साथ ही दहेज प्रताड़ना बंद करें। इस दौरान महिलाओं को सम्मान अधिकार दो, बेटी पढ़ाओ, बेटी बढ़ाओ जैसे नारे लगाए गए ।

### कार्यशाला का हुआ आयोजन

**रामगढ़** । नई चेतना 3.0 लैंगिक हिंसा के विरुद्ध जेंडर अभियान का दिनांक 25 नवंबर 2024 से 23 दिसंबर 2024 तक संचालित है।इस अभियान के अंतर्गत जेएसएलपीएस रामगढ़ द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को जेएसएलपीएस रामगढ़ के जिला कार्यालय में संबंधित एक्ट, कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध एवं निवारण अधिनियम 2013 के संबंध में कार्यशाला का अयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ की अधिवक्ता मंजूरी चाकी द्वारा कार्यशाला में इस अधिनियम के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी और आंतरिक शिकायत कमिटी के गठन की जानकारी दी गई। कार्यशाला में जेएसएलपीएस के पदाधिकारी, कर्मी एवं सभी प्रखंडो के प्रखण्ड कार्यकम प्रबन्धक उपस्थित थे।

# रामगढ़ में होटल मालिक के घर से चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

▶ 14.31 लाख नकदी और आभूषण बरामद

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** शहर केवीएस होटल के मालिक संजीव चड्ढा के घर से चोरी गए 14.3 1 लाख रुपये और जेवर पुलिस ने बरामद कर लिए हैं। इस मामले की जानकारी सोमवार की शाम प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एसपी अजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि चोरी करने वाले आकाश धनक को उसके पैतृक गांव मध्य प्रदेश के सागर जिला अंतर्गत मोती नगर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने 48 घंटे के अंदर ही यह सफलता हासिल की है। एसपी ने बताया कि 28 नवंबर की रात आकाश धनक ने चोरी की इस वारदात को अंजाम दिया था। 29 नवंबर को जब संजीव चड्ढा का परिवार शादी समारोह से घर लौटा तो उन्हें इस चोरी का पता चला। पुलिस को जैसे ही सूचना मिली तत्काल चोर की पहचान कर ली गई।



**टेक्निकल सेल से चोर के घर का लगा पता**

एसपी ने बताया कि टेक्निकल सेल की सहायता से इस बात का पता भी लगा लिया गया कि आकाश धनक अपने घर संत कबीर नगर में ही छुपा हुआ है। तत्काल पुलिस की टीम वहां गई और छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आकाश ने चोरी के रुपये और जेवर अपने घर के छत पर ही छुपा कर रखे थे। जिस जगह पर बैग रखा गया था, पुलिस ने उसे बरामद किया। उस बैग से 14.31 लाख रुपये मिले। इसके अलावा 22 जोड़ी जेवर भी मिले हैं, जिसमें कंगन, चूड़ी, कड़ा, चांदी का बिस्किट, चांदी का नोट, टॉप्स, लॉकेट, चेन, मंगलसूत्र, पायल, चांदी का सिक्का, चांदी का बिस्किट, सोने का सिक्का आदि शामिल है।

### रामगढ़ एसपी को व्यापारियों ने किया सम्मानित

48 घंटे में चोरी की वारदात का उद्भेदन करने के लिए रामगढ़ जिले के व्यापारियों ने एसपी अजय कुमार को सम्मानित किया। होटल वेव्स के मालिक संजीव चड्ढा ने इस दौरान पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि बेहद कम समय में पुलिस ने काफी संवेदनशीलता से इस चोरी की घटना पर काम किया है। रामगढ़ एसपी के सक्रियता से चोर मध्य प्रदेश से पकड़ा गया, यह एक बड़ी बात है। साथ ही चोरी का सारा सामान भी पुलिस ने बड़ी तत्परता से बरामद किया। पुलिस की इस भूमिका ने रामगढ़ की व्यवसायियों में सुरक्षा का माहौल पैदा किया है।

## विद्यालय परिसर में मोबाइल टावर निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध

**सांसद और उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन**

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** अड़की प्रखंड के सुदूरवर्ती पहाड़ी क्षेत्र में अवस्थित राजकीय मध्य सह उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय तुबिल परिसर में एयरटेल कंपनी के टावर निर्माण कार्य का ग्रामीणों ने विरोध करते हुए विद्यालय परिसर से बाहर किसी दूसरी जमीन पर टावर निर्माण कराने की मांग की है। इसे लेकर सोमवार को उक्त क्षेत्र से बड़ी संख्या में ग्रामीण खूंटी पहुंचे और सांसद कालीचरण मुंडा तथा उप विकास आयुक्त सह प्रभारी उपायुक्त श्याम नारायण राम को ज्ञापन सौंप कर विद्यालय परिसर में किया जा रहे टावर निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की।

टावर निर्माण कार्य का विरोध कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि दक्षिणी अड़की के सुदूरवर्ती पहाड़ी क्षेत्र में अवस्थित उक्त एकमात्र विद्यालय में कक्षा एक से 12वीं तक के बच्चे पढ़ाई करते हैं। ऐसे में विद्यालय परिसर के बीच में ? ठेकेदार द्वारा मनमाने ढंग से टावर निर्माण कार्य शुरू किए जाने से भविष्य में विद्यालय के भवन निर्माण सहित अन्य विकास के कार्य प्रभावित हो सकते हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि टावर निर्माण कार्य को लेकर ठेकेदार द्वारा न तो विद्यालय शिक्षा समिति से कोई बात की गई और न ही ग्रामसभा से अनुमति ली गई। ठेकेदार द्वारा मनमाने ढंग से विद्यालय परिसर के एक जर्जर भवन को गिराकर उसी स्थान पर मोबाइल टावर निर्माण के लिए खुदाई का काम शुरू कर दिया गया। ठेकेदार के इस मनमाने रवैए से आसपास गांव के ग्रामीणों में काफी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय परिसर के अलावा किसी दूसरी जगह पर टावर का निर्माण कराया जाए, ताकि भविष्य में बच्चों की पढ़ाई में कोई परेशानी उत्पन्न न हो।

## बिजुलिया तालाब में घटिया ईटों से बनाया जा रहा स्नान घर

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

रामगढ़। शहर का बिजुलिया तालाब शहर का हृदय स्थल माना जाता है। आज भी किसी को मॉर्निंग वॉक करना हो या अपना सेहत बनाना हो, तो वह सबसे पहले बिजुलिया तालाब की तरफ ही रुख करता है।

इस स्थान के सौंदर्यीकरण और तालाब में आने वाले लोगों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन ने करोड़ों रुपए खर्च कर दिए हैं। कहीं बेहतर तट और पगडंडी बनाए गए हैं, तो कहीं ओपन जिम की व्यवस्था की गई है। यहां तक की बिजुलिया तालाब में शौचालय और कैंटीन की भी व्यवस्था की गई थी। वर्तमान में यहां स्नान करने वाले लोगों के लिए एक स्नान घर भी बनाया जा रहा है लेकिन वह भी भ्रष्टाचार की बलि चढ़ता दिखाई दे रहा है। ठेकेदार के द्वारा घटिया ईटों से स्नान घर बनाया जा रहा है। वहां रखी गई ईंटे खुद-ब-खुद अपने हालात बयां कर रही हैं। ऐसा लग रहा है जैसे भट्टे के बाहर कचरे के भाव में बिकने वाले ईंट को खरीद कर यहां लाकर रख दिया गया है। स्थानीय लोगों ने इस मुद्दे को काफी गंभीरता से लिया है। जिला प्रशासन के अधिकारियों का ध्यान इस आकृष्ट करने का प्रयास शुरू कर दिया है। शहर वासियों ने घटिया ईंटों से बन रहे स्नान घर को लेकर ठेकेदार पर कार्रवाई करने की मांग की है।



### खूंटी में जागरूकता रैली का आयोजन

**खूंटी।** विश्व एड्स दिवस पर सोमवार को सदर अस्पताल खूंटी में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। संक्रामक एवं जानलेवा बीमारी एड्स के प्रति लोगों में जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित रैली को खूंटी के सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।मौके पर रांची के सिविल सर्जन डॉक्टर प्रभात कुमार ने एड्स की रोकथाम के लिए बाजार, जेल, धार्मिक स्थानों सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जागरुकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि जिन चीजों से एड्स का वायरस फैलता है, उनसे बचने की जरूरत है। अनसेफ सेक्स प्रेक्टिस को रोकने की आवश्यकता है, जो इसके फैलने का प्रमुख कारण है। इस विषय पर युवाओं को जागरूक और सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एड्स संक्रमित मरीजों से लोगों को भेदभाव नहीं करना चाहिए, बल्कि उनसे सहानुभूति रखनी चाहिए और अच्छा व्यवहार करना चाहिए।

## पीवीयूएनएल ने सामुदायिक कौशल विकास को लेकर शुरू किया मशरूम खेती प्रशिक्षण

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**पतरातू** । पीवीयूएन लिमिटेड ने आसपास के गांवों की स्थानीय महिला किसानों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक सप्ताह का मशरूम खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को शुरू किया। यह पहल समुदाय को कौशल प्रदान करने और वैकल्पिक आजीविका के अवसर उत्पन्न करने की कंपनी की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सीईओ पीवीयूएनएल आरके सिंह, स्वर्णरिखा महिला समिति अध्यक्ष रीता सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।




इस दौरान सभी विभाग प्रमुख और स्वर्णरिखा महिला समिति के सदस्यों उपस्थित रहे। इस दौरान आरके सिंह ने कहा कि पीवीयूएनएल स्थानीय समुदाय के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आजीविका संबंधी कार्यक्रम स्थायी विकास और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बताया गया कि मशरूम खेती का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही किसानों की सफलता सुनिश्चित करने के लिए फॉलो-अप सहायता और बाजार से जोड़ने में मदद भी की जाएगी। इसके साथ ही पीवीयूएन द्वारा अपने व्यापक सामुदायिक विकास एजेंडे के तहत दो महीने का एसी और वॉटर पंप की मरम्मत कार्यक्रम भी इसी सप्ताह आयोजित करेगा। इसमें भाग लेने के इच्छुक युवा अपने संबंधित ग्राम मुखिया से समन्वय कर सकते हैं। साथ ही तीन महीने का ब्यूटीशियन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी शुरू किया है, जिसे स्वर्णरिखा महिला समिति के सहयोग से चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य महिलाओं को सौंदर्य और वेलनेस क्षेत्र में स्वरोजगार के लिए कौशल प्रदान करना है। इसके अलावा आने वाले महीनों में स्थानीय युवाओं को भारी मोटर वाहन चलाने का एक और प्रशिक्षण देने की भी योजना है।

## सेवानिवृत्त होने पर बीएसओ व प्रखंड कृषि पदाधिकारी को दी गई विदाई

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**ओरमांझी :** सेवानिवृत्त होने पर बीएसओ रामस्वरूप भगत व प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी विजय टोप्पो को प्रखंड सभागार में दोनों प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में सोमवार को बीएसओ के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें भावभीनी विदाई दिया गया।

इस विदाई समारोह की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया ने तथा मंच का संचालन एजीएम संजीव विक्रांत केरकेट्टा ने किया। समारोह के दौरान सेवानिवृत्त बीएसओ को अंगवस्त्र, फूलमाला पहना कर व बुके देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सरकारी कर्मी को एक दिन सेवानिवृत्त होना सुनिश्चित होता है। उन्होंने बीएसओ रामस्वरूप भगत व विजय टोप्पो की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनका कार्यकाल काफी सराहनीय रहा है। इनके सेवानिवृत्त होने से हम लोगों को इनकी कमी खलेगी। वहीं, सेवानिवृत्त बीएसओ रामस्वरूप भगत ने कहा कि मुझे ओरमांझी की डीलर की ओर से ढ़ेर सारा प्यार और स्नेह मिला है। जिसे मैं कभी भुला नहीं पाऊंगा। अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में मुझे यहां अपनापन लगने लगा। मौके पर मुख्य रूप से सहायक अभियंता प्रदीप कुमार संजीव केरकेट्टा संजय उरांव रमन कुमार रमेश चंद्र मंडल, आदित्य कुमार साहू, जहूर अंसारी, समाजसेवी मुमताज आलम आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## बच्चों ने किया रीमिक्स फॉल और बायोडायवर्सिटी पार्क का भ्रमण

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बेडो।** प्रखंड के जरिया गांव स्थित स्वर्ण डीपीएस स्कूल के छात्रों ने शैक्षिक यात्रा के तहत प्रकृति के बीच स्थित पहाड़ों से घिरे रीमिक्स फॉल और बायोडायवर्सिटी पार्क का भ्रमण किया।

यह यात्रा छात्रों के लिए न केवल एक मनोरंजन का अवसर थी, बल्कि पर्यावरण और जैव विविधता के महत्व को समझने का एक बेहतरीन अवसर भी था। रीमिक्स फॉल की सुंदरता और बायोडायवर्सिटी पार्क में विविध वनस्पतियों और जीवों का दौरा छात्रों के लिए एक बेहतर जानकारी हासिल किया। छात्रों ने पार्क में अलग-अलग पौधों और जानवरों के बारे में जानकारी प्राप्त की और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझा।इस दौरान, स्कूल के निर्देशक दीपम बनर्जी, उप-प्राचार्य सोनम प्रसाद समेत शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्रों को जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। छात्रों ने फॉल के पानी में नहाकर और जंगल के सुंदर दृश्यों का आनंद लेकर इस शैक्षिक भ्रमण को यादगार बना दिया। वही स्कूल प्रशासन ने कहा कि इस तरह के भ्रमण छात्रों को न केवल शैक्षिक दृष्टि से बल्कि मानसिक और शारीरिक रूप से भी सशक्त बनाने में मदद करते हैं। वहीं निदेशक दीपम बनर्जी ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता पैदा करना और उन्हें प्राकृतिक संसाधनों के महत्व का अहसास कराना था। बच्चों के साथ शिक्षिका प्रेमिका लकड़ा, श्वेता वर्मा,शिवानी कुमारी, सोनम कुमारी,संध्या साहू समेत सभी का सराहनीय योगदान दिया।



### अब ग्राम पंचायतों में ही जमा होंगे पेंशन के आवेदन

**बेड़ो** । राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली विभिन्न पेंशनों के आवेदन लेकर प्रखंड कार्यालय आने वाले लोगों को अब परेशानी नहीं होगी। इसको लेकर बीडीओ राहुल उरांव ने सोमवार को आमजनों व ग्रामीणों की सुविधा के लिए एक आदेश जारी किया है। इसके अंतर्गत प्रखंड के सभी पंचयात भवन में गुरुवार के दिन मईया सम्मान योजना,वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन जन्म,मृत्यु, जॉब कार्ड,राशनकार्ड आदि का आवेदन प्रत्येक गुरुवार को सभी पंचायत भवनों में लिए जाएंगे। उक्त जानकारी जेई सदाम अंसारी ने दी।

### चोरी कांड के उद्भेदन में रामगढ़ प्रशासन की सक्रियता प्रशंसनीय : कमल बगड़िया



**रामगढ़** । शहर के होटल वेव्स चोरी कांड के उदभेदन में रामगढ़ पुलिस प्रशासन ने जो सक्रियता दिखाई है वह अत्यंत प्रशंसनीय है। इससे रामगढ़ की जनता का पुलिस प्रशासन पर विश्वास बढ़ा है। यह बात 2 दिसम्बर को समाजसेवी कमल बगड़िया ने कही । उन्होंने कहा की इस कांड के उदभेदन के लिए पुलिस अधीक्षक अजय कुमार एवं उनके सहयोगी टीम के थाना प्रभारी कृष्ण कुमार एवं उनकी टीम को हार्दिक धन्यवाद। आशा करता हूं कि भविष्य में भी इसी तरह की सक्रियता रहने से अपराधियों का मनोबल गिरेगा। इसके लिए वेव्स परिवार के संजीव चड्ढा ने भी पुलिस परिवार की भूरी भूरी प्रशंसा की है। समाजसेवी श्री बगड़िया ने कहा की रामगढ़ की पूरी जनता इस कार्य से अत्यंत ही प्रसन्नता के साथ पुलिस प्रशासन का आभार प्रकट करती है।

### मातृ संस्था जन आकांक्षा सोसाइटी एवं महाविद्यालय प्रबन्धन समिति ने प्रशिक्षुओं को दीं शुभकामनाएं

**रामगढ़।** डॉ. एस राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, लारी, रामगढ़ के बीएड सत्र 2022-24 का अन्तिम, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग द्वारा प्रकाशित परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। जिसमें प्रथम स्थान पर दिव्या रानी 83.35%, द्वितीय सिन्धु कुमारी 83.28% और तृतीय स्थान पर सुदीप्ता अवस्थी 82.35% रही। मातृ संस्था जन आकांक्षा सोसाइटी के सचिव मनिकांत सिन्हा, महाविद्यालय प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार एवं महाविद्यालय प्रबन्धन समिति के सचिव संजय कुमार प्रभाकर ने सभी प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही महाविद्यालय के प्रशासक डॉ. सुशील कुमार उपाध्याय, प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा एवं बीएड शिक्षकों में रंजु वंदना होरो, नयन कुमार मिश्रा, संजु रंजना होरो, मो. परवेज अख्तर, डॉ. अशोक राम, डीएलएड प्रभारी विभागाध्यक्ष सुप्रिया बर्मन, मुरारी कुमार दुबे, बाबुचन्द प्रसाद, सतीश कुमार बिन्द आदि ने प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सिल्ली कैंपस में 50 प्रतिशत अनुदान पर गेहूं बीज वितरण का हुआ शुभारंभ



**सिल्ली।** प्रखंड परिसर स्थित सिल्ली लैम्पसम में सोमवार को किसानों के बी 50 प्रतिशत सरकारी अनुदान पर गेहूं बीज वितरण किया गया । कीसानो के बीच बीज वितरण का शुभारंभ जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, उप प्रमुख आरती देवी, बीडीओ अनिल कुमार,लैम्पस अध्यक्ष सुरेश मुंडा, नगेन्द्र नाथ गोस्वामी, अखिल महतो आदि ने किया। कैम्पस के गोपाल कोइरी ने बताया कि 300 क्वींटल गेहूं बीज वितरण के लिए उपलब्ध है। वैसे किसान जिनका पंजीकरण नहीं हुआ है वे पंजीयन के लिए आधार कार्ड, जमीन की रसीद और अपने मोबाइल के साथ आकर कार्य दिवस में पंजीयन कराकर बीज ले सकते हैं। इस मौके पर जेई मनीष कुमार, रमजान मोमिन, अघनु कोइरी समेत कई किसान उपस्थित थे।

## हॉकी टूर्नामेंट में लोयोला हाई स्कूल खूंटी बना उपविजेता

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** संत मेरी स्कूल सिमडेगा में आयोजित रांची जेसुइट हॉकी टूर्नामेंट में लोयोला हाई स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हाई स्कूल बालक वर्ग में उपविजेता का खिताब अपने नाम किया।

अपने पुल के लीग मैचों में लोयोला हाई स्कूल की टीम संत इग्नेशियस हाई स्कूल गुमला, संत अन्ना स्कूल सिमडेगा, बारडीह हाई स्कूल तथा संत मेरी स्कूल सामटोली को हराकर फाइनल में पहुंची। फाइनल मैच में लोयोला हाई स्कूल का मुकाबला संत मेरी स्कूल सिमडेगा से हुआ, जिसमें लोयोला हाई स्कूल की टीम 0-2 से पराजित हुई। लोयोला हाई स्कूल के खिलाड़ी अमित को बेस्ट प्लेयर का खिताब मिला। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर लोयोला हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक फादर नेल्सन मिंज, सुपीरियर फादर अमृत लकड़ा, लोयोला इंटर कॉलेज के प्राचार्य फादर बिमल मिंज सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं।



## संक्षिप्त

### परीक्षा देने रांची आयी छात्रा के साथ होटल में छेड़खानी

**रांची :** पश्चिम बंगाल से परीक्षा देने आयी नाबालिग छात्रा के साथ होटल में छेड़खानी का मामला सोमवार को प्रकाश में आया है। घटना रांची के कटहल मोड़ स्थित एक होटल की है, जहां बदमाशों ने कमरे में घुसकर लड़की के साथ छेड़खानी की। इस मामले में छात्रा के पिता ने नगड़ी थाना में मालदा के शुभेंदु मंडल, शांतनु मंडल, तमिलनाडु के अभिषेक दत्ता, अर्कापराव दत्ता और सोमनाथ शर्मा पर केस किया है। उनका आरोप है कि लड़कों ने उनकी बेटी की आपत्तिजनक तस्वीर खींची और उसे ब्लैकमेल किया। जानकारी के अनुसार, छात्रा कटहल मोड़ के काव्यन रेसीडेंसी में ठहरी थी। वह आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी में परीक्षा देने आयी थी। रात में जब पिता खाना खाकर लौटे तो वह उनसे लिपटकर रोने लगे। यह घटना 16 सितंबर की है। इस मामले में करीब ढाई महीने बाद 29 नवंबर को प्राथमिकी दर्ज की गयी है। थाना प्रभारी अभिषेक राय ने बताया कि पूरे मामले की गहन जांच-पड़ताल की जा रही है।

### आलमगीर आलम की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई पूरी

**रांची :** टेंडर कमीशन घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की डिस्चार्ज पिटीशन पर पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में सोमवार को सुनवाई पूरी हो गई। कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रखा है। मामले में आरोपितों पर आरोप गठित होना है। इससे पहले खुद पर लगे आरोप को मुक्त कराने के लिए आरोपितों के जरिये डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल किया गया है। मामले में ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम और उनके परिजन सहित कई सहयोगियों की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज हो चुकी है। 15 मई को ईडी ने आलमगीर आलम को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद से वे जेल में बंद है। टेंडर आवंटन में कमिशन लेने का उनपर आरोप है। टेंडर कमीशन घोटाला मामले को लेकर ईडी ने सबसे पहले 21 फरवरी, 2023 को बड़ी कार्रवाई की थी। निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के रांची जमशेदपुर पटना और दिल्ली सहित कई ठिकाने पर छापेमारी की थी। छापेमारी के बाद वीरेंद्र राम सहित अन्य को ईडी ने गिरफ्तार किया था। ईडी की दूसरी बड़ी कार्रवाई 6 और 7 मई को हुई थी। इसमें कई इंजीनियर, कांट्रेक्टर ठेकेदार और पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के पीएस के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की थी। आलमगीर आलम पीएस संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के ठिकाने से 32 करोड़ कैश बरामद हुए थे। इसके बाद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम से दो दिनों की पूछताछ के बाद ईडी ने 15 मई को गिरफ्तार कर लिया था।

### विश्व विकलांगता दिवस तीन दिसम्बर को

**रांची :** इंडिया पैरालंपिक कमिटी ऑफ झारखंड के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर सह झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि विश्व विकलांगता दिवस हर वर्ष 3 दिसंबर को मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य समाज में विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों, उनके लिए अवसरों और सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देना है। इस दिवस की शुरूआत 1992 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई थी। इसके पीछे मुख्य उद्देश्य विकलांग व्यक्तियों के प्रति समाज का दृष्टिकोण बदलना और उन्हें समान अवसर प्रदान करना है, ताकि वे अपनी पूरी क्षमता के साथ जीवन जी सकें। विकलांगता सिर्फ शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक और संवेदनात्मक भी हो सकती है। विकलांगता का सामना करने वाले लोग किसी भी उम्र के हो सकते हैं और उनकी चुनौतियां अलग-अलग हो सकती हैं।

## झारखंड विस चुनाव में हारी सीटों पर कांग्रेस करेगी समीक्षा, जिलावार समितियां गठित

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव-2024 में कांग्रेस ने जिन सीटों पर हार का सामना किया है, उनकी समीक्षा के लिए प्रदेश कांग्रेस ने पहल शुरू कर दी है।

प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने सोमवार को कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने जिलावार वरिष्ठ कांग्रेसजनों की समितियां गठित की हैं। इन समितियों को हार की परिस्थितियों और कारणों का विश्लेषण करने का जिम्मा सौंपा गया है। समितियां जिलाध्यक्षों, प्रखंड और मंडल स्तर के



नेताओं और संबंधित संगठनों के साथ बैठक करेंगी। समितियां जिलास्तरीय कार्यकताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक कर हार के पीछे के राजनीतिक, सामाजिक और क्षेत्रीय कारणों का विश्लेषण करेंगी। पार्टी नेतृत्व को सुझाव और सिफारिशें प्रस्तुत की जाएंगी ताकि भविष्य में रणनीतिक सुधार किए जा सके।

### जिलावार समितियां और उनके संयोजक

- **हजारीबाग में विधानसभा क्षेत्र :** हजारीबाग, बड़कागांव, बरही, मांडू- संयोजक : बंधु तिर्की, सदस्य : सुल्तान अहमद, रविन्द्र कुमार झा।
- **धनबाद विधानसभा क्षेत्र :** धनबाद, झरिया, बाघमार, संयोजक : शहजादा अनवर, सदस्य : अशोक चौधरी, जयशंकर पाठक।
- **पलामू विधानसभा क्षेत्र :** डाल्टेनगंज, विश्रामपुर, पांकी, संयोजक : रविन्द्र सिंह, सदस्य : भीम कुमार, बिनय सिन्हा दीपू।
- **पूर्वी सिंहभूम विधानसभा क्षेत्र :** जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, संयोजक : ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह, सदस्य : रमा खलखो, आलोक कुमार दूबे।
- **दुमका एवं देवघर, विधानसभा क्षेत्र :** जरमुंडी संयोजक : राजीव रंजन प्रसाद, सदस्य : अमूल्य नीरज खलखो, डॉ. एम. तौसीफ।
- **रांची विधानसभा क्षेत्र :** हटिया संयोजक : रामाश्रय प्रसाद, सदस्य : अजय सिंह, जवाहर लाल महथा।

## माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण से हो रही स्वास्थ्य समस्याओं पर चिंता जाहिर

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** नेशनल पॉल्यूशन प्रिवेंशन डे के मौके पर इंडिया क्लीन एयर नेटवर्क (आईकैन) ने प्लास्टिक प्रदूषण और माइक्रोप्लास्टिक से जुड़ी गंभीर स्वास्थ्य चिंताओंताओं पर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। सम्मानित डॉक्टरों के एक पैनल ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और पर्यावरणीय स्थिरता और सार्वजनिक स्वास्थ्य के बीच संबंध को लेकर चर्चा की।

**जानें किसने क्या कहा**

मौके पर डॉ. गगन गुंजन ने कहा कि, माइक्रोप्लास्टिक जिसमें हानिकारक रसायन होते हैं, हमारे शरीर के महत्वपूर्ण अंगों में जमा हो सकते हैं और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं, जैसे कैंसर और हृदय रोग का कारण बन सकते हैं। हमें प्लास्टिक उपयोग को कम करने, जागरूकता फैलाने और टिकाऊ समाधान अपनाने की दिशा में तुरंत कदम उठाने होंगे।

डॉ. अत्री गंगोपाध्याय ने कहा, हमारी सांस लेने की हवा की गुणवत्ता सीधे हमारे फेफड़ों के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है और प्लास्टिक प्रदूषण, विशेष रूप से माइक्रोप्लास्टिक, इसमें एक नया और चिंताजनक कारक बन गया है। यह अब न केवल पर्यावरणीय बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट बन चुका है। डॉ. ओपी महंसरिया ने कहा, बच्चे माइक्रोप्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील होते हैं। यह उनके विकासशील शरीर में जमा होकर हार्मोनल असंतुलन, प्रतिरक्षा प्रणाली में गड़बड़ी और मस्तिष्क विकास को प्रभावित कर सकता है।

आईकैन के सह-अध्यक्ष अजय मित्तल ने कहा, प्लास्टिक प्रदूषण और माइक्रोप्लास्टिक्स हमारे जीवन में चुपके से घुसपैठ कर चुके हैं, जो न केवल पर्यावरण बल्कि हमारे स्वास्थ्य को भी गहराई से प्रभावित कर रहे हैं।

आईकैन के रिपोर्ट के अनुसार, झारखंड में प्रति व्यक्ति ठोस कचरा उत्पादन 425 ग्राम प्रतिदिन है, जबकि रांची में यह 494 ग्राम है। रांची हर साल 365 टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न करता है। झिरी डंपिंग यार्ड, जो 41 एकड़ में फैला हुआ है, झारखंड के सबसे बड़े डंप यार्ड में से एक है, यहां लाखों टन कचरा जमा हो चुका है, जो मिट्टी और पानी को प्रदूषित करता है और स्वास्थ्य को खतरे में डालता है।



### राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद के सेमिनार में प्रदूषण को लेकर चर्चा

**झारखंड** राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद ने राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस 2024 के अवसर पर रांची के चाणक्य बीएनआर होटल के सभागार में एक सेमिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम में रांची शहर के विभिन्न स्कूली छात्रों ने राज्य के जाने माने शिक्षाविदों, पर्यावरण इंजीनियरिंग विशेषज्ञों, उद्योग जगत के दिग्गजों से जानकारी हासिल की। कार्यक्रम में सिंगल यूज वाली प्लास्टिक वस्तुओं का उपयोग, गैर बायो डिस्पोजेबल सामग्रियों का उपयोग नहीं करने की शपथ ली गयी। बता दें कि 1984 की भोपाल गैस त्रासदी में अपनी जान गंवाने वाले लोगों की याद में हर साल 2 दिसंबर को राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया जाता है। इस साल राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस 2024 की थीम स्वच्छ वायु, हरित पृथ्वी : सतत जीवन की और एक कदम है।

## झारखंड के खिलाड़ियों के लिए वन स्टॉप सॉल्यूशन है भाटिया स्पोर्ट्स : अजय नाथ



प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची :** झारखण्ड की राजधानी मे जीईएल चर्च शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, रांची में भाटिया स्पोर्ट्स एंड साइंटिफिक (1942 से) दूसरे शोरूम के भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि, अजय नाथ शाह देव ने फीता काट कर किया।

अपने दूसरे स्पोर्टस स्टोर के भव्य ऋषि रंजीत छाबड़ा ने कहा यह अत्याधुनिक स्टोर खेल की ऊर्जा और झारखण्ड की पहाड़ियों के अनूठे आकर्षण को एक साथ जोड़ता है, जो खेल प्रेमियों और फैशन के दीवाने ग्राहकों को एक बेजोड़ खरीदारी का अनुभव प्रदान करता है। खेल प्रेमियों के लिए एक गतिशील केंद्र के रूप में काम करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो उच्च प्रदर्शन वाले स्पोर्ट्सवियर और अत्याधुनिक खेल सामान की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। धावकों और बास्केटबॉल खिलाड़ियों से लेकर फुटबॉल के शौकीनों, फिटनेस के दीवानों, वीकेंड हाइकर्स और योग करने वालों तक, यह स्टोर अपने स्पोर्ट्स कपड़ों, जूतों और एक्सेसरीज के व्यापक संग्रह के साथ विविध एथलेटिक जरूरतों को पूरा करता है, जिसमें प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए नवीनतम तकनीकें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि रांची और झारखंड की जनता को जो खेल सामग्री कहीं नहीं उपलब्ध होता है वह हर समाधि यहां उपलब्ध रहेगी।

इस मौके पर बोलते हुए मुख्य अतिथि अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि 1942 से भाटिया भारत को झारखंड और रांची के लोग जानते हैं। आज के युवा खिलाड़ी किसी भी खेल के हो उन्हें उचित मूल्य पर यहां सभी तरह का सामान उपलब्ध होगा. इस मौके पर रोशन लाल भाटिया, चंपा भाटिया, मंजूर अहमद,अंसारी खुर्शीद हसन रूमी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## विस चुनाव के दौरान राष्ट्र विरोधी शक्तियों की भूमिका की उच्च स्तरीय जांच हो : भाजपा



प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव में राष्ट्र विरोधी शक्तियां सक्रिय रही। प्रतुल ने कहा कि जिस तरीके से भाकपा माओवादियों ने बयान जारी करके भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली गठबंधन की हार पर झारखंड की जनता को बधाई दी है, यह बहुत ही संदिग्ध है।

प्रतुल ने सोमवार को कहा कि मीडिया के अनुसार माओवादियों के पूर्वी रीजनल ब्यूरो के मुख्य प्रवक्ता आजाद ने बयान जारी कर भाजपा की हार पर हर्ष व्यक्त किया है। प्रतुल ने कहा कि का यह बेहद ही संदिग्ध मामला है क्योंकि इन्हीं नक्सलियों ने चुनाव से पहले पूरे प्रदेश में पर्चे बाँट कर चुनाव के बहिष्कार का आह्वान किया था। जो संगठन चुनाव में विश्वास नहीं रखता, वह किसी दल विशेष की पराजय से इतना खुश कैसे हैं? प्रतुल ने कहा, क्या चुनाव के समय ऐसे संगठनों ने पर्दे के पीछे से कोई बड़ा षड्यंत्र किया है? प्रतुल ने कहा कि आज तक ऐसा पूर्व में कभी नहीं हुआ है। जब माओवादी जैसे देश की एकता और अखंडता पर प्रहार करने वाले प्रतिबंधित संगठन ने किसी के चुनाव हारने पर ऐसी प्रतिक्रिया दी हो इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की आवश्यकता है।

प्रतुल ने कहा कि इसी तरीके से अवैध गतिविधियों में लिप्त कई एनजीओ की भूमिका भी संदिग्ध रही। राष्ट्र विरोधी कार्यों में लगे फॉरेन फंडिंग से फल-फूल रहे इन एनजीओ ने जमकर भाजपा या गठबंधन के प्रत्याशियों को हराने के लिए कार्य किया। ऐसे एनजीओ का उद्देश्य आम आदमी की सेवा करना ना होकर राजनीति में सीधा हस्तक्षेप होता है जो की दुर्भाग्यपूर्ण है।

प्रतुल ने कहा कि भाजपा इससे पूर्व भी कई बार धर्मांतरण सहित कई गलत चीजों को बढ़ावा देने वाली एनजीओ की जांच की मांग कर चुकी है। प्रतुल ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार से ऐसे एनजीओ की चुनाव के दौरान गतिविधियों की जांच कर इन पर लगाम लगाने की मांग की।

## रांची में रोहित हत्याकांड का खुलासा, दो गिरफ्तार



प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची :** दुर्गा पूजा के दौरान रोहित तिर्की की पीट-पीटकर हत्या करने वाले दो आरोपितों को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते दो आरोपितों मंतोष कुमार उर्फ मंटू और आयुष राज उर्फ अंकित कुमार को गिरफ्तार किया है।

सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गत 11 अक्टूबर को रोहित दुर्गा पूजा घूमने के लिए गया हुआ था। पूजा के दौरान कुछ आपराधिक किस्म के युवकों से उसका विवाद हो गया। विवाद के बाद युवकों ने रोहित के साथ मारपीट की।

मारपीट में रोहित बुरी तरह से जख्मी हो गया। रोहित को अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। रोहित की हत्या से आक्रोशित परिजनों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर शव के साथ लालपुर चौक को जाम कर दिया था। एसपी ने बताया कि इस संबंध में लालपुर थाना निवासी मृतक के भाई मोहित तिर्की के बयान के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया।

टीम ने अनुसंधान में आये तथ्यों के आधार पर और तकनीकी सहयोग से पंडरा ओपी क्षेत्र के पिस्का मोड़ स्थित विकास नगर में छापेमारी कर मंतोष कुमार उर्फ मंटू और आयुष राज उर्फ अंकित कुमार को गिरफ्तार किया। अन्य शामिल फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए जनांदोलन करेगा गंगा समग्र

**रांची :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आनुषंगिक संगठन गंगा समग्र के महानगर इकाई की बैठक मनधीराम महतो की अध्यक्षता में विकास भारती कार्यालय आरोग्य भवन में सोमवार को हुई।

बैठक का संचालन करते हुए के. जयराम ने कहा कि संगठन रांची महानगर के सभी सरोवरों, तालाबों एवं नदियों की अविरलता एवं निर्मलता के लिए जन-जागरण के माध्यम से सभी जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए शीघ्र ही जनांदोलन शुरू करेगा। झारखंड के प्रान्त संगठन मंत्री अम्बरीष ने कहा कि रांची में कई सरोवर हैं, जिन पर नगर निगम ने अच्छा काम किया है। सरोवर पक्के कराए गए हैं। पेड़-पौधों से सुसज्जित हैं लेकिन पानी काला एवं बदबूदार है। पालीथीन और कचरा प्रत्येक तालाब में है।

उन्होंने कहा कि शहर की सांस्कृतिक पहचान बड़ा तालाब में घरों मल-मूत्र युक्त नालियां गिर रही हैं। रांची की धरोहर स्वर्ण रेखा नदी नाला बन गई है। इक्कीसों महादेव धाम, चुटिया जाकर देखें तो नदियों की दुर्दशा समझ में आयेगी।

शहर के बड़े-बड़े दुर्गन्ध युक्त नाले सीधे नदी में गिर रहे हैं। ये जहरीला पानी न केवल जनजीवन के स्वास्थ्य को नष्ट कर रहा है, बल्कि सामान्य जीव-जंतुओं को बीमार कर रहा है। बैठक को मुख्य रूप से डॉ. रत्नेश मिश्रा, अशोक प्रधान और उदय सिंह ने भी संबोधित किया।



## बीआईटी मेसरा एवं संचार मंत्रालय की राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता

### करीब 200 से अधिक विद्यार्थियों ने पत्र प्रस्तुत किए

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** स्क्रीन और की बोर्ड के वर्चस्व वाली दुनिया में संचार मंत्रालय, डाक विभाग, और बीआईटी मेसरा के मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग और छात्र मामलों के डीन के कार्यालय ने मिलकर एक राष्ट्रीय स्तर की पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता का विषय 'द जॉय ऑफ राइटिंग' ने हस्त लिखित संचार की कला को पुनर्जीवित करने और प्रतिभागियों को इसके अद्वितीय आकर्षण की याद दिलाने की कोशिश की।

हमारी बढ़ती डिजिटल दुनिया में, प्रतियोगिता ने पत्र लेखन की शाश्वत कला का जश्न मनाया। प्रतिभागियों ने कलम और कागज के माध्यम से अपने विचारों एवं भावनाओं को व्यक्त किया।





हस्तलिखित संचार के अद्वितीय भावनात्मक और सांस्कृतिक मूल्य का पता लगाया। प्रतिभागियों को कलम और कागज संचार के अपूरणीय आकर्षण को प्रदर्शित करते हुए हस्तलिखित पत्रों के शाश्वत माध्यम के माध्यम से अपने विचारों, भावनाओं और रचनात्मकता को व्यक्त करने के लिए आमंत्रित किया गया था।

करीब 200 से अधिक विविध पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों ने पत्र प्रस्तुत किए।

प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा संचार मंत्रालय द्वारा आयोजित समापन समारोह के दौरान की जाएगी। प्रथम स्थान पाने वाले को 50,000 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। दूसरे और तीसरे स्थान के विजेताओं को क्रमशः 25,000 और 10,000 रुपये मिलेंगे।

प्रतियोगिता का आयोजन मानविकी विभाग के सहायक प्रोफेसर मृणाल पाठक एवं डॉ. रोहित पांडे, सहायक प्रोफेसर, मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग और डॉ. योगेन्द्र अग्रवाल, एसोसिएट डीन, स्टूडेंट अफेयर्स की देखरेख में किया गया। आयोजन टीम ने कार्यक्रम की शानदार सफलता में उनके अमूल्य योगदान के लिए सभी प्रतिभागियों, संकाय सदस्यों और भागीदारों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त

### गटीयरवा टोला में थ्रेसर से धान कटाने को लेकर मारपीट

**भवनाथपुर :** खरौंधी थाना क्षेत्र के गटीयरवा टोला में थ्रेसर से धान कटवाने को लेकर रविवार को हुई मारपीट की घटना में माणिकचंद मेहता गम्भीर रूप घायल हो गया, जबकि इस मारपीट की घटना में पत्नी, बेटी और बहु भी घायल हो गए। घायल मानिकचंद मेहता ने मामले को लेकर खरौंधी थाने में लिखित आवेदन देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग किया है। घायल माणिकचंद मेहता को स्वजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज के लिए लाया गया। जहाँ डाक्टर ने इलाज के के बाद गंभीर रूप से घायल माणिकचंद मेहता को गढ़वा रेफर कर दिया गया।आवेदन में माणिकचंद मेहता ने बताया कि मैं अपने घर के पास थ्रेसर से धान कटवाने की तैयारी कर रहा था, तभी गांव के ही कमलेश मेहता, विकास मेहता, विजय मेहता, नंदलाल मेहता, राकेश मेहता, चंदेश मेहता, चंद्रदेव मेहता, शशि मेहता, राजेश साह व जयकुमार मेहता आ धमके तथा गाली गलौज करते हुए कहा कि तुम मेरे खेत में धान क्यों कटवा रहे है, जब मैं बोला कि अगर आपका खेत है, तो आप अपना कागज दिखाइए इतना सुनते ही वे सभी आग बबूला हो गये और अपने हाथों में लिए टांगी व लाठी से मुझे मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मुझे बचाने पहुंची मेरी पत्नी, बेटी और बहु को उपरोक्त लोगों ने पीटकर घायल कर दिया है।

### महिला कॉलेज में मनाया गया एडस दिवस

**लोहरदगा :** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी लोहरदगा इकाई के तत्वावधान में स्थानीय मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला इंटर कॉलेज के प्रांगण में सोमवार को विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ गणेश प्रसाद, उसुर्ला हॉस्पिटल के चिकित्सक एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की पूर्व सचिव डॉक्टर सिस्टर आईलिन, सचिव अरुण राम, मधुसूदन लाल महिला कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर स्नेह कुमार के जरिये किया गया। सोसाइटी के चेयरमैन डॉ गणेश प्रसाद ने कहा कि एक्वायर्ड इम्यूनोडेफि शिएंसी सिंड्रोम यह एक गंभीर बीमारी है जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को नुकसान पहुंचाती है। एड्स, एचआईवी संक्रमण का आखिरी चरण होता है। एचआईवी से संक्रमित हर व्यक्ति को एड्स नहीं होता है। एड्स होने में संक्रमित व्यक्ति को पांच से 10 वर्ष भी लग सकता है।

### दो मुहान नदी से मिला युवक का शव

**लातेहार :** जिले के मनिका थाना क्षेत्र के दो मुहान नदी में एक अज्ञात युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। हालाकि सामाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पायी थी। दरअसल सोमवार को ग्रामीणों ने मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार को सूचना दी कि दो मुहान नदी में एक अज्ञात व्यणक्ति का शव पड़ा है। इस सूचना पर थाना प्रभारी सदल बल मौके पर पहुंचे। उन्हो ने शव को अपने कब्जे में ले कर पोस्टनमार्टम के लिए सदर अस्प ताल, लातेहार भेजा। थाना प्रभारी ने कहा कि शीघ्र ही इस मामले का उद्भेदन कर दिया जायेगा। उन्होने कहा कि पोस्टामार्टम रिर्पोट आने पर ही कुछ स्पटष्टद पता चल पायेगा कि हत्यो कैसे की गयी है।

### तिवारी महतो ने की आशीर्वाद यात्रा की शुरुआत

**विष्णुगढ़ :** मांडू विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक तिवारी महतो उर्फ निर्मल कुमार महतो ने अपने दो दिवसीय आभार सह आशीर्वाद यात्रा के पहले दिन विष्णुगढ़ प्रखंड के चानो में स्व० टेकलाल महतो की प्रतिमा में मालार्पण कर यात्रा की शुरूआत की। इस दौरान प्रखंड के चानो, बंदखारो, फाराचांच, मंगरो, तिलैया मोड़, पुरनी केंदुआडीह, गाल्होबार, खरकट्टो, सिमरबेड़ा, नरकी, सिरैय, अचलजामो एवं करगालो पंचायत में जनता जनार्दन का आभार प्रकट किया। साथ ही कहा कि यह जीत आप सभी जनता की जीत है।

# नववर्ष के लिए सजने लगे हैं चतरा के पिकनिक स्पॉट

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**चतरा :** चतरा में जंगल, पहाड़, नदी, झरना और तीर्थ स्थल सभी नववर्ष पर आगंतुकों के स्वागत के लिए तैयार हैं। जी हां, नव वर्ष 2025 के आगमन की तिथि अब महज 28 दिन बच गए हैं। इससे पहले अभी से ही नये वर्ष की उमंग, उल्लास एवं उत्साह बढ़ने लगी है। जंगलों, पहाड़ों, नदियों एवं झरनों की प्राकृतिक गोद से कोयल की कूक-कूक भरी मीठी कलरव लोगों को अभी से ही निमंत्रण देने लगी है।

पर्यटन स्थलों की प्राकृतिक सौंदर्य की आभा लोगों को अभी से ही अपनी ओर मंत्रमुग्ध कर रही है। प्राकृतिक छटा उनके बीच जंगली पक्षियों की कलरव सुनते ही बन रहा है। सभी ओर नव वर्ष की स्वागत और जश्न की तैयारियां जोरों पर है। युवा वर्ग जहां वनभोज की तैयारी में जुटा हैं, वहीं बुजुर्गों की टोली विभिन्न मठ-मंदिरों में मत्था टेककर नव वर्ष की शुरूआत करना चाहते हैं। इस वर्ष विशेष तौर पर पिकनिक स्पॉट पर लोग अभी से ही दिखने लगे हैं। बुढ़े,



युवा, बच्चे, महिला व पुरुष सभी नव वर्ष के स्वागत और वनभोज की तैयारी कर रहे हैं। चतरा जिले के पत्थलगडा में कई पिकनिक स्पॉट हैं। जहां लोग परिवारों के साथ पहुंचकर वनभोज का आनंद उठाते हैं।

**आकर्षण का केंद्र है लेंबोइया पहाड़ी, उमड़ती है भीड़**

प्रखंड का प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल लेंबोइया पहाड़ी नए साल पर आगंतुकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहता है। यहां पत्थलगडा समेत दूर-दराज से लोग पहुंचते हैं और पिकनिक मनाते हैं। यहां मां दक्षिणेश्वरी देवी चामुंडा की पौराणिक प्रतिमा स्थापित है। यहां पहुंचने वाले आगंतुक मंदिर में मत्था टेकते हैं और नव वर्ष के मंगलमय जीवन यापन की कामना करते हैं। पहाड़ी से सटे पुरनिया बांध और पटना आहर के तराई में भी लोग नये साल पर पिकनिक मनाने के लिए जुटते हैं।

## पुरनिया और कोराम्बे पहाड़ी की प्राकृतिक छटा करते हैं आकर्षित

प्रखंड मुख्यालय से दो किमी उत्तर दिशा में स्थित प्रखंड का पौराणिक स्थल पुरनिया पहाड़ और पूर्वी छोर पर स्थित कोराम्बे पहाड़ भी नए साल पर लोगों को नई उमंग देता है। पुरनिया पहाड़ के तराई में बजरंग वाटिका बनाई गई है। जहां लोग पुरे परिवार समेत पहुंचते हैं और वनभोज का लुत्फ उठाते हुए सैर सपाटा करते हैं। यहां का झरना लोगों को खुब लुभाता है। वही कोरांबे पहाड़ी की तलहटी में बहते झरनों की कलकल की धारा के बीच लोग नए साल में जश्न मनाने पहुंचते हैं। यहां वनभोज एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। यहां पहाड़ी के तलहटी में स्थापित बाबा भैरव स्थान लोगों के लिए आस्था का केंद्र होता है।

**बुद्ध नदी में स्नान और वनभोज के लिए उमड़ती है हजारों की भीड़**

प्रखंड के नावाडीह डमौल सीमाना पर स्थित बासुदेव मठ में भी नव वर्ष पर काफी भीड़ उमड़ती है। यहां बुद्ध नदी की बहती कलकल धारा के बीच लोग नए साल का उमंग और उत्साह मनाते हैं। नए साल पर यहां बुद्ध नदी में डुबकी लगाने के लिए हजारों की भीड़ उमड़ती है। लोग आस्था के साथ यहां डुबकी लगाकर स्नान करते हैं फिर बासुदेव मठ में मत्था टेककर विधिवत पूजा अर्चना कर नए वर्ष में सुख एवं समृद्धि की कामना करने लोग पहुंचते हैं। यहां वनभोज के लिए भी दूर दराज से लोगों का पहुंचना होता है। लोग गाजे बाजे के साथ यह नए साल पर जश्न मनाने पहुंचते हैं।

# सांसद सीपी चौधरी का प्रयास लाया रंग झारखंड के 52 मजदूर लौटेंगे अपने देश

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**गिरिडीह।** सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के सकारात्मक और निरंतर प्रयास से मलेशिया में फंसे 61 मजदूरों की देश वापसी का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इन 61 मजदूरों में 52 झारखंड के हैं। सभी मजदूर 11 से 20 दिसंबर तक झारखंड आ जाएंगे। यह सभी मजदूर जुलाई, 2023 से मलेशिया में फंसे हुए हैं। वर्तमान में सभी मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर स्थित भारतीय दूतावास में शरण लिए हुए हैं।

सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने मलेशिया में फंसे इन मजदूरों का मामला 3 दिसंबर को संसद में रखा। इस पर भारत सरकार की ओर से बताया गया कि सभी मजदूरों को भारतीय दूतावास में रखा गया है। कुछ कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसके बाद तय तिथि पर इन मजदूरों को देश वापस लाया जाएगा।

सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी इन मजदूरों की वतन वापसी को लेकर पिछले कई मौके पर विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र लिखा। उनसे मिले। विदेश

**मलेशिया में फंसे मजदूर 20 दिसंबर तक लौटेंगे झारखंड, अभी हैं भारतीय दूतावास में**




मंत्रालय के अधिकारी व केंद्र सरकार के आला अधिकारियों से संपर्क व संवाद रखकर उनकी वापसी का मार्ग प्रशस्त कराया है।

झारखंड के गिरिडीह जिले के बगोदर प्रखंड के 7, बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड के 18, हजारीबाग जिले के टाटी झरिया प्रखंड के 27 व बिष्णुगढ़ प्रखंड के 11 मजदूर फंसे हुए थे। शेष मजदूर उड़ीसा, उत्तर प्रदेश व तेलंगाना राज्य के हैं।

मलेशिया में फंसे बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड अंतर्गत छोटकी सीधावारा निवासी गणेश कुमार महतो ने बताया कि जब से हम लोग यहां पर आए हैं, तब से ही हम सबों पर मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा। स्थिति यह रही कि वेतन तो मिलना दूर भोजन के भी लाले पड़ गए। इलाज के लिए भी तरसना पड़ा है। भांति-भांति की धमकियां सहनी पड़ी है। स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई। श्री महतो ने बताया कि किसी तरह से मजदूरों ने गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी को अपनी दशा को उनके समक्ष पहुंचाया। देश वापसी कराने की गुहार लगायी। उनके प्रयास का प्रतिफल है कि हम सब फिलहाल भारतीय दूतावास में ठहरे हुए हैं। कुछ प्रक्रियाओं से हम सब को गुजरना पड़ रहा है। शीघ्र ही अपने देश लौटेंगे।

## चट्टी बरियातू परियोजना ने 1000वें कोल रेक को किया डिस्पैच



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**हजारीबाग।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना ने 2 दिसंबर, 2024 को अपने कैप्टिव बाढ़ सुपर थर्मल पावर प्लांट के लिए 1000वें कोल रेक को डिस्पैच किया। कोल रेक को महाप्रबंधक (चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना) नवीन गुप्ता और अपर महाप्रबंधक (कोल डिस्पैच एवं बिलिंग) पवन रावत ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान, स्टेशन मास्टर कटकमसांडी मुकेश वर्मा और परियोजना के प्रमुख विभागाध्यक्ष, डिस्पैच इक्जीक्यूटिव भी उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम के साथ ही बिरोहारटांडा कटकमसांडी के स्कूल के बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए गए, जो परियोजना के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यों का हिस्सा है। नवीन गुप्ता ने सभी कर्मचारियों और सहयोगियों को इस सफलता पर बधाई दी। कहा कि इस प्रकार के रिकॉर्ड भविष्य में भी परियोजना द्वारा हासिल किए जाएंगे। उन्होंने बिरहोर कॉलोनी और कटकमसांडी के आसपास के इलाकों में विभिन्न निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों को भी आयोजित करने का निर्देश दिया।

## लेवी लेने की योजना बना रहे दो अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लातेहार :** रंगदारी और लेवी की योजना बना रहे दो अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में सोमवार को बालूमाथ एसडीपीओ कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया ।इस प्रेस वार्ता में पत्रकारों को जानकारी देते हुए एसडीपीओ बिनोद रवानी ने बताया कि जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि हेरहंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत पांकी थाना सिमावर्ती ईचाक जंगल में अपराधियों इकट्ठा होकर होकर क्षेत्र में रंगदारी/लेवी लेने की योजना बना रहे हैं।

जिसके बाद एक छापामारी टीम गठित का गठन किया गया और त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी किया गया जिसमें दो अपराधी परमेन्द्र राम, उर्फ गुड्डू राम, उर्फ गुड्डू भुईयां, पिता- कामेश्वर राम उर्फ कामेश्वर भुईयां और कमलेश यादव, पिता भागेश्वर यादव, को गिरफ्तार किया गया ।ये दोनो के पास से हथियार, कारतुस को बरामद कर जप्त किया गया। साथ ही भागे अपराधकर्मियों के विरुद्ध छापामारी किया जा रहा है। इस संबंध में हेरहंज थाना में मामला दर्ज किया गया है।

आगे श्री रवानी ने कहा बताया कि गिरफ्तारी के बाद पुछताछ करने पर इन्होने स्वीकार किया कि इनके द्वारा टीएसपीसी जेपीसी उग्रवादी संगठन के नाम पर ईट भट्ठा व्यवसायियों, तुबैद कोल माईन्स से लेवी/ रंगदारी की मांग कर रहे थे। आगे उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है। छापामारी दल में थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह पवैया, मिथलेश पासवान, मोहनलाल सिंह, दिलिप कुमार, पंकज कुमार और सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

## कोडरमा जिले के 6407 दिव्यांगजनों को प्रदान की जा रही है दिव्यांगता पेंशन

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**कोडरमा :** दिव्यांगजनो के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलायी जा रही है। जिला प्रशासन एवं सामाजिक सुरक्षा कोषांग, कोडरमा द्वारा दिव्यांगजनों को पेंशन योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है।

सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोडरमा नीतीश कुमार निशांत ने बताया कि दिव्यांगजनों के लिए दो प्रकार की पेंशन योजना चलायी जा रही है। केन्द्र द्वारा इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना एवं राज्य द्वारा स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना का संचालन किया जा रहा है। दोनों ही योजनाओं में 1000/- रुपया प्रतिमाह का भुगतान किया जाता है। राष्ट्रीय योजना के लिए 80 प्रतिशत दिव्यांगता एवं राज्य योजना हेतु 40



प्रतिशत दिव्यांगता आवश्यक है। जिला में इन दोनों योजनाओं के कुल 6407 लाभुक हैं। सबसे ज्यादा 1446 लाभुक जयनगर प्रखण्ड में हैं। इसी प्रकार कोडरमा में 880, चन्दवारा में 579, डोमचाँच में 1142, मरकच्चो में 907, सतगावाँ में 649, नगर पंचायत कोडरमा में 185, नगर पंचायत डोमचाँच में 74 एवं नगर परिषद, झुमरी तिलैया में 545 लाभुकों को दिव्यांगता पेंशन का लाभ प्रदान किया जा रहा है।

पीडब्ल्यूडी एक्ट 2016 के तहत दिव्यांगता को 21 श्रेणियों में विभाजित किया गया है। अस्थि विकार/चलन निःषक्तता, अंधापन, श्रवण बाधित, मानसिक रोग, सेरेब्रल पाल्सी, कुश्ठ रोग, बोनापन, एसिड अटेक विक्टिम, मल्टिपल स्कलेरोसिस, हिमोफिलिया, सिकल सेल एनिमियां, अल्प दृष्टि, बौद्धिक निःशक्तता, ऑटिज्म, मांसपेशी दुर्विकार, क्रोनिक न्यूरोलौजिकल कंडीशन्स, बहु दिव्यांगता, थैलेसिमियां, पार्किंसन, मूक निशःक्तता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसऐलिटी, उन्होंने बताया कि 40 प्रतिशत या अधिक की दिव्यांगता की स्थिति में सामाजिक सुरक्षा द्वारा दिव्यांगता पेंशन का लाभ प्रदान किया जाता है।

## स्व. रामप्रसाद सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

**गढ़वा।** जिले के कांडी प्रखंड अंतर्गत लमारी कला पंचायत के हरिगावां बस स्टैंड के समीप खेल मैदान में मंगलवार को स्व. रामप्रसाद सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह हैं। इसकी जानकारी क्रिकेट टूनार्मेंट कमेटी के अध्यक्ष बिपुल सिंह ने दी।

श्री सिंह ने बताया कि दोपहर 12 बजे से क्रिकेट टूनार्मेंट मैच कार्यक्रम का आयोजन होगा। सुंडिपुर बनाम कादल के बीच उद्घाटन मैच से आगाज होगा। क्रिकेट टूनार्मेंट में 16 टीमें भाग लेंगी। विजेता टीम को 15 हजार रुपये व ट्राफी प्रदान किया जाएगा। उप विजेता टीम को 8 हजार रुपये व ट्राफी दिया जाएगा।

अध्यक्ष ने खेल प्रेमियों से हजारों की संख्या में पहुंचकर खेल का आनंद लेने की अपील की। टूनार्मेंट के आयोजन में कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत कुमार, सचिव शैलेश पासवान, उप सचिव कमलेश कुमार, संचालक चंदन सिंह, कोषाध्यक्ष मनीष पासवान, उप कोषाध्यक्ष राहुल सिंह सहित अन्य लोग लगे हुए हैं।




# रंगदारी और फायरिंग मामले में 06 अपराधी गिरफ्तार

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस को बहुत बड़ी सफलता के साथ 6 अपराधियों को अवैध हथियारों के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की क्रम में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन को गुप्त सूचना मिली थी की चैनपुर थाना डोकरा-चांदो स्थित क्रेशर पर हुई फायरिंग की घटना के सिलसिले में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। जिसमें जिले में क्रेशर मालिकों को रंगदारी के लिए मिल रही धमकिया 29 नवंबर की रात डोकरा-चांदो स्थित क्रेशर पर हुई फायरिंग की घटना के सिलसिले में टीम द्वारा निरंतर आसूचना संकलन



और छापामारी की जा रही थी। सलतुआ रोड पर 5-6 व्यक्ति अवैध हथियारों के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे।

पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए धरती अहरा के पास तीन मोटरसाइकिल पर सवार अशफाक खान (25 वर्ष), शाहपुर, थाना चैनपुर, कुश कुमार यादव (21 वर्ष), खपरमंडा, थाना पांकी, दीपक कुमार भुईया (30 वर्ष), चापी कला, थाना पाकी, गुलशन कुमार विश्वकर्मा (22 वर्ष), पोची, थाना सतबरवा, आशिफ अहमद उर्फ राजा खान (22 वर्ष), गर्दा, थाना चैनपुर,फरहान कुरैशी उर्फ शैलू कुरैशी (24 वर्ष), कुरैशी मोहल्ला, थाना चैनपुर के रहने वाला छह आरोपीयों को गिरफ्तार किया है।

साथ ही उनके पास से 03 देशी पिस्तौल, 01 देशी कट्टा, 03 जिंदा राउंड, 03 मोटरसाइकिल, 07 स्क्रीन टच मोबाइल भी बरामद किया गया है। सभी गिरफ्तार आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे सुजीत सिन्हा गैंग के लिए काम करते हैं और करसो स्थित क्रेशर मालिक द्वारा रंगदारी देने में देरी करने पर फायरिंग करने जा रहे थे। साथ ही, उन्होंने 29 नवंबर को डोकरा-चांदो क्रेशर में फायरिंग की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

छापामारी दल में इंस्पेक्टर जीतराम महली, चैनपुर,पांच सब इंस्पेक्टर श्रीराम शर्मा, रंजीत कुमार,अनिल बिद्यार्थी, चैनपुर थाना,राजकुमार मेहता छत्रधारी कुमार,एस आई रामचन्द्र चौधरी, चैनपुर,नौ आरक्षी अनुराग सिंह,संतोष चौधरी, राकेश विश्वकर्मा, शैलेन्द्र कुमार, रोहित कुमार, टाईगर मोबाईल,राकेश कुमार, संतन कु० मेहता सूर्यनाथ सिंह रामनारायण विश्वकर्मा, रामजीत बासकी, प्रदीप कृ० राम, सहित लोग सामिल थे।

## संक्षिप्त

### तेनु-बोकारो नहर की मरम्मत शुरू

**बोकारो।** बीएसएल प्लांट की लाइफ लाइन कही जाने वाली तेनु-बोकारो नहर की मरम्मत का काम सोमवार को शुरू हो गया। सबसे पहले जर्जर हालत में नहर के दोनों ओर मिट्टी भरने का काम किया जा रहा है। तेनुघाट बांध प्रमंडल और बीएसएल के अधिकारियों ने नहर का निरीक्षण करने के बाद बताया कि लगभग 35 किमी लंबी नहर में स्लैब टूटकर जर्जर हुए स्थानों पर काम किया जा रहा है। आरसीसी ढलाई का काम होना है। पांच दिन के बाद डेम से पानी खोला जाएगा। टीम बनाकर मरम्मत कार्य की निगरानी की जा रही है। जरूरत होने पर दिन के अलावा देर शाम तक भी काम किया जा सकता है।

### गोली कांड के 48 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं

**बोकारो।** नगर के सेक्टर 12 थाना क्षेत्र में रिटायर्ड बीएसएलकर्मी लल्लन सिंह को गोली मारने के कांड के उद्भेदन को लेकर पुलिस के हाथ घटना के दो दिन बाद भी कोई ठोस सुरान नहीं लग सका है। इसके लिए गठित एसआईटी के द्वारा कई संदिग्?धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, मगर अभी तक पुलिस के द्वारा इस मामले का खुलासा नही किया गया है। पुलिस घायल ललन सिंह के फोन डिटेल्स के आधार पर लोगो से पूछताछ कर रही है, जिसमें एक महिला से भी पूछताछ की जा रही है। अभी तक मामला पैसे के लेनदेन का ही लग रहा है, पर पुलिस अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर रही है।

### सहारा निवेशकों की राशि-भुगतान को ले धरना 16 को

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित केएसपी फेज दो में सोमवार को आम नागरिक मंच की बैठक मंच के केंद्रीय अध्यक्ष भागीरथ शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से 16 दिसंबर को स्थानीय झारखंड चौक में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया गया, साथ ही डीवीसी द्वारा कॉलोनी की सड़कों की जर्जर अवस्था, अस्पताल की दुर्दशा पर कोई सुधार नहीं होने पर चिंता व्यक्त की गई। निर्णय लिया गया कि जनवरी माह में बोकारो थर्मल की सडकों की मरम्मत, अस्पताल में चिकित्सकों की कमी व दुर्दशा तथा रोजगार के सवालों पर मंच द्वारा आंदोलन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय कमिटी के तपेश्वर ठाकुर, शैलेंद्र कुमार मिश्रा, श्याम बिहारी सिंह दिनकर, जैनुल आवेदिन, कन्हैया शर्मा, रणधीर यादव, विजय राय, शहादत अंसारी, रूपलाल कमार, शिवचरण तांती, जबाब अंसारी आदि उपस्थित थे।

### सुंदर बोकारो बनाने को ले डीसी ने दिखाई संजीदगी

# ट्रांसपोर्ट नगर के लिए बीएसएल देगी 20 एकड़ भूमि

- सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कोरिडोर के कार्यों का भी लिया जायजा





प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** जिले की उपायुक्त विजया जाधव ने सुंदर बोकारो बनाने को लेकर संजीदगी दिखाई है। इसे लेकर उन्होंने बीएसएल प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

सोमवार को जिला समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में बोकारो स्टील लिमिटेड प्रबंधन के प्रतिनिधिमंडल के साथ विभिन्न समस्याओं के समाधान को ले समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने जिला मुख्यालय को भारी वाहनों की पार्किंग से आए दिन जाम के कारण उत्पन्न होने वाली समस्या को समाप्त करने के लिए ट्रांसपोर्ट नगर निर्माण के लिए 20 एकड़ जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने इसके लिए बीएसएल प्रबंधन को अंचलाधिकारी चास के साथ समन्वय बनाकर भूमि चिन्हित करने को कहा। वहीं, बीएस सिटी में कचड़ों का सही ढंग से निस्तारण के लिए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट इकाई स्थापित करने को लेकर हो रहे कार्यों में प्रगति की जानकारी ली। बीएसएनल प्रबंधन ने इससे संबंधित मामला बोर्ड में लंबित होने की जानकारी दी, उपायुक्त ने तुरंत इसका फालोअप कर कार्य में और तेजी लाने का निर्देश दिया।

उन्होंने कोलकाता-अमृतसर इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर के लिए चिन्हित भूमि का मूल्य गणना, आकलन को लेकर कार्य की समीक्षा की। उन्होंने भूमि का मूल्य गणना, आकलन को गंभीरता से पूर्वक लेते हुए जिला को प्रतिवेदन समर्पित करने के लिए कही। उपायुक्त विजया ने शहर को सुंदर बनाने, ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने, बैरिकेडिंग लगाने, समाहरणालय के भवन निर्माण को लेकर एनओसी तुरंत उपलब्ध कराने, सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराने, बीएसएनल प्लांट एवं टाउनशिप के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत जलापूर्ति मुहैया कराने सहित अन्य समस्याओं के समाधान पर चर्चा करते हुए जरूरी दिशा निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। इस बैठक में अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, पुलिस उपाधीक्षक बी.एस.सिटी आलोक रंजन, अंचलाधिकारी चास दिवाकर दूबे, उप प्रबंधक प्रोजेक्ट बीएसएनल अमिताभ दास, वरीय प्रबंधक नगर प्रशासन सह भूमि अधिग्रहण एन सिद्दीकी, महाप्रबंधक नगर प्रशासन सह भूमि अधिग्रहण एके सिंह, कार्यकारी निदेशक अनीश सेन गुप्ता, महाप्रबंधक परियोजना एस आनंद, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## डीवीसी के मुख्य सतर्कता अधिकारी ने चंद्रपुरा प्लांट का लिया जायजा, दिए कई दिशा-निर्देश



प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के मुख्य सतर्कता अधिकारी सुदीप्त आचार्य (आईटीएस) ने आज चंद्रपुरा थर्मल पावर प्लांट के कई क्षेत्रों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए।

श्री आचार्य का आगमन पूर्वाह्न चंद्रपुरा के निदेशक भवन में हुआ, जिसके बाद वे प्लांट-भ्रमण में चले गए। श्री आचार्य प्लांट के साइलो, छाई तालाब, बीटीजी कंट्रोल रूम, बॉयलर एवं टरबाइन, कोल मिल, एएचपी, आईडी फैन क्षेत्र आदि क्षेत्रों का भ्रमण किया। प्लांट भ्रमण के दौरान उन्होंने डीवीसी चंद्रपुरा प्लांट के कार्यकलापों की प्रशंसा की और उचित दिशा-निर्देश भी दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान विजयानंद शर्मा ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में वरिष्ठ महाप्रबंधक श्रीराम प्रवेश शाह, अभिजीत घोष, डीसी पांडेय, अभिषेक घोष, रविंद्र कुमार, अक्षय कुमार आदि शामिल थे। मुख्य सतर्कता अधिकारी के साथ पहुंचे अधिकारी मुख्य महाप्रबंधक (सीएंडआई) एवं सतर्कता विभाग के प्रमुख सुब्रत मंडल , उप महाप्रबंधक सुजॉय भट्टाचार्य और उप महाप्रबंधक सुदीप मुखर्जी को भी सम्मानित किया गया। सीवीओ ने नए प्रवेशकों (ईटी) को भी संबोधित किया तथा कहा कि ईमानदारी, सत्यनिष्ठा एवं नैतिकता सबसे महत्वपूर्ण गुण हैं, जिसे प्रत्येक व्यक्ति को व्यक्तिगत एवं पेशेवर जीवन में अपनाना चाहिए। सेवानिवृत्ति के बाद भी व्यक्ति को इन गुणों के लिए याद किया जाता है। सीवीओ श्री आचार्य ने बोकारो स्टील सिटी में अवस्थित बोकारो पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड (बीपीएससीएल) का भी निरीक्षण किया।

### विभिन्न मांगों को लेकर एएमसी-एआरसी मजदूरों ने की बैठक

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित बोकारो क्लब मैदान में डीवीसी पावर प्लांट में विभिन्न कंपनियों में कार्यरत एएमसी, एआरसी मजदूरों ने सोमवार को बैठक की। बैठक में पावर प्लांट के पेलोडर, कोल सैंपलिंग, हाउसकीपिंग, ईएसपी, स्विच यार्ड, ऐश हैंडलिंग प्लांट, ब्यॉलर, टेलीफोन एक्सचेंज, सीएचपी, रैक होपड़ साइट के मजदूर शामिल हुए। बैठक में पेलोडर के मजदूरों को डिजिग्नेशन के अनुसार वेतन और एलाउंस नहीं दिया जा रहा है, जिसकी जानकारी मजदूरों ने पहले भी प्रबंधन को दी है, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। कोयला सैंपलिंग के मजदूरों को तीन महीना से वेतन नहीं दिया जा रहा है। इसकी भी जानकारी प्रबंधन को दिया गया है। ये दोनों साइड फ्यूल सेक्शन के अंदर आता है। हाउसकीपिंग (साफ सफाई) करने वाले मजदूरों को मेजरमेंट सिस्टम के नाम पर तीन वर्षो से डीवीसी मुख्यालय के निर्देश के बाद भी निर्देश का पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे मजदूर भत्ता से वंचित है और इस समस्या को भी स्थानीय प्रबंधन के समक्ष कई बार रखा गया है लेकिन अभी तक कोई हल नहीं निकला है,जिसके कारण सभी मजदूरों में काफी आक्रोश व्याप्त है।

# विद्यार्थियों से भरा टेम्पो बेकाबू हो डिवाइडर से टकराया, तीन बच्चे घायल, एक आईसीयू में

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** बीएस सिटी थाना क्षेत्र के सेक्टर-1 स्थित सिटी पार्क के समीप स्कूली बच्चों को लेकर जा रहा एक तेज रफ्तार ऑटो दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना में आटो में सवार तीन बच्चे घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत काफी गंभीर है और बोकारो जनरल अस्पताल के आईसीयू वार्ड में उसका इलाज चल रहा है। दो अन्य बच्चे मामूली रूप से जख्मी हैं।

उक्त ऑटो चास से जीजीपीएस (गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल) सेक्टर-5 के बच्चों को लेकर स्कूल छोड़ने जा रहा था। इसी दरम्यान राम मंदिर से सेक्टर-5 पत्थरकट्?टा चौक जाने वाले रास्ते में सिटी पार्क मोड़ के पास ऑटो तेज रफ्तार होने के कारण अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर से टकराते हुए पलट गया। इस दुर्घटना में चास स्थित भोजपुर कॉलोनी निवासी एक छात्रा 12 वर्षीय सिया कुमारी ऑटो में दब गई। इससे सिया का जबड़ा बुरी तरह टूट गया। आनन-फानन में राहगीरों ने दुर्घटना देखते ही ऑटो को सीधा कर घायल बच्चों को बाहर निकाला। गंभीर अवस्था देख चास की बच्ची को बीजीएच व अन्य बच्चों को सदर अस्पताल भेजा गया।

### नशे में था ड्राइवर, लोगों ने पुलिस को सौंपा

जख्मी छात्रा कक्षा 7 की बताई जा रही है। सिया के पिता बीएसएफ जवान सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि हमेशा की तरह सुबह 8:30 बजे ऑटो से उनकी बेटी स्कूल के लिए निकली थी। सुबह 10 बजे आम लोगों ने उसकी स्कूल डायरी से नंबर निकालकर उन्हें फोन कर सूचना दी तो वह बीजीएच पहुंचे। बता दें कि ऑटो में कुल चार बच्चे सवार थे। दो को मामूली चोटें आई थी, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। इस दौरान प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ऑटो चालक शराब के नशे में था। उसे स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। ऑटो किसी अनिल सिंह का बताया जा रहा है, जो किराए के ड्राइवर को रखकर ऑटो चलवाता था।

### बोलीं डीटीओ- ऑटो से बच्चों को स्कूल ढोना गलत, करेंगे कार्रवाई

आटो से स्कूली बच्चों को ढोने का आलम हर दिन का है। अधिकारी हर दिन देखते हैं, जानते हैं, समझते हैं, फिर भी जान-बूझकर अनजान बने रहते हैं या यूं कहें कि लापरवाह बने रहते हैं। इस बारे में जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) वंदना शेजवलकर का कहना है कि बच्चों को नियम के विरुद्ध ऑटो से स्कूल ले जाना और लाना गलत है। दुर्घटना का मामला उनके संज्ञान में आया है। जल्द ही इस पर कार्रवाई शुरू की जाएगी। साथ ही सभी ऑटो की जांच भी की जाएगी।

### ट्रैफिक विभाग को बच्चों की सुरक्षा से कोई लेनादेना नहीं

इस संबंध में अभिभावकों का कहना है कि परिवहन विभाग ने स्कूल बसों में सीसीटीवी, जीपीएस सिस्टम से लेकर ड्राइवर की ड्रेस तक का निर्धारण किया है। लेकिन, स्कूलों में चलने वाली ऑटो, वैन आदि के लिए कोई नियम नहीं है और न ही इन पर कार्रवाई की जाती है। ऐसे में ऑटो चालक मनमाने तरीके से स्कूलों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। शहर में 100 से ज्यादा ऑटो बच्चों को स्कूल पहुंचाने और लाने का काम करते हैं। इन ऑटो आदि का रिकार्ड स्कूलों में भी नहीं है और न ही परिवहन विभाग के पास। इन ऑटो वालों को रास्ते में कोई रोकने वाला भी नहीं है। अभिभावक भी लापरवाह बने हैं। पैसे बचाने के चक्कर में स्कूल बस की बजाय अपने बच्चों को भेड़-बकरी की तरह ठूंसकर भेज देते हैं।

# मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल की प्रबंध समिति की बैठक



प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** प्रतिष्ठित सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद्, बोकारो द्वारा संचालित व सीबीएसई, नई दिल्ली से प्लस टू तक की शिक्षा प्रदान करने के लिए संबद्धता प्राप्त बोकारो के सेक्टर 4 ई स्थित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल की प्रबंध समिति की बैठक रविवार को विद्यालय के विद्यापति सभागार में हुई।

विद्यालय के अध्यक्ष हरिमोहन झा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विद्यालय द्वारा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने व विद्यालय के उत्तरोत्तर विकास को लेकर चर्चा की गयी। विद्यालय को सीबीएसई द्वारा पांच वर्षों (2025 - 2030) के लिए एफिलिएशन रिन्यूअल होने पर विद्यालय प्रबंध समिति ने प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार पाठक ने विद्यालय की गतिविधियों व उपलब्धियों को रेखांकित किया। विद्यालय सचिव पी के झा चंदन ने कम शुल्क के बावजूद विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने को लेकर किए जा रहे कार्यों व प्रयासों के बारे में जानकारी दी। मिथिला सांस्कृतिक परिषद् के महासचिव नीरज चौधरी ने आश्वस्त किया कि विद्यालय के विकास के लिए परिषद् का भरपूर सहयोग मिलेगा। विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य (वित्त) संदीप कुमार झा ने विद्यालय के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। विद्यालय का वार्षिक बजट भी प्रस्तुत किया गया जिसे समिति ने पारित कर दिया। इस अवसर पर मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल एजुकेशन सोसाइटी (विद्यालय प्रबंध समिति) के स्थायी आमंत्रित सदस्य राजेन्द्र कुमार, सदस्य अविनाश कुमार झा, सुनील मोहन ठाकुर, विजय कुमार झा, अरुण कुमार पाठक, शंभु झा, विश्वनाथ झा, सुभद्र चौधरी, अविनाश अवि ने भी अपने विचार रखे और विद्यालय के विकास के प्रति समर्थन व्यक्त किया।

## अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस 3 दिसंबर पर विशेष

# वेस्ट बोकारो डिवीजन के दिव्यांग कर्मचारियों ने दिया उत्कृष्टता का परिचय



प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**वेस्ट बोकारो।** टाटा स्टील के वेस्ट बोकारो डिवीजन ने कंपनी के सक्षम को सशक्त बनाना पहल के तहत दिव्यांग कर्मचारियों के कल्याण में अद्वितीय कदम उठाए हैं। वेस्ट बोकारो के सिक्यूरिटी विभाग में 13 अगस्त, 2024 को सीसीटीवी ऑपरेटर के रूप में चार दिव्यांग कर्मचारियों को नियुक्त किया गया। यह समावेशन और विविधता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिवीजन के मानव संसाधन (एचआर) विभाग ने एटीपिक्ल एडवांटेज संस्था की मदद से दिव्यांग कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की। टाटा स्टील टेक्निकल सर्विसेज लिमिटेड और टाटा स्टील सपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के सहयोग से दिव्यांगों के लिए विज्ञापन जारी किया गया, जिसके बाद सिक्यूरिटी विभाग ने इनके लिए विशेष सुविधाएं सुनिश्चित की। इनमें सुलभ शौचालय, कार्यालय के प्रवेश द्वार पर रैंप की स्थापना, बुनियादी फर्नीचर और आवास की व्यवस्था की गई, ताकि वे बेहतर कार्यस्थल का अनुभव कर सकें।

सिक्यूरिटी विभाग में भर्ती प्रक्रिया के तहत चार दिव्यांग कर्मचारियों का चयन किया गया, जिनमें प्रेम शर्मा, मोहम्मद हाशिम हसन, अंगद कुमार सिंह, और अभिलाष शर्मा शामिल हैं। इनकी नियुक्ति 13 अगस्त 2024 को वेस्ट बोकारो डिवीजन में की गई। आवश्यक प्रशिक्षण पूरा करने के बाद 3 सितंबर 2024 को इन सभी ने सीसीटीवी ऑपरेटर के रूप में अपना योगदान शुरू किया। इन सभी कर्मचारियों के पास विभिन्न कंपनियों में काम करने का पूर्व अनुभव है। नियुक्ति के बाद, उन्हें व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें माइंस और प्लांट्स का नियमित दौरा, सीसीटीवी कैमरों की स्थापना वाले स्थानों का निरीक्षण और सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष की दैनिक परिचालन प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण शामिल था। जेनरल मैनेजर (वेस्ट बोकारो डिवीजन) अनुराग दीक्षित ने कहा कि दिव्यांग कर्मचारियों की सीसीटीवी कंट्रोल रूम में नियुक्ति, हमारी समावेशी कार्यस्थल बनाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। ये कर्मचारी वेस्ट बोकारो डिवीजन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। हम उन्हें आगे बढ़ने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

कोलकाता के हाशिम हसन ने कहा कि टाटा स्टील में नौकरी मिलना मेरे लिए सपना सच होने जैसा है। यह मेरे लिए बाहर आकर काम करने का पहला अनुभव है। धनबाद के प्रेम शर्मा ने कहा कि बचपन से टाटा स्टील की माइंस देखता आया हूं। मैंने कई कंपनियों में काम किया, लेकिन जब टाटा स्टील से नौकरी का प्रस्ताव मिला, तो खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

जमशेदपुर के अंगद कुमार सिंह ने कहा, ह्लमैंने बीटेक किया और पांच साल अन्य संस्थाओं में काम किया। मेरे परिवार के कई सदस्य टाटा स्टील से जुड़े हैं, और अब मुझे भी इस सम्मानित संगठन का हिस्सा बनने का अवसर मिला है। पेशे से मैकेनिकल इंजीनियर भागलपुर, बिहार के अभिलाष शर्मा ने कहा, दिव्यांग होने के कारण मुझे अस्थायी नौकरी मिलती थी, लेकिन टाटा स्टील ने मुझे स्थायी नौकरी दी, जो मेरे और मेरे परिवार के सुरक्षित भविष्य की दिशा में पहला कदम है।

## फोन-पे का अधिकारी बताकर खाते से उड़ाए 2.13 लाख रुपए

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो ।** बोकारो में साइबर ठगी का एक बड़ा मामला सोमवार को सामने आया। साइबर अपराधियों ने सेक्टर-तीन की प्रीति नामक महिला से फोन-पे के नाम पर 2.13 लाख रुपए की ठगी कर ली। इसकी शिकायत स्थानीय साइबर थाने में की गई है। पीड़िता ने बताया कि सोमवार को उनका फोन-पे नहीं चल रहा था तो उन्होंने कस्टमर केयर को फोन लगाया, लेकिन बात नहीं हो सकी। कुछ देर बाद एक नंबर से कॉल आया, जिसने खुद को फोन-पे का कस्टमर केयर प्रतिनिधि बताते हुए उनसे कुछ डिटेल्स लिए और कहा कि आपका फोन-पे चालू हो जाएगा। इसके बाद उनके खाते से 5 अलग-अलग ट्रांजेक्शन में रुपए दूसरे ख। जिसमे एक लाख रूप बैंक खाता मे ट्रांस्फर किया गया तो वहीं अलग अलग रकम के ऑनलाइन खरीदारी भी की गई। पीडित ने तुरंत बैंक को सूचना देकर खाते का ट्रांजेक्शन रुकवा दिया। इसके बाद साइबर सेल में लिखित शिकायत भी की है।

## मांग को लेकर मजदूरों ने काम रोका

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित 630 मेगावाट वाले स्क्रेप पावर प्लांट की कटिंग में कार्य करनेवाले मजदूरों ने बकाया दो माह का भुगतान की मांग को लेकर सोमवार को कंपनी का कार्य बंद कर दिया। मजदूरों ने सुबह सात बजे से ही कंपनी का कार्य बंद कर किसी भी कंपनी कामगार या मजदूर को पावर प्लांट जाने नहीं दे रहे थे। लगभग डेढ़ घंटे तक कार्य बंद रहने के बाद कंपनी प्रबंधन के द्वारा मजदूरों को आश्वासन दिया गया कि मंगलवार को सभी के बकाया का भुगतान कर दिया जाएगा, आश्वासन के बाद सभी साढ़े आठ बजे कार्य पर वापस लौट गये।

## वेदांता ईएसएल स्टील ने लगाया सेहत का मेला

# दो मेगा शिविरों में सैकड़ों लोगों की हुई जांच

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड ने सामाजिक और सामुदायिक कल्याण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता जारी रखते हुए अपने प्रोजेक्ट एमएसीई हेल्थकेयर इंटरवेंशनिस्ट कार्यक्रम के तहत बोकारो जिले में दो मेगा स्वास्थ्य शिविरों का सफल आयोजन किया। बोकारो और अलकुशा के वरिष्ठ नागरिकों की चिकित्सा जरूरतों पर केंद्रित इन मेगा हेल्थ कैंप में सैकड़ों लोग उमड़ पड़े।

कंपनी की ओर से बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर 6 में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन मेडिकेंट अस्पताल, बोकारो की साझेदारी में किया गया, जिसके डॉक्टरों ने बुजुर्ग नागरिकों की विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं के लिए स्क्रीनिंग की। बोकारो के सेक्टर 6 में वेदांता केयर्स फील्ड अस्पताल में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रोजेक्ट एमएसीई के तत्वावधान में किया गया, जिसका संचालन इसकी कार्यान्वयन एजेंसी - समर्थ कम्युनिटी फोरम द्वारा किया गया।



### साढ़े तीन वर्षों में 5 लाख लोग लाभान्वित

उल्लेखनीय है कि विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सरकारी निकायों और गैर सरकारी संगठनों से कई पुरस्कारों और सम्मानों से सम्मानित वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड के प्रबंधन की इस पहल के तहत लगभग साढ़े तीन वर्षों में बोकारो के लगभग 5 लाख नागरिक लाभान्वित हुए हैं। ईएसएल स्टील लिमिटेड के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कहा कि शिविर का प्राथमिक उद्देश्य सामान्य जांच और तत्काल स्वास्थ्य देखभाल की जरूरतों में योगदान देना था।

### स्वास्थ्य-रक्षा के प्रति तत्पर रही है वेदांता ईएसएल : सिंह

स्वास्थ्य शिविर के दौरान वेदांता केयर्स फील्ड अस्पताल में मुख्य अतिथि, सीआईएसएफ के आईजी दिग्विजय कुमार सिंह सहित उपस्थित लोगों ने कोविड-19 महामारी के दौरान वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड द्वारा की गई शानदार सेवा को याद किया। मेडिकेंट अस्पताल के विभिन्न विभागों जैसे ऑर्थोपेडिक्स, जनरल प्रैक्टिशनर्स, नेत्र रोग, एंडोक्राइनोलॉजी (मधुमेह नियंत्रण) के उच्च योग्यता प्राप्त डॉक्टरों ने बुजुर्गों की रक्तचाप, थायरॉयड, रक्त शर्करा आदि की जांच के अलावा उनकी चिकित्सा और सामान्य स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों में मदद की। इसी तरह बोकारो जिले के चास अनुमंडल के ग्रामीण क्षेत्र के बुजुर्गों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अलकुशा गांव में भी चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। यहां भी डॉक्टरों ने बुजुर्गों की विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों के लिए जांच की और वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड और कार्यान्वयन एजेंसी समर्थ फाउंडेशन ने मिलकर इस पहल की दिशा में काम किया। अलकुशा मेडिकल कैंप के लिए वेदांता ईएसएल स्टील ने विभिन्न प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों के डॉक्टरों के साथ भागीदारी की इनमें आकाश अस्पताल के जनरल प्रैक्टिशनर, डॉ. पूजा के डेंटल क्लिनिक के दंत चिकित्सक, संजीव नेत्रालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ आदि शामिल रहे।

# भारत में सहकारिता आंदोलन को सफल होना ही होगा



प्रहलाद सबनानी

**भारत में सहकारिता आंदोलन का यदि सहकारिता की संरचना की दृष्टि से आंकलन किया जाय तो ध्यान में आता है कि देश में लगभग 8.5 लाख से अधिक सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। इन समितियों में कुल सदस्य संख्या लगभग 28 करोड़ है। हमारे देश में 55 किस्मों की सहकारी समितियां विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही हैं।**

भारत में आर्थिक विकास को गति देने के उद्देश्य से सहकारिता आंदोलन को सफल बनाना बहुत जरूरी है। वैसे तो हमारे देश में सहकारिता आंदोलन की शुरूआत वर्ष 1904 से हुई है एवं तब से आज तक सहकारी क्षेत्र में लाखों समितियों की स्थापना हुई है। कुछ अत्यधिक सफल रही हैं, जैसे अमूल डेयरी, परंतु इस प्रकार की सफलता की कहानियां बहुत कम ही रही हैं। कहा जाता है कि देश में सहकारिता आंदोलन को जिस तरह से सफल होना चाहिए था, वैसा हुआ नहीं है। बल्कि, भारत में सहकारिता आंदोलन में कई प्रकार की कमियां ही दिखाई दी हैं। देश की अर्थव्यवस्था को यदि 5 लाख करोड़ अमेरिकी डालर के आकार का बनाना है तो देश में सहकारिता आंदोलन को भी सफल बनाना ही होगा। इस दृष्टि से केंद्र सरकार द्वारा एक नए सहकारिता मंत्रालय का गठन भी किया गया है। विशेष रूप से गठित किए गए इस सहकारिता मंत्रालय से अब 'सहकार से समृद्धि' की परिकल्पना के साकार होने की उम्मीद भी की जा रही है।

भारत में सहकारिता आंदोलन का यदि सहकारिता की संरचना की दृष्टि से आंकलन किया जाय तो ध्यान में आता है कि देश में लगभग 8.5 लाख से अधिक सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। इन समितियों में कुल सदस्य संख्या लगभग 28 करोड़ है। हमारे देश में 55 किस्मों की सहकारी समितियां विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही हैं। जैसे, देश में 1.5 लाख प्राथमिक दुग्ध सहकारी समितियां कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त 93,000 प्राथमिक कृषि सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। ये मुख्य रूप से ग्रामीण इलाकों में कार्य करती हैं। इन दोनों प्रकार की लगभग 2.5 लाख सहकारी समितियां ग्रामीण इलाकों को अपनी कर्मभूमि बनाकर इन इलाकों की 75 प्रतिशत जनसंख्या को अपने दायरे में लिए हुए है। उक्त के अलावा देश में सहकारी साख समितियां भी कार्यरत हैं और यह तीन प्रकार की हैं। एक तो वे जो अपनी सेवाएं शहरी इलाकों में प्रदान कर रही हैं। दूसरी वे हैं जो ग्रामीण इलाकों में तो अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं, परंतु कृषि क्षेत्र में ऋण प्रदान नहीं करती हैं। तीसरी वे हैं जो उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों एवं कर्मचारियों की वित्त सम्बंधी जरूरतों को पूरा करने का प्रयास करती हैं। इसी प्रकार देश में महिला सहकारी साख समितियां भी कार्यरत हैं। इनकी संख्या भी लगभग एक लाख है। मछली पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मछली सहकारी साख समितियां भी स्थापित की गई हैं, इनकी संख्या कुछ कम है। ये समितियां मुख्यतः देश में समुद्र के आसपास के इलाकों में स्थापित की गई हैं। देश में बुनकर सहकारी साख समितियां भी गठित की गई हैं, इनकी संख्या भी लगभग 35,000 है। इसके अतिरिक्त हाउसिंग सहकारी समितियां भी कार्यरत हैं। उक्तवर्णित विभिन क्षेत्रों में कार्यरत सहकारी समितियों के अतिरिक्त देश में सहकारी क्षेत्र में तीन प्रकार के बैंक भी कार्यरत हैं। एक, प्राथमिक शहरी सहकारी बैंक जिनकी संख्या 1550 है और ये देश के लगभग सभी जिलों में कार्यरत हैं। दूसरे, 300 जिला सहकारी बैंक कार्यरत हैं एवं तीसरे, प्रत्येक राज्य में एपेक्स सहकारी बैंक भी बनाए गए हैं। उक्त समस्त आंकडें वर्ष 2021-22 तक के हैं।




इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि हमारे देश में सहकारी आंदोलन की जड़ें बहुत गहरी हैं। दुग्ध क्षेत्र में अमूल सहकारी समिती लगभग 70 वर्ष पूर्व प्रारम्भ हुई है, जिसे आज भी सहकारी क्षेत्र की सबसे बड़ी सफलता के रूप में गिना जाता है। सहकारी क्षेत्र में स्थापित की गई समितियों द्वारा रोजगार के कई नए अवसर निर्मित किए गए हैं। सहकारी क्षेत्र में एक विशेषता यह पाई जाती है कि इन समितियों में सामान्यतः निर्णय सभी सदस्यों द्वारा मिलकर लिए जाते हैं। सहकारी क्षेत्र देश के आर्थिक विकास में अपनी अहम भूमिका निभा सकता है। परंतु इस क्षेत्र में बहुत सारी चुनौतियां भी रही हैं। जैसे, सहकारी बैंकों की कार्य प्रणाली को दिशा देने एवं इनके कार्यों को प्रभावशाली तरीके से नियंत्रित करने के लिए अपेक्स स्तर पर कोई संस्थान नहीं है। जिस प्रकार अन्य बैकों पर भारतीय रिजर्व बैंक एवं अन्य वित्तीय संस्थानों का नियंत्रण रहता है ऐसा सहकारी क्षेत्र के बैकों पर नहीं है। इसीलिए सहकारी क्षेत्र के बैंकों की कार्य पद्धति पर हमेशा से ही आरोप लगते रहे हैं एवं कई तरह की धोखेबाजी की घटनाएं समय समय पर उजागर होती रही हैं। इसके विपरीत सरकारी क्षेत्र के बैंकों का प्रबंधन बहुत पेशेवर, अनुभवी एवं सक्रिय रहा है। ये बैंक जोखिम प्रबंधन की पेशेवर नीतियों पर चलते आए हैं जिसके कारण इन बैंकों की विकास यात्रा अनुकरणीय रही है। सहकारी क्षेत्र के बैंकों में पेशेवर प्रबंधन का अभाव रहा है एवं ये बैंक पूंजी बाजार से पूंजी जुटा पाने में भी सफल नहीं रहे हैं। अभी तक चूंकि सहकारी क्षेत्र के संस्थानों को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी तंत्र का अभाव था केंद्र सरकार द्वारा किए गए नए मंत्रालय के गठन के बाद सहकारी क्षेत्र के संस्थानों को नियंत्रित करने में कसावट आएगी एवं इन संस्थानों का प्रबंधन भी पेशेवर बन जाएगा जिसके चलते इन संस्थानों की कार्य प्रणाली में भी निश्चित ही सुधार होगा।

सहकारी क्षेत्र पर आधरित आर्थिक मोडेल के कई लाभ हैं तो कई प्रकार की चुनौतियां भी हैं। मुख्य चुनौतियां ग्रामीण इलाकों में कार्य कर रही जिला केंद्रीय सहकारी बैकों की शाखाओं के सामने हैं। इन बैंकों द्वारा ऋण प्रदान करने की स्कीम बहुत पुरानी हैं एवं समय के साथ इनमें परिवर्तन नहीं किया जा सका है। जबकि अब तो ग्रामीण क्षेत्रों में आय का स्वरूप ही बदल गया है। ग्रामीण इलाकों में अब केवल 35 प्रतिशत आय कृषि आधारित कार्य से होती है शेष 65 प्रतिशत आय गैर कृषि आधारित कार्यों से होती है। अतः ग्रामीण इलाकों में कार्य कर रहे इन बैकों को अब नए व्यवसाय माडल खड़े करने होंगे। अब केवल कृषि व्यवसाय आधारित ऋण प्रदान करने वाली योजनाओं से काम चलने वाला नहीं है।

भारत विश्व में सबसे अधिक दूध उत्पादन करने वाले देशों में शामिल हो गया है। अब हमें दूध के पावडर के आयात की जरूरत नहीं पड़ती है। परंतु दूध के उत्पादन के मामले में भारत के कुछ भाग ही, जैसे पश्चिमी भाग, सक्रिय भूमिका अदा कर रहे हैं। देश के उत्तरी भाग, मध्य भाग, उत्तर-पूर्व भाग में दुग्ध उत्पादन का कार्य संतोषजनक रूप से नहीं हो पा रहा है। जबकि ग्रामीण इलाकों में तो बहुत बड़ी जनसंख्या को डेयरी उद्योग से ही सबसे अधिक आय हो रही है। अतः देश के सभी भागों में डेयरी उद्योग को बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता है। केवल दुग्ध सहकारी समितियां स्थापित करने से इस क्षेत्र की समस्याओं का हल नहीं होगा। डेयरी उद्योग को अब पेशेवर बनाने का समय आ गया है। गाय एवं भैंस को चिकित्सा सुविधाएं एवं उनके लिए चारे की व्यवस्था करना, आदि समस्याओं का हल भी खोजा जाना चाहिए। साथ ही, ग्रामीण इलाकों में किसानों की आय को दुगुना करने के लिए सहकारी क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना करनी होगी। इससे खाद्य सामग्री की बबार्दी को भी बचाया जा सकेगा। एक अनुमान के अनुसार देश में प्रति वर्ष लगभग 25 से 30 प्रतिशत फल एवं सब्जियों का उत्पादन उचित रख रखाव के अभाव में बर्बाद हो जाता है।

शहरी क्षेत्रों में गृह निर्माण सहकारी समितियों का गठन किया जाना भी अब समय की मांग बन गया है क्योंकि शहरी क्षेत्रों में मकानों के अभाव में बहुत बड़ी जनसंख्या झुग्गी झोपड़ियों में रहने को विवश है। अतः इन गृह निर्माण सहकारी समितियों द्वारा मकानों को बनाने के काम को गति दी जा सकती है। देश में आवश्यक वस्तुओं को उचित दामों पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कंज़ूमर सहकारी समितियों का भी अभाव है। पहिले इस तरह के संस्थानों द्वारा देश में अच्छा कार्य किया गया है। इससे मुद्रा स्फीति की समस्या को भी हल किया जा सकता है।

देश में व्यापार एवं निर्माण कार्यों को आसान बनाने के उद्देश्य से 'ईज आफ डूइंग बिजिनेस' के क्षेत्र में जो कार्य किया जा रहा है उसे सहकारी संस्थानों पर भी लागू किया जाना चाहिए ताकि इस क्षेत्र में भी काम करना आसान हो सके। सहकारी संस्थानों को पूंजी की कमी नहीं हो इस हेतु भी प्रयास किए जाने चाहिए। केवल ऋण के ऊपर अत्यधिक निर्भरता भी ठीक नहीं है। सहकारी क्षेत्र के संस्थान भी पूंजी बाजार से पूंजी जुटा सकें ऐसी व्यवस्था की जा सकती हैं।

विभिन्न राज्यों के सहकारी क्षेत्र में लागू किए गए कानून बहुत पुराने हैं। अब, आज के समय के अनुसार इन कानूनो में परिवर्तन करने का समय आ गया है। सहकारी क्षेत्र में पेशेवर लोगों की भी कमी है, पेशेवर लोग इस क्षेत्र में टिकते ही नहीं हैं। डेयरी क्षेत्र इसका एक जीता जागता प्रमाण है। केंद्र सरकार द्वारा सहकारी क्षेत्र में नए मंत्रालय का गठन के बाद यह आशा की जानी चाहिए के सहकारी क्षेत्र में भी पेशेवर लोग आकर्षित होने लगेंगे और इस क्षेत्र को सफल बनाने में अपना भरपूर योगदान दे सकेंगे। साथ ही, किन्हीं समस्याओं एवं कारणों के चलते जो सहकारी समितियां निष्क्रिय होकर बंद होने के कगार पर पहुंच गई हैं, उन्हें अब पुनः चालू हालत में लाया जा सकेगा। अमूल की तर्ज पर अन्य क्षेत्रों में भी सहकारी समितियों द्वारा सफलता की कहानियां लिखी जाएंगी ऐसी आशा की जा रही है। ह्लसहकारिता से विकासह्व का मंत्र पूरे भारत में सफलता पूर्वक लागू होने से गरीब किसान और लघु व्यवसायी बड़ी संख्या में सशक्त हो जाएंगे।

## संपादकीय

### 'महायुति' में जोरआजमाइश


महाराष्ट्र की 'महायुति' सरकार का शपथ ग्रहण 5 दिसम्बर को होगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। 23 नवम्बर को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के इतने दिनों बाद अभी तक नये मुख्यमंत्री के शपथ न ले सकने पर अटकलबाजियों का बाजार भी गरम है। हालांकि इतना तय है कि मुख्यमंत्री भाजपा का होगा और देवेंद्र फड़णवीस मुख्यमंत्री की दौड़ में आगे चल रहे हैं। इस बीच, कार्यकारी मुख्यमंत्री और शिवसेना (शिंदे) के नेता एकनाथ शिंदे के अचानक स्वास्थ्य संबंधी कारणों से अपने पैतृक गांव चले जाने से यह भी लगता है कि महायुति में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा। महायुति के घटक दल भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) के बीच बताया जाता है कि भाजपा को मुख्यमंत्री पद और उपमुख्यमंत्री के दो पद, जिनमें से एक-एक पद शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) को दिए जाने पर मुहर लग चुकी है। तो शिंदे का एकाएक अपने गांव चले जाने को क्या समझा जाए? दरअसल, संख्या बल के मद्देनजर मुख्यमंत्री पद पर शिंदे दावा करने की स्थिति में नहीं हैं। हालांकि उनके पक्ष के कुछ विधायकों ने यह कहकर मामले को गरमाने की कोशिश जरूर की कि चुनाव उनके चेहरे पर लड़ा गया था और उनकी कुछ योजनाओं ने मतदाताओं को खासा प्रभावित किया जिससे महायुति के पक्ष में जनादेश आया। यह भी कहलवाया गया कि मुख्यमंत्री पद पर ओबीसी को लाया जाए। ढ़ाई-ढ़ाई साल मुख्यमंत्री पद पर रहने का प्रस्ताव भी शिंदे के एक विधायक ने रखा था। लेकिन शिंदे को इतना साफ हो गया है कि भाजपा उन्हें मुख्यमंत्री पद से नहीं नवाजने वाली। उस सूरत में तो कतई नहीं जब अजित पवार के समर्थन से बहुमत का आंकड़ा जुटाने की स्थिति में है। दरअसल, शिंदे की कोशिश है कि मुख्यमंत्री पद नहीं तो कुछ महत्त्वपूर्ण मंत्रालयों पर काबिज हुआ जाए। इससे एक तो उन्हें अपने दल को एकजुट बनाए रखने में मदद मिलेगी और दूसरे, अपने मतदाता वर्ग को भी अपने साथ जोड़े रखने में मदद मिलेगी। शिवसेना (उद्धव) से भविष्य में मिल सकने वाली चुनौती से निश्चिंत होने के लिए शिंदे के लिए जरूरी है कि अपने मतदाता वर्ग और विधायकों को एकजुट रखते हुए अपनी पार्टी को मजबूत बनाए रखें। बहरहाल, शिंदे के सामने ज्यादा विकल्प नहीं हैं। भाजपा के पास सीएम पद रहना तय है। शिवसेना और एनसीपी (अजित) से 1-1 ड़िप्टी सीएम हो सकते हैं। इस बीच, घटक दलों में जोरआजमाइश जारी रहेगी।

## चिंतन-मनन

### गुरु का पाठ

गंगा के किनारे बने एक आश्रम में महर्षि मुद्गल अपने अनेक शिष्यों को शिक्षा प्रदान किया करते थे। उन दिनों वहां मात्र दो शिष्य अध्ययन कर रहे थे। दोनों काफी परिश्रमी थे। वे गुरु का बहुत आदर करते थे। महर्षि उनके प्रति समान रूप से स्नेह रखते थे। आखिर वह समय भी आया, जब दोनों अपने-अपने विषय के पारंगत विद्वान बन गए। मगर इस कारण दोनों में अहंकार आ गया। वे स्वयं को एक-दूसरे से श्रेष्ठ समझने लगे। एक दिन महर्षि स्नान कर पहुंचे तो देखा कि अभी आश्रम की सफाई भी नहीं हुई है और दोनों शिष्य सोकर भी नहीं उठे हैं। उन्हें आश्चर्य हुआ क्योंकि ऐसा पहले कभी नहीं होता था। महर्षि ने जब दोनों को जगाकर सफाई करने को कहा तो दोनों एक-दूसरे को सफाई का आदेश देने लगे। एक बोला-मैं पूर्ण विद्वान हूं। सफाई करना मेरा काम नहीं है। इस पर दूसरे ने जवाब दिया-मैं अपने विषय का विशेषज्ञ हूं। मुझे भी यह सब शोभा नहीं देता। महर्षि दोनों की बातें सुन रहे थे। उन्होंने कहा- ठीक कह रहे हो तुम लोग। तुम दोनों बहुत बड़े विद्वान हो और श्रेष्ठ भी। यह कार्य तुम दोनों के लिए उचित नहीं है। यह कार्य मेरे लिए ही ठीक है। उन्होंने झाड़ू उठाया और सफाई करने लगे। यह देखते ही दोनों शिष्य मारे शर्म के पानी-पानी हो गए। गुरु की विनम्रता के आगे उनका अहंकार पिघल गया। उनमें से एक ने आकर गुरु से झाड़ू ले लिया और दूसरा भी उसके साथ सफाई के काम में जुट गया। उस दिन से उनका व्यवहार पूरी तरह बदल गया।

# मोहन की भागवत का नया अध्याय 'बच्चे बढ़ाओ'



राकेश अचल



वेदव्यास की श्रीमद् भागवत कथा में 18 हजार श्लोक, 335 अध्याय व 12 स्कंध हैं , लेकिन आरएसएस के डॉ मोहन भागवत की कथा में न श्लोकों की संख्या तय है और न अध्यायों की और न स्कन्धों की। ये लगातार घटते-बढ़ते रहते हैं। डॉ मोहन भागवत की भगवत कथा भारतीय संविधान की तरह लचीली है। डॉ भगवत ने अपनी भागवत में एक नया अध्याय जोड़ा है तीन बच्चे पैदा करो का । अब उनके इस नए अध्याय से पूरा देश आल्हादित भी है और चिंतित भी।

संघ प्रमुख कहने को पशु चिकित्स्क हैं किन्तु वे मानवता से ओतप्रोत हैं। उन्हें पशुओं से ज्यादा मनुष्यों की फिक्र रहती है । आजकल उन्हें बहुसंख्यक हिन्दू समाज के अल्पसंख्यक होने की चिंता सता रही है इसीलिए उन्होंने देश की जनता से आव्हान किया है कि हर कोई कम से कम ३ बच्चे तो पैदा करें ही , अन्यथा उनका वजूद मिट जाएगा। डॉ भागवत को शायद पता नहीं है कि आजकल बच्चे पैदा करना तो दूर शादी करना भी कठिन हो गया है । देश में बच्चों से ज्यादा बेरोजगारों की सख्या बढ़ रही है और बरोजगारों की शादी आसानी से नहीं होती।ये बेरोजगार तीन बच्चे पैदा करने के राष्ट्रयज्ञ में कैसे शामिल हो सकते हैं?

गोस्वामी तुलसीदास जी ने राम चरित मानस में लिखा है कि - पर उपदेश कुशल बहुतेरे, जे अचरहिं ते नर न घनेरे। डॉ भागवत इन्हीं घनेरे नरों में से एक हैं। डॉ भागवत को नहीं पता कि शादी करना और विवाह करना कोई आसान काम नहीं है। यदि होता तो वे खुद शादी न कर लिए होते। उनके मित्र प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी ने तो शादी की भी लेकिन भाग खड़े हुए । वे तीन क्या ,एक बच्चा भी इस देश को नहीं दे पाए। समाज की संरचना में इस लिहाज से डॉ भागवत और डॉ मोदी जी का कोई योगदान नहीं है। इसलिए उन्हें ये कहने का भी अधिकार नहीं है कि लोग तीन बच्चे पैदा करें। इस देश को हम दो, हमारे दो का नारा देने वाली देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी ने शादी भी की और दो बच्चे भी देश सेवा के लिए दिए। यानि भागवत और मोदी के मुकाबले इंदिरा गाँधी का योगदान ज्यादा महत्वपूर्ण है। सवाल ये है कि डॉ भागवत को आबादी बढ़ने की सलाह देने की जरूरत आखिर पड़ी क्यों ? क्या डॉ भागवत समाजशास्त्री हैं? क्या डॉ भागवत अर्थशास्त्री हैं? नहीं हैं। वे पशु चिकित्स्क हैं। इसलिए उन्हें आबादी के बारे में बात करने की न पात्रता हासिल है और न किसी ने उन्हें ये अधिकार दिया है। देश की आबादी 2024 में 144 करोड़ थी ,जो भविष्य में घटना नहीं है ,भले ही देश की प्रजनन दर घटकर २ प्रतिशत ही क्यों न हो जाये। आबादी बढ़ाने की फिक्र उन देशों की हो सकती है जिन देशों में लगातार आबादी घट रही है । भारत तो जनसंख्या के मामले में विश्व चैम्पियन है। नंबर वन ,यानि चीन से भी आगे। इस पर भी डॉ भागवत कह रहे हैं कि देश का काम केवल दो बच्चों से चलने वाला नहीं ही ,कम से कम 3 बच्चे हर विवाहित जोड़े को पैदा करना चाहिए। संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत लगता है अपने प्रधानमंत्री के हम उम्र प्रचारक तो हैं किन्तु हम ख्याल बिलकुल नहीं है। उन्हें माननीय प्रधानमंत्री जी की योजनाओं और चिंताओं का पता नहीं है ,यदि पता होता तो वे आबादी बढ़ाने की बात ही न करते । शायद किसी ने डॉ भागवत को ये नहीं बताया कि इस देश में आज भी सरकार को 85 करोड़ लोगों को पेट भरने के लिए मुफ्त में अनाज देना पड़ रहा है। यानि इस आबादी के एक बड़े हिस्से के पास न दो जून की रोटी है,न रहने को घर ,चिकित्सा ,शिक्षा और दीगर सुविधाओं की तो बात ही दूर है। ऐसे में यदि लोगों ने आबादी बढ़ाना शरू कर दी तो ये मुफ्तखोरों की तादाद और नहीं बढ़ा देंगे !

देश को तीन बच्चे पैदा करने का गुरु मंत्र देने वाले डॉ भागवत को अपना समान्य ज्ञान बढ़ाना चाहिए ,क्योंकि शायद वे नहीं जानते कि दुनिया की कुल आबादी का कोई 18 फीसदी हिस्सा तो अकेले भारत के पास है। डॉ भागवत को पशु चिकत्सा शिक्षा के दौरान संयुक्त राष्ट्र संघ की वो रिपोर्ट नहीं पढ़ाई गयी होगी जिसके मुताबिक दुनिया में दुनिया के 1 अरब गरीबों में से 23 करोड़ से ज्यादा लोग अकेले भारत में रहते हैं। इनमें भी बच्चों की संख्या सबसे ज्यादा यानि आधी है। डॉ भागवत को ये नहीं पता कि इस वर्ष की रिपोर्ट संघर्ष के बीच गरीबी पर केंद्रित है, क्योंकि 2023 में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे अधिक संघर्ष हुए और युद्ध, आपदाओं और अन्य कारकों के कारण अब तक की सबसे अधिक संख्या यानी 11.7 करोड़ लोगों को अपने घरों को छोड़कर विस्थापित होना पड़ा। इनमें मणिपुर की विभीषिका में बेघर हुए लोग शामिल नहीं हैं। मुझे पता नहीं है कि डॉ भागवत ने आधुनिक जनसंख्या विज्ञान किस विश्व विद्यालय से पढ़ा है ? मोहन भागवत ने कहा, आधुनिक जनसंख्या विज्ञान कहता है कि जब किसी समाज की जनसंख्या (प्रजनन दर) 2.1 से नीचे चली जाती है, तो वह समाज दुनिया से नष्ट हो जाता है जब कोई संकट नहीं होता है। इस तरह से कई भाषाएं और समाज नष्ट हो गए हैं. जनसंख्या 2.1 से नीचे नहीं जानी चाहिए। मै डॉ मोहन भागवत के ज्ञान को कोई चुनौती देना नहीं चाहता,मेरी हैसियत भी नहीं है चुनौती देने की । लेकिन एक बालक बुद्धि के हिसाब से मै भी एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की तरह जानना चाहता हूँ कि वह अधिक बच्चे पैदा करने वालों को क्या देंगे. क्या वह अधिक बच्चे पैदा करने वालों के बैंक खातों में 1500 रुपये देंगे ? क्या वह इसके लिए कोई योजना लाएंगे ? बहरहाल 3 बच्चे पैदा करने के मशिवरे के बारे में मै तो सोचने से रहा क्योंकि मेरे यहां तो फुलस्टाप लग चुका है ,लेकिन जो अभी इस उद्यम में लगे हैं ,वे सोचें ,समझें और खुद कोई निर्णय करे। डॉ भागवत की बातों में बिना समझे न आ जाएँ ,अन्यथा उनका तीसरा बच्चा भी मुमकिन है उस कतार में बैठा हो जिसे पांच किलो मुफ्त का अनाज खाकर जीवित रहना पड़ता है।

# बरेली पुल हादसा : लापरवाही कहें या हत्या



कुमार समीर

गूगल मैप्स हर किसी के जीवन का हिस्सा बन चुका है। एक स्थान से दूसरे गंतव्य तक पहुंचने के लिए इसका जम कर इसका इस्तेमाल हो रहा है। करोड़ों भारतीय रोजाना सफर करने के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं। इससे उन्हें अपनी यात्रा प्लान करने में मदद मिलती है। इसमें सड़कें, मोड़, लेन की जानकारी शामिल होती हैं।

यह भी सच है कि आज की तारीख में गूगल मैप्स नेविगेशन के क्षेत्र में लीडर की भूमिका में है। लोगों की इस पर निर्भरता किस हद तक बढ़ गई है, इसका अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि अगर आपकी, हमारी बिटिया देर रात भी कैब से एयरपोर्ट, स्टेशन जा रही है, या वहां से घर आ रही हैङ्क तो सुरक्षा के ख्याल से रिसीव करने या सीआफ करने की भी जरूरत नहीं है। घर बैठे ही उसकी लोकेशन ट्रैक की जा सकती है, और यह सुविधा तब तक रहती है, जब तक वह गंतव्य तक सुरक्षित नहीं पहुंच जाती। सुरक्षा की दृष्टि से यह बड़ी बात है, और जो भी इसका इस्तेमाल करते हैं, वे सफर आसान हो जाने के लिए गूगल को धन्यवाद देते भी नहीं थकते।


लेकिन पिछले दिनों बरेली में एक हादसे से सब कुछ उल्टा हो गया है। सुरक्षा को लेकर ही गूगल मैप्स ऐप पर सवाल खड़ा किया जाने लगा है। पूछा जा रहा है कि गूगल मैप्स ने टूटे पुल वाला रास्ता क्यों दिखाया? हालांकि इसमें भी दो राय नहीं कि हादसे के बाद प्रथम दृष्टया कोई भी यही सवाल करेगा। कई लोग तो तर्क देते हैं कि गूगल मैप्स बरेली में त्रासदी को टाल सकता था। यह गूगल मैप्स की लापरवाही है, जो यूजर्स डेटा की बड़ी मात्रा एकत्र करता है। पुल एक साल पहले ही गिर गया था, जिसका मतलब है कि इस अवधि के दौरान किसी भी यूजर ने उस सड़क का उपयोग नहीं किया। अगर यह मामला है तो सबसे बड़ा सवाल है कि गूगल मैप्स एक सड़क की सिफारिश कैसे कर सकता है, जिसका इस्तेमाल एक साल से ज्यादा समय से नहीं हुआ है?

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा मिशन के प्रमुख अमित यादव का कहना है कि इस विसंगति को गूगल मैप्स के एल्गोरिदम द्वारा चिह्नित किया जाना चाहिए था, जिससे संभावित रूप से जीवन बच सकते थे, लेकिन जब इस मामले की तह में जाएंगे तब पता चलेगा कि सबसे बड़ा जिम्मेदार, गुनहगार कौन है बरेली में हुए दर्दनाक हादसे के लिए।

हमें समझना होगा कि आखिर, गूगल मैप कैसे रास्ता दिखाता है, कहां-कहां से डाटा इकट्ठा करके रास्ता बताने का काम करता है, और कब इसके फेल होने का खतरा रहता है? बता दें कि गूगल अपनी मैप सर्विस के लिए कई तरह से डाटा जुटाता है, और इसके आधार पर रास्ता बताता है। सबसे पहले सैटेलाइट इमेज के जरिए रूट की तस्वीर तैयार करता है। इसे तैयार करने में गूगल एरियल फोटोग्राफी का भी इस्तेमाल करता है। ट्रैफिक सिग्नल कैमरा, जीपीएस, यूजर इनपुट और स्ट्रीट मैप के जरिए गूगल डाटा तैयार करता है। इसके बाद गूगल की मैप सर्विस सारे इनपुट के साथ रियल टाइम डाटा की एनालिसिस करती है, और इसके आधार पर गूगल रास्ता दिखाता है। गूगल मैप जीपीएस सिस्टम के जरिए यूजर की लोकेशन और मंजिल के बीच का रास्ता बताता है। मोड़ से पहले वॉयस के जरिए यूजर्स को अलर्ट भी भेजता है। यह सब कुछ इसलिए संभव हो जाता है क्योंकि गूगल कई तरह से डाटा इकट्ठा करता है। सड़क की क्या स्थिति है, यह स्ट्रीट व्यू के जरिए पता चलती है। स्ट्रीट व्यू के लिए वो कैमरे जिम्मेदार होते हैं, जो गूगल को मौजूदा हालात की जानकारी देते हैं। इनके जरिए ही गूगल तक सड़कों की 360 डिग्री तस्वीर पहुंचती है। इन सबकी प्रॉसेसिंग के बाद ही गूगल मैप के जरिए आप तक जानकारी पहुंचाता है।



अब घटना स्थल की बात करें तो जिस पुल पर यह हादसा हुआ उसकी अप्रोच रोड करीब साल भर पहले ही बाढ़ में बह गई थी। दरअसल, बदायूं जिला दातागंज से बरेली जनपद के फरीदपुर को जोड़ने के लिए एक पुल का निर्माण कराया गया था। पुल 2021-22 में बन कर तैयार हुआ था और 2022 में पुल पर वाहन दौड़ने लगे थे। कुछ महीने बाद ही बाढ़ आई और 2023 जुलाई में पुल की अप्रोच रोड पूरी तरह से बह गई। अधूरे पुल पर जाने से ही गत रविवार सुबह कार पुल से नीचे नदी में गिर गई और 3 लोगों की मौत हो गई थी। इस पूरे मामले में पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की बड़ी लापरवाही झलकती है। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने पुल की अप्रोच रोड बहने के बावजूद पुल के दोनों ओर कोई भी अवरोध, बैरिकेड नहीं किया। इस वजह से दर्दनाक हादसे में 3 लोगो की जान चली गई। दोनों ओर बैरिकेड होता तो हादसा नहीं होता। कैमरे से गूगल को टूटे हुए पुल की जानकारी मिल जाती। पीडब्ल्यूडी द्वारा जान बूझकर पुल के दोनों किनारों पर मजबूत बैरिकेडिंगङ्क अवरोध, रिफ्लेक्टर बोर्ड नहीं लगाया गया था। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।



> **जब हम अंदर से भरपूर होते हैं, तब हमें किसी की भी कोई मदद की आवश्यकता नहीं रहती, परंतु ज्यों ही हमारा स्टॉक खत्म हो जाता है, त्यों ही हम एक असहाय बच्चे की तरह अपने दोनों हाथ जोड़कर ईश्वर से प्रार्थना करने लगते हैं।**

# ऐसे कीजिए प्रार्थना ईश्वर जल्द सुनेंगे

संसार में ऐसा कोई भी मनुष्य प्राणी नहीं होगा जो प्रार्थना न करता हो। अमीर, गरीब, छोटे,बड़े जो भी हैं, वे सभी प्रार्थना अवश्य करते हैं, मगर हममें से अधिकांश लोग दु:ख की घड़ी में प्रार्थना ज्यादा करते हैं, इसलिए ही तो संत कबीर जी ने यह कहा है कि...

**दुख में सुमिरन सब करे, सुख में करै न कोय।**
**जो सुख में सुमिरन करे दुख काहे को होय॥**

वास्तव में देखा जाए तो ऐसा ही है, क्योंकि जब हम अंदर से भरपूर होते हैं, तब हमें किसी की भी कोई मदद की आवश्यकता नहीं रहती, परंतु ज्यों ही हमारा स्टॉक खत्म हो जाता है, त्यों ही हम एक असहाय बच्चे की तरह अपने दोनों हाथ जोड़कर ईश्वर से प्रार्थना करने लगते हैं।

अनुभव के आधार परऐसा अनेक बार देखा गया है कि सच्चे हृदय से यदि भगवान की प्रार्थना की जाती है तो अपना इच्छित मनोरथ व कार्य जरूर पूरा होता है।

इसके पीछे का अध्यात्मिक रहस्य यह है कि प्रार्थना करने वाले को यह विश्वास रहता है कि परमात्मा ऐसा शक्तिशाली है कि वह आसानी से मेरी इच्छा को पूरा करेंगे ही। इसके साथ-साथ वह यह भी सोचता है कि मैं अपने अन्त:करण का श्रेष्ठतम भाग, श्रद्धा,विश्वास, परमात्मा पर आरोपण करते हुए सच्चे हृदय से प्रार्थना कर रहा हूं।

इसलिए मेरी पुकार सुनी जाएगी। मनोचिकित्सकों के अनुसार कोई भी मनुष्य जब अपनी मानसिक स्थिति ऐसी बना ले कि मेरा मनोरथ सफल होने की पूरी आशा, पूरी संभावना है ही, तो अधिक मौकों पर उसके मनोरथ पूरे हो ही जाते हैं, क्योंकि आशा और संभावनामयी मनोदशा के कारण मनुष्य की शारीरिक और मानसिक शक्तियां असाधारण रूप से जाग उठती हैं जिसके फलस्वरूप सफलता का मार्ग बहुत आसान बनता जाता है और प्राय: वह प्राप्त भी हो जाता है।

परमात्मा की दृष्टि में सभी प्राणी एक समान हैं, अत: वे समदर्शी कहलाते हैं। किंतु उस समदर्शी को भी विवश होकर एक बार यह कहना पड़ा कि समदर्शी मोहि कह सबकोऊ। सेवक प्रिय अनन्य गति सोऊ॥

अर्थात सभी मुझे समदर्शी कहते हैं, पर मुझे सेवक प्रिय हैं, क्योंकि वह अनन्य गति होता है। इसीप्रकार से विष्णु चतुर्भुज की प्रार्थना में जब भक्तयह कहते हैं कि

**अविनयमपनय विष्णो दमयमनशमय विषयमृगतृष्णाम।**
**भूतदयां विस्तारयतारय संसारसागरत**

तब उनकी यह प्रार्थना में कितनी श्रद्धा, विश्वास एवं नम्रता दिखती हैं। अब ऐसा कौन मनुष्य होगा जो इस नम्रता परन पिघल उठे? यह तो फिर उस महान विभूति के लिये प्रयुक्त है जो अपनी दयालुता के लिए दया सागर के नाम से विख्यात हैं।

इस प्रार्थना के बाद क्या कोई चिन्ता, दु:ख द्वेषादि टिक सकते हैं? बिलकुल नहीं! गीता में प्रभु स्वयंजब यह गारंटी देते हैं कि जो मनुष्य एकमात्र मुझे लक्ष्य मान कर अनन्य-भाव से मेरा ही स्मरण करते हुए कर्तव्य-कर्म द्वारा पूजा करते हैं, जो सदैव निरन्तर मेरी भक्ति में लीनरहता है उस मनुष्य की सभी आवश्यकता और सुरक्षा की जिम्मेदारी मैं स्वयं निभाता हूं,तो फिर उसे न मानने की कोई गुंजाइश नहीं रहती।

परमात्मा की ओर अपना ध्यान केंद्रित करें: यहां वहां हाथ फैलाने से बेहतर हैं की हम उस एक परमात्मा की ओर अपना ध्यान केंद्रित करें और अपनी हर समस्याओं का समाधान प्राप्त करने के लिए केवल उस एक सर्व शक्तिमान के सामने अपना माथा टेकें। सच्चे हृदय से यदि ईश्वर की प्रार्थना की जाएतो भक्तों की हर इच्छा व मनोरथ वह जरूर पूरी करते हैं।



# बड़े ही विचित्र तरीके से हुआ था राधा का जन्म

पुराणों में वर्णित है कि एक बार गोलोक में किसी बात पर राधा और श्रीदामा नामक गोप में विवाद हो गया। श्रीराधा ने उस गोप को असुर योनि में जन्म लेने का श्राप दिया। तब उस गोप ने भी श्रीराधा को यह श्राप दिया कि आपको भी मानव योनि में जन्म लेना पड़ेगा। वहां गोकुल में श्रीहरि के ही अंश महायोगी रायाण नामक एक वैश्य होंगे। आपका छाया रूप उनके साथ रहेगा। भूतल पर लोग आपको रायाण की पत्नी ही समझेंगे, श्रीहरि के साथ कुछ समय आपका विछोह रहेगा। ब्रह्म वैवर्त पुराण के अनुसार जब भगवान विष्णु के श्रीकृष्ण अवतार का समय आया तो उन्होंने राधा से कहा कि तुम जल्द ही वृषभानु के घर जन्म लो। श्रीकृष्ण के कहने पर ही राधा ब्रज में वृषभानु वैश्य की कन्या हुई। राधा देवी अयोनिजा यानी माता के गर्भ से उत्पन्न नहीं हुई थीं उनकी माता ने गर्भ में वायु को धारण कर रखा था। उन्होंने योगमाया की प्रेरणा से वायु को ही जन्म दिया परंतु वहां स्वेच्छा से श्रीराधा प्रकट हो गईं।



# तीर्थ यात्रा करते वक्त ध्यान रखनी चाहिए ये 5 बातें

**तीर्थ दर्शन की परंपरा काफी पुराने समय से चली आ रही है। मान्यता है कि तीर्थ यात्रा से जाने-अनजाने में किए गए पापों से मुक्ति मिल जाती है। साथ ही, अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। यदि आप भी किसी तीर्थ स्थान पर जाना चाहते हैं तो यहां जानिए 5 ऐसी बातें जो यात्रा में ध्यान रखना चाहिए**

- तीर्थ क्षेत्र में जाने पर मनुष्य को स्नान, दान, जप आदि करना चाहिए। अन्यथा वह रोग एवं दोष का भागी होता है।
- अन्यत्र हिकृतं पापं तीर्थ मासाद्य नश्यति। तीर्थेषु यत्कृतं पापं वज्रलेपो भविष्यति। इस श्लोक का अर्थ यह है कि किसी दूसरी जगह किया हुआ पाप तीर्थ में जाने से नष्ट हो जाता है, लेकिन तीर्थ में किया हुआ पाप कभी नष्ट नहीं हो पाता है। अत: तीर्थ क्षेत्र में कोई अधार्मिक कर्म नहीं करना चाहिए।
- जब कोई व्यक्ति अपने माता-पिता, भाई, परिजन अथवा गुरु को पुण्य फल दिलवाने के उद्देश्य से तीर्थ में स्नान करता है, तब स्नान करने वाले व्यक्ति को पुण्य फल का बारहवां भाग प्राप्त होता है।
- जो व्यक्ति दूसरों के धन से तीर्थ यात्रा करता है, उसे पुण्य का सोलहवां भाग प्राप्त होता है।
- जो व्यक्ति किसी दूसरे कार्य से तीर्थ में जाता है तो व्यक्ति को तीर्थ जाने का आधा पुण्य फल प्राप्त होता है।

# इस कारण स्त्रियां कभी नहीं फोड़ती हैं नारियल!

नारियल को श्रीफल के नाम से भी जाना जाता है। ऐसी मान्यता है की जब भगवान विष्णु ने पृथ्वी पर अवतार लिया तो वे अपने साथ तीन चीजें- लक्ष्मी, नारियल का वृक्ष तथा कामधेनु लाए इसलिए नारियल के वृक्ष को श्रीफल भी कहा जाता है। श्री का अर्थ है लक्ष्मी अर्थात नारियल लक्ष्मी व विष्णु का फल। नारियल में त्रिदेव अर्थात ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास माना गया है। श्रीफल भगवान शिव का परम प्रिय फल है। मान्यता अनुसार नारियल में बनी तीन आंखों को त्रिनेत्र के रूप में देखा जाता है। श्रीफल खाने से शारीरिक दुर्बलता दूर होती है। इष्ट को नारियल चढ़ाने से धन संबंधी समस्याएं दूर हो जाती हैं। भारतीय पूजन पद्धति में नारियल अर्थात श्रीफल का महत्वपूर्ण स्थान है। कोई भी वैदिक या दैविक पूजन प्रणाली श्रीफल के बलिदान के बिना अधूरी मानी जाती है। यह भी एक तथ्य है कि महिलाएं नारियल नहीं फोड़तीं। श्रीफल बीज रूप है, इसलिए इसे उत्पादन अर्थात प्रजनन का कारक माना जाता है। श्रीफल को प्रजनन क्षमता से जोड़ा गया है। स्त्रियों बीज रूप से ही शिशु को जन्म देती हैं और इसलिए नारी के लिए बीज रूपी नारियल को फोड़ना अशुभ माना गया है। देवी-देवताओं को श्रीफल चढ़ाने के बाद पुरुष ही इसे फोड़ते हैं। शनि की शांति हेतु नारियल के जल से शिवलिंग पर रुद्रभिषेक करने का शास्त्रीय विधान भी है। भारतीय वैदिक परंपरा अनुसार श्रीफल शुभ, समृद्धि, सम्मान, उन्नति और सौभाग्य का सूचक माना जाता है। किसी को सम्मान देने के लिए उनी शॉल के साथ श्रीफल भी भेंट किया जाता है। भारतीय सामाजिक रीति-रिवाजों में भी शुभ शगुन के तौर पर श्रीफल भेंट करने की परंपरा युगों से चली आ रही है। विवाह की सुनिश्चित करने हेतु अर्थात तिलक के समय श्रीफल भेंट किया जाता है। बिदाई के समय नारियल व धनराशि भेंट की जाती है। यहां तक की अंतिम संस्कार के समय भी चिता के साथ नारियल जलाए जाते हैं। वैदिक अनुष्ठानों में कर्मकांड में सूखे नारियल को वेदी में होम किया जाता है।



श्रीफल कैलोरी से भरपूर होता है। इसकी तासीर ठंडी होती है। इसमें अनेक पोषक तत्व होते हैं। इसके कोमल तनों से जो रस निकलता है उसे नीरा कहते हैं उसे लज्जतदार पेय माना जाता है। सोते समय नारियल पानी पीने से नाड़ी संस्थान को बल मिलता है तथा नींद अच्छी आती है। इसके पानी में पोटेशियम और क्लोरीन होता है जो मां के दूध के समान होता है। जिन शिशुओं को दूध नहीं पचता उन्हें दूध के साथ नारियल पानी मिलाकर पिलाना चाहिए। डि-हाइड्रेशन होने पर नारियल पानी में नीबू मिलाकर पिया जाता है। इसकी गिरी खाने से कामशक्ति बढ़ती है। मिश्री संग खाने से गर्भवती स्त्री की शारीरिक दुर्बलता दूर होती है तथा बच्चा सुंदर होता है।

# घर के नजदीक हो ये पेड़-पौधे तो अवश्य करें पूजा होते हैं ढेरों लाभ

**प्राचीनकाल से सनातन संस्कृति में पेड़-पौधों का पूजन होता आया है। ज्योतिष और वास्तु विद्वान भी मानते हैं की इनके पूजन करने से जीवन में आ रही बहुत सारी बाधाओं से मुक्ति पाई जा सकती है। कुछ ऐसे पेड़-पौधे होते हैं, जिन्हें घर में अवश्य रोपित करना चाहिए। यदि आपके घर में स्थान न हो तो आसपास भी ये दिखें तो अवश्य इनका पूजन करें। इससे आपको ढेरों लाभ प्राप्त होंगे।**

## तुलसी



विष्णु प्रिया हर हिंदू घर में विराजित होनी चाहिए। यदि आपके घर में नहीं हैं तो आज ही ले आएं। सुबह-शाम इन्हें जल अर्पित कर दीपदान करना चाहिए। जिस घर में ऐसा होता है वहां कभी किसी चीज का अभाव नहीं रहता।

## पीपल



इस पेड़ को घर में नहीं लगाना चाहिए और न ही इसकी छाया आपके आशियाने पर पड़नी चाहिए। घर से थोड़ी दूरी पर रोपित इस पेड़ का पूजन अवश्य करें। पीपल को जल से सींचने पर सभी पापों का जहां नाश हो जाता है वहीं पितर भी प्रसन्न होकर जीव पर कृपा करते हैं।

## बिल्व



भगवान शिव के प्रिय बिल्व वृक्ष को काटने से वंश का अंश समाप्त हो जाता है और उसे लगाने से वंश में वृद्धि होती है। बिल्व पत्र के अभाव में शिव पूजा अधूरी रहती है। नौकरी में प्रमोशन पानी हो या दुख-दर्द से छुटकारा, करें इस पेड़ की पूजा।

## केला

घर में केले का पेड़ ईशान कोण में लगाने से धन वृद्धि होती है। यदि इसके साथ तुलसी का पौधा भी रोपित कर दिया जाए तो घर-परिवार पर श्रीविष्णु-लक्ष्मी की कृपा सदा बनी रहती है।

## बरगद

बरगद का पूजन करने से घर-परिवार में सुख-समृद्धि सदा बनी रहती है।

## आंवला

प्रतिदिन इसका पूजन करने से जाने-अनजाने किए गए पापों से मुक्ति मिलती है।

## शमी

घर में शमी का पेड़ लगाने से दैवीय कृपा बनी रहती है।

## अशोक

ये पेड़ जीवन से हर शोक का नाश करता है। जो लोग प्रतिदिन अशोक के पेड़ पर जल अर्पित करते हैं उन पर दैविय कृपा बनी रहती है। उन्हें बीमारी, दुख, अशान्ति जैसी चिंताएं छू भी नहीं पाती।



## संक्षिप्त खबरें

### अलग-अलग दुर्घटनाओं में 4 की मौत, 3 घायल

**पटना।** बिहार के पूर्णिया और औरंगाबाद में हुई सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत के हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हैं। तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पहली घटना रविवार देर रात की है। पूर्णिया के डगरुआ में ट्रक ने तीन बाइक सवारों को कुचल दिया। घटना में तीनों की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर पश्चिम बंगाल की ओर फरार हो गया। पुलिस ने तीनों लाश को पोस्टमार्टम के लिए पूर्णिया जीएमसीएच भेज दिया है। मृतकों की पहचान मोहम्मद शाबीर (38), अरूण राम (32) और अशोक कुमार (26) के रूप में की गई है। दूसरी घटना आज सुबह औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के कुशहा गांव के पास की है। जहां ट्रक ने सड़क किनारे खड़े 3 बच्चों समेत कुल 4 लोगों को रौंद डाला। इस हादसे में एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। घटना एनएच-19 पर के पास की है। सभी घायलों को मदनपुर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को गया रेफर कर दिया गया है। मृत बच्चे की पहचान कुशहा गांव निवासी सुरजीत यादव के 14 वर्षीय पुत्र संकेत के रूप में की गई है। तीनों घायल भी उसी गांव के रहने वाले हैं।

### अपराधियों ने की सामाजिक कार्यकर्ता की हत्या



**तारापुर।** तारापुर प्रखंड के बेलबिहमा गांव में बेखौफ अपराधियों ने रविवार की रात सोयी अवस्था में राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ता श्याम सुंदर यादव की चाकू से गोंद कर हत्या कर दी। सोमवार की सुबह में उनका शव घर के दलान पर खून से लथपथ मिला। सूचना मिलते ही हरपुर थाना पुलिस सहित कई थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इधर हत्या के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। बेलबिहमा गांव निवासी श्याम सुंदर यादव रविवार को खाना खाकर घर के दलान पर प्रतिदिन की तरह सो गये। देर रात अपराधियों ने चाकू से गोद-गोद कर उनकी हत्या कर दी।

### आरा में युवक की गोली मार कर हत्या

**आरा।** जिले के संदेश थाना क्षेत्र के तीर्थकॉल गांव में घर से निकले युवक की गोली मारकर हत्या कर फेंका गया शव बरामद हुआ है। उसका शव तीर्थकॉल गांव में संघ मंच के पीछे स्थित आम के बगीचे से सोमवार की सुबह बरामद किया गया। मृतक को काफी करीब से एक गोली दाहिने साइड आंख के ऊपर मारी गई है, जो गर्दन के पिछले हिस्से से आर- पार हो गई है। जबकि दूसरी गोली उसके बाएं साइड पेट में मारी गई है, जो बाएं साइड पीठ से आर- पार हो गई है। घटना को लेकर गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। वहीं मृतक की हत्या किसने और क्यों की। इसका कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। जानकारी के अनुसार मृतक संदेश थाना क्षेत्र के रेपुरा गांव निवासी बलिराम सिंह का 20 वर्षीय पुत्र श्रीराम सिंह है।

### अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न

**मढ़ौरा( सारण)।** मढ़ौरा प्रखंड कार्यालय के सभागार में एसडीओ डा प्रेरणा सिंह की अध्यक्षता में अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राशन कार्ड लाभूको को ई- केवाईसी और आयुष्मान कार्ड देने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में कहा गया कि सभी लाभुकों को ई- केवाईसी कराना जरूरी है। वही लाभुकों के आयुष्मान कार्ड को बनाने का काम तेजी से पूरा करना है। एसडीओ ने बैठक के दौरान प्रखंडों से ई-केवाईसी के अपडेट रिपोर्ट को प्राप्त किया। वही इसको लेकर सम्बंधित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को जरूरी निर्देश दिया। यह कहा गया कि ई-केवाईसी बनाने में कोई लापरवाही नही होनी चाहिए। आयुष्मान कार्ड को लेकर सरकार के दिशा निर्देश से कर्मियों को अवगत कराया। सरकार के निर्देश के आलोक में जो भारतीय नागरिक जिनकी आयु 70 साल से ऊपर है उनका भी आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है। इस दौरान अनुमंडलीय अनुश्रवण समिति के सदस्य एवं सभी प्रखंड सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### बाईक के धक्के से युवक जख्मी

**मढ़ौरा ( सारण)।** मढ़ौरा- छपरा सड़क में बिस्कोमान भवन पेट्रोल पंप के समीप बाइक से धक्का से युवक को घायल करने की एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मढ़ौरा खुर्द निवासी पप्पू कुमार द्वारा दर्ज प्राथमिक में कहा गया है कि वह अपनी बाइक से शादी में शामिल होने जा रहा था। इसी दौरान एक पल्सर बाइक सवार ने अनियंत्रित होकर पीछे से उसकी बाइक में ठोकर मार दी। ठोकर लगने से वह बाइक सहित गढ़ढ़े में गिर गया और उसकी बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना में प्लसर सवार भी जख्मी हुआ जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। वह और उसका भाई दोनों आरोपी बाइक चालक जख्मी से बात करने अस्पताल पहुंचे। वहा उसके पक्ष से 20-25 लोग पहले से मौजूद थे। सभी ने उन दोनों भाइयों के साथ मारपीट शुरु कर दी जिसमें वे दोनों भाई जख्मी हो गए । इस दौरान हमलावरों ने उसके भाई के गले से सोना का चेन और 40 हजार नगद छीन लिया।

# गड़बड़ी के बाद सीएचओ की परीक्षा रद्द, 37 लोग गिरफ्तार



**पटना।** राज्य स्वास्थ्य समिति ने रविवार और सोमवार (एक और दो दिसंबर) को पटना के 12 केंद्रों पर ली गयी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) की कंप्यूटर आधारित परीक्षा को रद्द कर दिया है। ऑनलाइन परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के खुलासे के बाद राज्य स्वास्थ्य समिति ने यह कार्रवाई की है। परीक्षा की अगली तिथि के संबंध में सूचना बाद में प्रकाशित की जायेगी। कदाचार को लेकर बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (इओयू) ने एफआइआर दर्ज करने के बाद विशेष टीम बना कर जांच शुरू कर दी है। तीन केंद्रों पर छापा, तीनों में गड़बड़ी गड़बड़ी की पूर्व सूचना के आधार पर इओयू की टीम द्वारा परीक्षा के दौरान तीन केंद्रों की औचक जांच की गयी। इन तीनों केंद्रों पर गलत तरीके से सर्वर में प्रवेश कर बाहरी सॉल्वर गैंग के जरिये परीक्षा के प्रश्न पत्र हल किये जाने के साक्ष्य मिले। जिसके बाद इओयू ने इन परीक्षा केंद्रों के मालिक, ऑनलाइन परीक्षा आयोजक कंपनी वी साइन प्रालि, परीक्षा संयोजकों, परीक्षा केंद्रों के आइटी मैनेजर और आइटी सपोर्ट स्टाफ, अभ्यर्थियों सहित 37 लोगों को पूछताछ के लिए पहले हिरासत में लिया गया, जिन्हें बाद में गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में मिली नयी जानकारी के आधार पर इओयू अपनी जांच को आगे बढ़ा रहा है। पांच से आठ लाख रुपये की डील की आशंका छापेमारी में इओयू की विशेष टीम को ऑनलाइन परीक्षा केंद्रों और अभियुक्तों के आवास से बड़ी संख्या में कंप्यूटर, मोबाइल फोन, एडमिट कार्ड, अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्र, इलेक्ट्रॉनिक व डिजिटल डिवाइस के साथ ही कई एटीएम, डेबिट व क्रेडिट कार्ड भी बरामद हुए हैं। इनमें से कई उपकरणों को साक्ष्य के तौर पर जब्त किया गया है। आशंका जताई जा रही है कि परीक्षा पास कराने को लेकर प्रति अभ्यर्थी पांच से आठ लाख रुपये में डील हुई थी। अनुसंधान आगे बढ़ने पर मामले में और खुलासा होने की उम्मीद है। 4500 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी की होनी है बहाली मालूम हो कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा राज्य के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर 4500 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी (सीएचओ) पदों पर का विज्ञापन जारी कर 23 नवंबर 2024 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये गये थे। इसके बाद पटना के विभिन्न 12 सेंटरों पर रविवार व सोमवार को कंप्यूटर आधारित परीक्षा ली जानी थी। परीक्षा को कदाचार मुक्त और पूर्ण पारदर्शी बनाने के लिए हर परीक्षा सेंटर पर एक मजिस्ट्रेट के अलावा 12 बिप्रसे के वरीय पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया था।

इस बाबत बिहार के डीआइजी इओयू मानवजीत सिंह ढिल्लन ने कहा कि हमलोगों को सीएचओ की ऑनलाइन परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर कुछ सूचनाएं और साक्ष्य मिले थे। जिसके बाद रविवार को कुछ सेंटर पर रेंडम छापामारी की कार्रवाई की गयी। जांच में प्रॉक्सी सर्वर व रिमोट एप्लीकेशन का इस्तेमाल कर रियल टाइम में प्रश्न सॉल्व किये जाने का साक्ष्य मिले। अब तक 37 लोगों को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया है।

## चिराग को झटकाः पार्टी के 100 नेताओं ने एक साथ दिया इस्तीफा



**गया।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की पार्टी को बड़ा झटका लगा है। उनकी पार्टी के 100 नेताओं और वर्कर्स ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। गया जिले के इन नेताओं ने आरोप लगाया है कि पार्टी के बड़े नेता उन पर ध्यान नहीं देते हैं, सिर्फ कुछ लोगों को खास वजह से सम्मान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान सिर्फ बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट का नारा देते हैं। पार्टी में जमीनी कार्यकर्ता को महत्व नहीं दिया जाता है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के वक्त नेताओं ने कहा कि अब हम आगे की रणनीति बनाएंगे।

**समस्या सुनने वाले कोई नहीं :** एलजेपी (रा) के युवा विंग के जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार ने कहा, 'पार्टी में उनकी कोई सुनवाई नहीं होती। प्रदेश स्तर पर कोई भी नेता उनकी समस्याएं नहीं सुनता। सिर्फ एक खास गुट के लोगों की ही बात सुनी जाती है।' उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा, 'बेलागंज में हुई मारपीट की घटना में चिराग पासवान खुद गए थे। लेकिन टिकारी में हुई हत्या की घटना पर पार्टी का कोई भी नेता नहीं पहुंचा। एक युवा नेता की मां एम्स में भर्ती थीं, लेकिन पार्टी ने उनके इलाज में कोई मदद नहीं की। ऐसे कई मौकों पर उन्हें उपेक्षित और अपमानित महसूस कराया गया। इसलिए हमने सामूहिक रूप से इस्तीफा देने का फैसला किया।'

**बताया आगे का प्लान :** मुकेश कुमार ने भविष्य की रणनीति के बारे में पूछे जाने पर बताया कि सभी लोग जल्द ही एक बैठक करेंगे और आगे का रोड मैप तैयार करेंगे। एक साथ 100 युवा नेताओं के इस्तीफे से गया में चिराग पासवान की पार्टी को जरूर झटका लगा है। यही नेता गांव-गांव घूमकर पार्टी की विचारधारा को आम लोगों तक पहुंचाते हैं। लोगों को बताते हैं कि उनकी पार्टी कैसे अन्य दलों से अलग है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि पार्टी इस स्थिति से कैसे निपटती है।

## सनकी ने गर्भवती भाभी को चाकू से गोद कर मार डाला

**पूर्णिया।** सनकी देवर ने अपनी गर्भवती भाभी की चाकू से गोद कर बेहरमी से हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपित देवर ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध कबूल कर लिया है। घटना सोमवार को मरंगा थाना क्षेत्र के लाइन बस्ती में हुई। मृतका लाइन बस्ती निवासी केशव कुमार की पत्नी रीमा देवी बतायी गयी है। मरंगा थानाध्यक्ष रूपक रंजन सिंह ने बताया कि आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त चाकू को भी बरामद कर लिया गया है। घटना के संबंध में मर्माहत पति केशव कुमार ने बताया कि डेढ़ साल पूर्व रीमा देवी के साथ बड़ी धूमधाम से शादी हुई थी। पत्नी सात माह की गर्भवती थी। शादी के बाद से सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था। सोमवार को रोज की तरह वह सुबह गैस प्लांट ऑफिस काम करने के लिए गया था। पत्नी घर में मां के साथ थी। छोटा भाई कॉलेज गया था और दूसरा भाई सूरज कुमार घर पर ही था।

## लोन दिलाने के नाम पर 28 लाख रुपये की ठगी

**नरकटियागंज।** लोन दिलाने के नाम पर सीएसपी संचालक से 28 लाख रुपए की ठगी कर ली गयी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ठगी के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार की पहचान नगर के हरदिया चौक निवासी सोनू कुमार मिश्र के रूप में हुई है। मामले में पीड़ित सीएसपी संचालक मैनाटाड़ निवासी गोविंद कुमार ने पंकज कुमार उर्फ सोनू कुमार मिश्र,उसकी पत्नी श्वेता कुमारी और उसके छोटे भाई मोनू कुमार मिश्र को नामजद आरोपित करते हुए एफआइआर दर्ज कराया है।

## अवैध अबरख खनन के दौरान चाल धंसने से मजदूर की मौत,दो महिला मजदूर घायल

**नवादा ।** जिले के रजौली जंगल में अवस्थित अबरख खदान में चल धसने से सोमवार को एक पुरुष मजदूर की मौत हो गई ,वहीं दो महिला मजदूर बुरी तरह जख्मी हो गए हैं । रजौली के थाना अध्यक्ष के प्रयास से लाश को बरामद कर लिया गया है। रजौली थानाध्यक्ष राजेश कुमार की तत्परता से शव को बरामद कर लिया गया है। नवादा जिले के रजौली जंगल मे अवस्थित भैंसदुबि अबरख खदान में चाल धसने एक मजदूर की मौत सोमवार को हो गई थी ।सूचना के बाद रजौली पुलिस लगातार शव की बरामदगी के लिए जंगली क्षेत्रो में छापेमारी करती रही। आखिरकार मृतक बासुदेव मांझी उर्फ सारो मांझी का शव 24 घंटे के बाद सवैयाटांड़ पंचायत के ढकनिछोर के जंगल से बरामद कर लिया गया है।

**पुलिस आने की सूचना पर माफिया घर और फिर जंगल मे छुपा कर रखा शव :** जानकार बताते हैं कि अबरख माफिया सवैयाटांड़ के नदियापर निवासी जुगल सिंह के पुत्र महेंद्र सिंह को जब भनक लगी कि पुलिस आने वाली है तो आनन फानन में अबरख खदान से मृतक के शव को निकाल कर अपने घर में छुपा दिया और जैसे ही पुलिस घटनास्थल की ओर गई। वैसे ही शव को मृतक के परिजनों को सौंप दिया। लेकिन पुलिसिया दबिश के कारण जब शव को ठिकाने नही लगा सकी, तो मृतक के शव को ढकनिछोर के जंगल मे छोड़ कर भाग निकले।

## टायर दुकान की आड़ में चल रहा था अवैध शराब का धंधा, चार गिरफ्तार



**पूर्णिया।** उत्पाद विभाग की टीम ने आरएन साह चौक स्थित रवि टायर हाउस की दुकान में अनलोडिंग कर रहे डाक पार्सल गाड़ी से भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ कुख्यात शराब तस्कर विकास यादव सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। विकास यादव पर अवैध शराब की तस्करी को लेकर लगभग एक दर्जन से अधिक मामले पहले से दर्ज हैं एवं कई मामलों में वह वांछित है। विकास यादव की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए पूर्णिया उत्पाद विभाग सहायक आयुक्त नीरज कुमार रंजन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि शहर के आरएनसाह चौक स्थित रवि टायर हाउस में भारी मात्रा में शराब बेची जा रही है। एक डाक पार्सल गाड़ी से शराब की अनलोडिंग होनी है। गुप्त सूचना के आधार पर अवर निरीक्षक चंदन कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी। गठित टीम द्वारा रवि टायर हाउस में छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान डाक पार्सल गाड़ी को जब्त किया गया, जिससे विभिन्न महंगे ब्रांड के कुल 1192 लीटर विदेशी शराब बरामद की गयी। साथ ही चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में मरंगा निवासी विकास यादव, मधुबनी सिपाही टोला निवासी मोहम्मद तबरेज, महबूब खां टोला निवासी मुकेश साह सहित गाड़ी चालक कुंदन कुमार शामिल हैं।

## पेज एक का शेष

### राजस्व वसूली में...

कई बार विभागों के बीच को-ऑर्डिनेशन नहीं होने से राजस्व संग्रहण की गति धीमी हो जाती है और लक्ष्य के हिसाब से राजस्व संग्रहण नहीं हो पता है। ऐसे में इस समस्या के समाधान के लिए सभी विभाग आपस मे समन्वय बनाकर राजस्व संग्रहण का कार्य करें। इसके लिए जिलों में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।

**राजस्व देने वाली एजेंसियों को बिजनेस मॉडल बनाएं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि कई विभागों में ऐसी एजेंसी, बोर्ड और निगम हैं जो राजस्व का बेहतर माध्यम साबित हो सकते हैं। ऐसी एजेंसियों को बिजनेस मॉडल के रूप में स्थापित करें, ताकि वे अपने कार्यों का विस्तार कर सकें। इससे राज्य को अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी। राज्य में कई उद्योग और कंपनियां कार्य कर रही हैं। इनके द्वारा सीएसआर मद से कई जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाता है, लेकिन इनके द्वारा खर्च की जा रही सीएसआर राशि की जानकारी राज्य सरकार तक नहीं पहुंच पाती है। ऐसे में एक ऐसा मैकेनिज्म बनाएं, जिसके जरिए कंपनियों द्वारा सीएसआर मद में किए जाने वाले खर्च की जांच हो सके।

**उच्च स्तरीय बैठक में ये अफसर थे उपस्थित :** उच्च स्तरीय बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव एमएस मीणा, प्रधान सचिव सुनील कुमार, सचिव प्रशांत कुमार, सचिव प्रवीण टोप्पो, सचिव अमिताभ कौशल, सचिव अबू बकर सिद्दीक, सचिव कृपानंद झा, सचिव के श्रीनिवासन, सचिव मनोज कुमार, सचिव उमाशंकर सिंह, सचिव चंद्रशेखर, सचिव अरवा राजकमल, सचिव विप्रा भाल, सचिव जितेंद्र सिंह, सचिव मनोज के अलावा संजीव बेसरा, अमित कुमार, निशा उरांव और सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय के निदेशक राजीव लोचन बक्शी उपस्थित थे।

### बंगाल ने आलू...

लेकिन बंगाल से आलू सप्लाई रोके जाने के बाद उत्तर प्रदेश और पंजाब से आलू मंगवा कर डिमांड को पूरा किया जा रहा है। सोमवार को भी पंडरा बाजार समिति में उत्तर प्रदेश से करीब 20 ट्रक यानी 600 टन आलू पहुंचा है।

प्रतिदिन 15 हजार टन की झारखंड में सप्लाई : राज्य में पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और पंजाब से प्रतिदिन करीब 500 ट्रक आलू की सप्लाई होती है। अकेले राजधानी रांची के पंडरा बाजार समिति में औसतन 30 ट्रक आलू की खपत होती है। इस डिमांड को अधिकांश प. बंगाल पूरा करता है। इस मंडी में हर दिन करीब 20 ट्रक आलू प. बंगाल से आता है, शेष उत्तर प्रदेश और पंजाब से आता है। फिलहाल बदली हुई परिस्थिति में झारखंड के व्यवसायियों ने डिमांड को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश और पंजाब से आलू मंगवाना शुरू कर दिया है। हालांकि स्वाद के लिहाज से बंगाल का आलू ज्यादा पसंद किए जाने से मार्केट में इसका दाम बढ़ा हुआ है। जो बंगाल का आलू 30 से 35 रुपया बिक रहा था वो आज खुदरा में 40 से 45 पर पहुंच गया है।

### साहिबगंज में पेट्रोल...

**अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित किया :** गोली लगने के बाद शालिग्राम मंडल के आसपास लोग जमा हो गए। कुछ देर बाद तीनपहाड़ थाना का गश्ती दल भी पहुंच गया। घायल शालिग्राम मंडल को उठा कर इलाज के लिये अनुमंडल अस्पताल राजमहल ले जाया गया। जहां इलाज कर रहे चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद बरहरवा एसडीपीओ नितिन खण्डेलवाल, तीनपहाड़ थाना प्रभारी मो. शाहरुख, राधानगर थाना प्रभारी नितेश पांडे, तालझारी थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज, राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और मामले की जांच की आसपास के लोगों से पूछताछ की।

**पुलिस ने क्या कहा :** एसडीपीओ ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है। सूचना मिली है कि प्रतिदिन का कलेक्शन लेकर बैंक में जमा करने जा रहे थे, जिसे अपराधियो द्वारा गोली मारकर छीन लिया गया अपराधी जल्द पकड़े जाएंगे। परिजनों का दावा है कि लगभग 15 लाख नगदी रुपए उनके पास थे। एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस सभी बिंदुओं की जांच कर रही है। परिजनों से नगदी की भी जानकारी ली जाएगी। पूछताछ जारी है। अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर भी छापेमारी जारी है।

### लातेहार में बदमाशों...

**अपराधियों ने ड्राइवर के साथ की बदसलूकी :** लातेहार के बालूमाथ थाना क्षेत्र के मकईयाटांड़ के पास अपराधी पहुंचे और वहां कोयला लदे दो वाहनों में आग लगा दी। बताया जाता है कि जब अपराधियों ने एक वाहन में आग लगाई, तो दूसरे वाहन का ड्राइवर वहां से भागने की कोशिश करने लगा। लेकिन अपराधियों ने फायरिंग कर ड्राइवर को रोक लिया और उसके साथ बदसलूकी करते हुए ड्राइवर को वाहन से उतार कर दूसरे वाहन में भी आग लगा दी।

**ड्राइवर ने सुनाई घटना की आपबीती :** ड्राइवर साबिर अंसारी ने बताया कि वह तुबेद से कोयला लेकर कुसमाही साइडिंग आ रहा था। लेकिन साइडिंग के पास चार अपराधी पहुंचे और उसकी गाड़ी को रोक लिया। अपराधियों ने सबसे पहले उसका मोबाइल छीन लिया और गाड़ी में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। अपराधियों ने साबिर को मौके से भगा दिया। साबिर ने बताया कि अपराधियों ने एक पर्चा भी फेंका। मुख्य सड़क के किनारे अपराधी बेखौफ होकर इस तरह की घटना को अंजाम दे रहे हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल है।

**अपराधियों की खोजबीन में पुलिस कर रही छापेमारी :** घटना की सूचना मिलने के बाद बालूमाथ पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी भी कर रही है। पुलिस का कहना है कि अपराधी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

**इधर, खूंटी के कर्रा में पीएलएफआई उग्रवादियों ने तीन वाहनों में लगाई आगः** खूंटी। खूटी जिले के कर्रा थाना क्षेत्र के लोधमा रेलवे स्टेशन के पास पीएलएफआई उग्रवादियों ने दो स्थानों पर पर्चा साटा। वहीं चंदापारा गांव के पास रेलवे अंडरग्राउंड पुल का निर्माण कर रही कंपनी के तीन वाहनों में आग लगाने का प्रयास किया। यह घटना रविवार की देर रात हुई है। हालांकि वाहनों में आग लगाते समय मजदूरों ने देख लिया। जिससे समय रहते आग बुझा ली गई। जिससे वाहनों को ज्यादा क्षति नहीं पहुंची। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर कर्रा पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर पर्चा जब्त कर लिया।

### हजारीबाग में बेखौफ...

एसपी अरविंद कुमार सिंह के अनुसार पुलिस इस बात की जांच करने की कोशिश कर रही है कि उदय साव घटना से पहले झील परिसर क्यों और किससे मिलने गए थे।

उदय साव कटकमदाग के पूर्व मुखिया और कांग्रेस पार्टी के नेता थे। हाल के दिनों में वो राजनीतिक तौर पर काफी सक्रिय हो गए थे। खासतौर पर विधानसभा चुनाव के वक्त। सामाजिक तौर पर भी वो लोगों से जुडे हुए थे, जिससे इलाके में उनका काफी प्रभाव था। घटना की जानकारी मिलने के बाद उनके कार्यकर्ता और इलाके के नेता अस्पताल पहुंचे थे। इस मुद्दे पर बातचीत करते हुए कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने हजारीबाग की विधि व्यवस्था पर सवाल उठाया। उन्होंने बताया की पिछले कुछ दिनों में ये तिसरी हत्या की वारदात है।

इससे पहले मंजीत यादव की मौत का अबतक खुलासा नहीं हो पाया है। दूसरी ओर एक अन्य घटना में बडकागांव स्थित प्रकाश ठाकुर के घर में घुसकर गोली मारी गई थी। मुन्ना सिंह ने पुलिस से इस मामले में जांच और कार्रवाई की मांग की है।

### यूपी का नया...

इन सभी तकनीकी उपकरणों को एकीकृत नियंत्रण और कमान केंद्र से जोड़ा जा रहा है, जो गंगा के किनारे स्थित टेंट सिटी में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के आवागमन को नियंत्रित करने में मेला पुलिस की मदद करेगा।

### क्रेशर फायरिंग मामले...

इसे लेकर 1 दिसंबर 2024 को पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि चैनपुर-सलतुआ रोड पर लगभग 5-6 लोग अवैध हथियारों के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। इसपर पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई की और धरती अहरा के पास 3 मोटरसाइकिल पर सवार 6 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।

अपराधियों ने किया खुलासा : वहीं, इस दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार किया। उन्होंने बताया कि वे सुजीत सिन्हा गैंग के लिए काम करते हैं। वो करसो स्थित क्रेशर मालिक द्वारा रंगदारी देने में देरी करने पर फायरिंग करने जा रहे थे। इसके साथ ही उन्होंने 29 नवंबर को डोकरा-चांदो क्रेशर में फायरिंग की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। बता दें कि, पुलिस ने उनके पास से घटना में लूटा गया मोबाइल फोन भी बरामद किया है। इस दौरान अपराधियों पर चैनपुर थाना कांड संख्या 246/2024 दिनांक 01.12.2024 धारा 25 (1-b)a, 26, 35 आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

ये किया गया बरामद : इस दौरान पुलिस ने अपराधियों के पास से 03 देसी पिस्तौल, 01 देसी कट्टा, 03 कारतूस, 03 मोटरसाइकिल और 07 स्क्रीन टच मोबाइल बरामद किया। वहीं, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चैनपुर थाना के शाहपुर निवासी 25 वर्षीय अशफाक खान, गर्दा निवासी 22 वर्षीय आशिफ अहमद उर्फ राजा खान, कुरैशी मोहल्ला निवासी 24 वर्षीय फरहान कुरैशी उर्फ शैलू कुरैशी, पांकी थाना क्षेत्र की खपरमंडा 21 वर्षीय कुश कुमार यादव, पांकी थाना के चापी कला निवासी 30 वर्षीय दीपक कुमार भुईयां और सतबरवा थाना के पोची निवासी 22 वर्षीय गुलशन कुमार विश्वकर्मा के रूप में की गई है।

### सुखबीर बादल ...

जूतों की सफाई सेवा में लगे रहेंगे। कीर्तन सरवण की सेवा की जाएगी। सुबह 9 से 10 बजे तक दरबार साहिब के बाहर बैठने की सजा दी जाएगी।

इसके अलावा वे गले में तख्ती लटकाकर सेवा करेंगे। व्हीलचेयर पर बैठकर मुख्य द्वार पर एक घंटे की सेवा। इसके अलावा डेरा प्रमुख की माफी के लिए विज्ञापन राशि ब्याज सहित खाता शाखा में जमा कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। प्रबंधक दरबार साहिब उनकी हाजिरी चेक करेंगे। यह सजा श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुबीर सिंह ने घोषित की।

**शिरोमणि कमेटी पेशवाई का रिमोट इस्तेमाल :** श्री अकाल तख्त पर पंज सिंह साहिबों के समागम में सुखबीर सिंह बादल और अन्य अकाली नेताओं के मामले पर चर्चा की गई और आगे की कार्रवाई की गई। इस संबंध में सुखबीर सिंह बादल सहित 2007 से 2017 तक अकाली सरकार के दौरान कैबिनेट मंत्री रहे 17 अकाली नेताओं, शिरोमणि अकाली दल की तत्काल कोर कमेटी और अंतरिम कमेटी के सदस्यों आदि को अकाल तख्त पर तलब किया गया था।

### झारखंड के 4.79...

**किस जिले में अब कितनी दी गई राशि**

| जिला | राशि (करोड़ में) |
|---|---|
| सिमडेगा | 24.70 |
| सरायकेला | 78.20 |
| बोकारो | 65.02 |
| चतरा | 84.02 |
| देवघर | 134.63 |
| धनबाद | 39.24 |
| दुमका | 91.55 |
| पूर्वी सिंहभूम | 95.25 |
| गढ़वा | 112.30 |
| गिरिडीह | 94.69 |
| गोड्डा | 75.01 |
| गुमला | 47.26 |
| हजारीबाग | 102.59 |
| जामताड़ा | 78.31 |
| खूंटी | 27.69 |
| कोडरमा | 36.05 |
| लातेहार | 37.49 |
| पाकुड़ | 30.78 |
| पलामू | 125.81 |
| रामगढ़ | 31.71 |
| रांची | 10.63 |
| साहेबगंज | 59.39 |
| पश्चिमी सिंहभूम | 94.12 |

## झामुमो विधायक के काफिले की 6 गाड़ियां आपस में टकराईं



**गढ़वा।** गढ़वा जिले से झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के एक नवनिर्वाचित विधायक की गाड़ियों का काफिला आपस में टकरा गया। इसमें 3 गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। दुर्घटना भवनाथपुर-श्रीबंशीधरनगर मुख्य पथ पर वन डिपो के पास हुई। विधायक अनंत प्रताप देव एक दर्जन गाड़ियों के काफिले के साथ पूजा-पाठ करने के लिए केतार मंदिर जा रहे थे। गनीमत यह रही कि दुर्घटना में किसी को चोट नहीं आई।

## फेंगल तूफान से हुई बारिश से हुआ भूस्खलन, घरों पर गिरी 40 टन वजनी चट्टान

- सात लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका, रेस्क्यू में जुटी एनडीआरएफ की टीम

तिरुवन्नामलाई। फेंगल तूफान के चलते सोमवार को केरल, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र में भारी बारिश हो रही है। फेंगल तूफान 30 नवंबर को पुडुचेरी के कराईकल और तमिलनाडु के महाबलीपुरम के बीच समुद्र तट से टकराया था। तूफान अब केरल, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश पहुंच गया है। तमिलनाडु में तिरुवन्नामलाई में पहाड़ी पर भूस्खलन हुआ। एनडीआरएफ के मुताबिक करीब 40 टन वजनी चट्टान पहाड़ से लुढ़ककर वीयूसी नगर की सड़क पर बने घरों पर गिरी जिससे 2 घर जमींदोज हो गए। सात लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। कई लोग लापता हैं। टीम हाईड्रोलिक लिफ्ट से चट्टान हटाने की कोशिश कर रही है। तूफान फेंगल रविवार को कमजोर पड़ गया था। इसके असर से हुई मूसलाधार बारिश से 3 लोगों की मौत हो गई थी। पुड्?डुचेरी जिले में 24 घंटे में 49 सेमी बारिश हुई। यह 20 साल की सबसे ज्यादा बारिश है। शहरी इलाकों में पानी भरने से सेना को बुलाया गया। सेना ने 200 लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। एक हजार लोगों को राहत शिविरों में भी पहुंचाया गया है। प्रशासन इस स्थिति पर नजर रखे हुए है।

## ट्रॉली बैग और पिट्ठू बैग देख पुलिस को हुआ शक, चेक किया तो रह गई हैरान

**–बैग में चांदी की सिल्लियां और दूसरे बैग में 375000 रुपए कैश मिला**

चंदौली। दिल्ली–हावड़ा रेल रूट के पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन (चंदौली) की जीआरपी ने कार्रवाई करते हुए चांदी तस्करों के गिरोह को दबोचा है। ये गिरोह अवैध रुप से चांदी की खेप लेकर वाराणसी से पश्चिम बंगाल जा रहा था। पुलिस ने पकड़े गए युवकों के पास से एक क्विंटल से ज्यादा चांदी की सिल्लियां बरामद की हैं। साथ ही साथ तीन लाख 75 हजार की नगदी भी बरामद की है। जीआरपी के मुताबिक बरामद की गई चांदी की कीमत एक करोड़ रुपए से ज्यादा है। पुलिस ने इस मामले में इनकम टैक्स और जीएसटी की टीम को भी सूचित किया है और मामले की जांच–पड़ताल की जा रही है। जानकारी के मुताबिक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन की जीआरपी और आरपीएफ की टीम स्टेशन पर रूटीन चेकिंग कर रही थी। इस दौरान इन तीन युवक जिनके पास ट्रॉली बैग और पिट्ठू बैग मौजूद थे। शक के आधार पर जब उनके सामानों की तलाशी ली गई तो जीआरपी और आरपीएफ के जवान हैरान रह गए। सभी बैग में चांदी की सिल्लियां भरी थीं। साथ ही साथ एक बैग में 375000 रुपए कैश भी था। पुलिस ने जब उनसे चांदी और कैश के बारे में पूछताछ की तो वे संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। उनके पास किसी भी तरह के कोई कागजात नहीं मिले हैं। पुलिस ने तीनों युवको को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि चांदी की इस खेप को वह बनारस से पश्चिम बंगाल ले जा रहे थे। जीआरपी का कहना है कि इन युवकों ने इससे पहले भी चांदी की तस्करी की थी। अब जीआरपी और आरपीएफ के साथ–साथ जीएसटी और इनकम टैक्स की टीम इनसे पूछताछ कर रही है।

## उत्तर प्रदेश के जालौन में भारी मात्रा में नकली डीएपी खाद बरामद, पांच गिरफ्तार

जालौन। यूपी के जालौन जिले में पुलिस और कृषि विभाग के अधिकारियों ने एक अभियान चलाकर नकली डीएपी खाद बेचने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है और बड़ी मात्रा में नकली डीएपी बरामद की है। यह कार्रवाई जिले के नदी गांव स्थित निखिल खाद भंडार में चल रहे नकली डीएपी निर्माण मामले में की। जालौन एसपी के मुताबिक यह अभियान जिला कृषि अधिकारी के नेतृत्व में कृषि विभाग और स्थानीय पुलिस ने चलाया। अधिकारियों को नदी गांव स्थित एक गोदाम में नकली डीएपी के उत्पादन की सूचना मिली थी, जिसके बाद वहां छापा मारा गया। छापेमारी में अधिकारियों ने गोदाम से 224 बैग नकली डीएपी, एक ट्रक में 616 बैग और एक पिकअप से 57 बैग नकली डीएपी बरामद किया है। इसके अतिरिक्त, खाली डीएपी बैग, सिलाई मशीन और अन्य संबंधित उपकरण भी जब्त किए हैं। जब्त सामान की कुल कीमत करीब 14 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपियों की पहचान आदित्य राठौर, गोविंद तिवारी, धर्मेंद्र गुप्ता, अनुराग याग्निक और विकास चतुर्वेदी के रूप में की है। ये आरोपी इफको डीएपी के नाम से नकली खाद पैकिंग कर रहे थे और इसे जालौन के अलावा पड़ोसी जिलों और मध्यप्रदेश में भी बेच रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस मामले में जांच जारी है।

## छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर मुठभेड़, सात नक्सली ढेर कई हथियार भी बरामद

हैदराबाद । नक्सल विरोधी अभियान में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए पुलिस ने तेलंगाना के मुलुगु जिले में सात खूंखार नक्सलियों को मार गिराया। एसपी मुलुगु डॉ. शबरीश ने जानकारी देते हुए बताया कि एतुरुनगरम वन क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस ने कहा कि तेलंगाना पुलिस के विशिष्ट नक्सल विरोधी बल और उग्रवादियों द्वारा ग्रेहाउंड्स के बीच इटुरनगरम के वन क्षेत्र में तलाशी अभियान के दौरान मुठभेड़ शुरू हुई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि मुठभेड़ में सात माओवादी मारे गए। घटनास्थल से जब्त किए गए हथियारों में दो एके 47 राइफलें भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए लोगों में से एक की पहचान प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) की तेलंगाना राज्य समिति (येल्लंदु नरसंपेट) के सचिव कुरसम मंगू उर्फ ??भद्रू के रूप में हुई है। पुलिस की ओर से किसी के हताहत होने की तत्काल कोई सूचना नहीं है। मारे गए चरमपंथियों में शीर्ष माओवादी नेता बदरू के भी शामिल होने का संदेह है। बदरू सीपीआई (माओवादी) की येलंडु–नरसंपेटा एरिया कमेटी का सचिव और प्रतिबंधित संगठन की तेलंगाना राज्य कमेटी का सदस्य था।

# भागवत की सलाह का ही कर लें सम्मान

**–आखिर क्यों दिया खडगे ने आरएसएस प्रमुख का हवाला**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा की टॉप लीडरशिप को विभाजनकारी रणनीति अपनाने वाली बता देशभर में मस्जिदों और दरगाहों के सर्वेक्षण कराने के प्रयासों का कड़ा विरोध किया है। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने इस बीच कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 का विरोध कर रहे हैं और इसका विरोध करना जारी रखा जाएगा। उन्होंने भाजपा से संघ प्रमुख के 2022 के बयान का जिक्र करते हुए भाजपा के टॉप लीडर्स से उसे मानने की बात कही।

दरअसल कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा के टॉप लीडर्स से मोहन भागवत के 2022 के उस बयान पर ध्यान देने को कहा, जिसमें आरएसएस प्रमुख ने कहा था कि हमारा उद्देश्य राम मंदिर का निर्माण करना था और हमें हर मस्जिद के नीचे शिवालय नहीं मिलना चाहिए। उन्होंने पूजा स्थल अधिनियम 1991 का भी हवाला दिया, जिसे धार्मिक स्थलों की 1947 जैसी स्थिति बनाए रखने के लिए खासतौर पर बनाया गया था। खड़गे की यह टिप्पणी उत्तर प्रदेश के संभल में हुई हिंसा के मद्देनजर आई है। संभल की जामा मस्जिद में सर्वे



को लेकर हुई हिंसा के बाद पूरे देश में तनाव की स्थिति बनने लगी थी, जिसे लेकर विपक्ष एक बार फिर भाजपा लीडरशिप के खिलाफ लामबंद होती दिखी है।

यहां दिल्ली में आयोजित एक रैली के दौरान खड़गे ने कहा, कि पीएम नरेंद्र मोदी कहते हैं एक हैं तो सेफ हैं, लेकिन वे किसी को भी सेफ नहीं रहने दे रहे हैं। आप एकता की बात जरुर करते हैं, लेकिन आपके कार्य इसे धोखा देने जैसे हैं। खड़गे ने कहा कि आपके नेता मोहन भागवत ने तो कहा है कि अब जबकि राम मंदिर बन गया है, तो और अधिक पूजा स्थलों का सर्वे करने की आवश्यकता नहीं है। यदि आप उनके शब्दों का सम्मान करते हैं, तो और कलह क्यों पैदा कर रहे हैं? खड़गे ने बीजेपी से पूछा कि क्या वह लाल किला, ताजमहल, कुतुब मीनार और चार मीनार जैसी संरचनाओं को भी ध्वस्त कर देंगे, जो मुसलमानों ने बनवाई थीं।

गौरतलब है कि नागपुर में संघ शिक्षा वर्ग, तृतीय वर्ष 2022 के समापन समारोह के दौरान आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने ज्ञानवापी विवाद को लेकर अपनी एक प्रतिक्रिया में कहा था कि इतिहास वो है जिसे हम बदल नहीं सकते। इस इतिहास को न आज के हिंदुओं ने बनाया और न ही आज के मुसलमानों ने ही इसे बनाया है, यह उस समय घटा.... अब हर मस्जिद में शिवलिंग क्यों देखना? इसके साथ ही उन्होंने कहा था कि अब हमको कोई आंदोलन नहीं करना है। हर दिन एक नया मुद्दा नहीं उठाना चाहिए। अब झगड़े क्यों बढ़ाएं? इसे याद करते हुए खड़गे भाजपा नेताओं को सीख दे रहे हैं।

## बांग्लादेश में हिंसा : भारत के पर्यटक पर भीड़ ने किया हमला

**– अंतरराष्ट्रीय समुदाय सकारात्मक कदम उठाने की कर रहे मांग**

कोलकाता । पड़ोसी देश बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के अपदस्थ होने के बाद शुरू हुई हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। खासतौर पर अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हमलों की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हो रही हमलों की एक और घटना सामने आई है, जिसमें एक भारतीय पर्यटक भी शिकार हो गए। पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना जिले के बेलघोरिया के निवासी एक पर्यटक ने बताया कि बांग्लादेश में घूमने के दौरान उन पर एक ?हिंसक भीड़ ने हमला किया। उन्हें पहचान के आधार पर हमला किया गया, जब पता चला कि वे भारत से हैं और हिंदू हैं। गहरी चोटें खाकर भारत लौटने की कोशिश करते हुए भारतीय पर्यटक की हालत बहुत खराब हो गई। उन्होंने एंबुलेंस को बुलाया, लेकिन पुलिस ने पहचान पूछी, जिससे मेडिकल सहायता में देरी हुई। बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा को लेकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय सकारात्मक कदम उठाने की मांग कर रहे हैं। अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने हिंसा को रोकने का आश्वासन दिया है, लेकिन वास्तविकता में कार्रवाई की ज़रूरत है। भारत सरकार से भी बड़े स्तर पर इस मामले में कदम उठाने की मांग है, ताकि इस त्रासदी को रोका जा सके और बांग्लादेश के लोगों को सुरक्षित रहने में मदद मिले।

## आस्ट्रेलिया में पकड़ी गई 2.34 टन कोकीन गैंग के 13 गिरफ्तार



**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया की पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट के 13 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 2.34 टन कोकीन बरामद हुई है। गिरफ्तार आरोपितों में 11 पुरुष और दो किशोर हैं। इन पर समुद्र के रास्ते ऑस्ट्रेलिया में कोकीन आयात करने की साजिश का आरोप है। यह सभी ऑस्ट्रेलियाई नागरिक हैं। ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस कमांडर स्टीफन जे ने इसकी पुष्टि की है। द ऑस्ट्रेलियन अखबार के अनुसार, यह अब तक की सबसे बड़ी कोकीन बरामदगी है। पुलिस ने 2.3 टन कोकीन जब्त कर 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। कोकीन की अनुमानित कीमत एक अरब डॉलर है।

सिडनी से छपने वाले द डेली टेलीग्राफ के अनुसार, संघीय पुलिस ने शनिवार शाम समुद्र और सड़क पर कई लोगों को गिरफ्तार किया। लगभग 7:40 घेरी गई मछली पकड़ने वाली नाव से 35 और 57 साल के दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद बुंडाबर्ग बंदरगाह से 43 और 44 साल के दो लोगों को दबोचा गया। रात करीब नौ बजे बुंडाबर्ग पूर्व में लिंक रोड के पास 20, 28 और 34 साल के तीन और पुरुषों और दो किशोरों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद ब्रिस्बेन के विक्टोरिया पॉइंट के एक घर की तलाशी ली गई। इसके बाद 51 वर्षीय पुरुष को गिरफ्तार किया गया। इससे पहले बुंडाबर्ग ईस्ट में एक फास्ट फूड रेस्तरां के पास 20, 22 और 28 साल के तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार कोकीन के पैकेटों को मछली पकड़ने वाली नाव के जाल में गठरी के अंदर छुपा कर रखा गया था। अखबार का कहना है कि ऑस्ट्रेलिया कोकीन तस्करों के लिए आकर्षक बाजार है। ऑस्ट्रेलियाई लोग इसके लिए दुनिया में सबसे अधिक कीमत चुकाते हैं।

# किसानों की खुशहाली के बिना भारत विश्व गुरु नहीं बन सकता : कुलतार सिंह संधवां



**चंड़ीगढ़ (एजेंसी)।** भारतीय किसान परिषद, संयुक्त किसान मोर्चा समेत कई अन्य संगठन एक बार फिर से अपनी पांच मांगों को लेकर 'दिल्ली कूच' पर अड़े हुए हैं। किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इतंजाम किए हैं। इसी बीच किसानों के प्रदर्शन को लेकर पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां का बयान सामने आया है।

कुलतार सिंह संधवां ने कहा, 'किसान हमारे देश को संकट से बाहर निकालने का काम करते हैं। किसानों के बच्चों ने ही देश को आजादी दिलाई। देश के अन्ने भंडारों को किसानों के बच्चोंर ने भरा। देश की रक्षा भी किसान के बच्चे करते हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि जो लोग देश को विश्व गुरु बनाना चाहते हैं, वह किसानों की खुशहाली के बिना अपना यह सपना पूरा नहीं कर सकते। अगर देश को विश्व गुरु बनाना है तो किसानों की मांगों को पूरा करना होगा। अगर किसान खुशहाल होगा, तभी देश खुशहाल होगा। किसान की खुशहाली से ही देश की खुशहाली का रास्ताख निकलेगा।'

उन्होंखने कहा कि मैं केंद्र और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील करता हूं कि वह किसानो की मांगों पर विचार करें और उसे जल्दम से जल्दर हल करने की दिशा में काम करें। भाजपा की तरफ से शहीद भगत सिंह की प्रतिमा के उद्घाटन पर संधवा ने कहा कि अगर भाजपा के लोग इतना सम्मान करते हैं तो क्यों नहीं वो शहीद भगत सिंह को रिकॉर्ड पर शहीद लिखवाते हैं? उसकी नोटिफिकेशन जारी करें। बातों में नहीं एक्शन में भगत सिंह के प्रति सम्मान दिखाई देना चाहिए। किसान को इग्नोर कर रहे हैं और भगत सिंह के सम्मान की बात कर रहे हैं।

वहीं, विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने कहा कि संविधान के निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर ने हमें इतना अच्छो संविधान दिया है, जो हमें अपने अधिकार वोट के माध्यंम से हमें अपनी पसंद का प्रतिनिधि चुनने का मौका देता है। उपचुनाव के बाद आज हमारे 3 विधायकों को कानूनी तौर पर काम करने का अधिकार मिल चुका है। हम सभी को बधाई देते हैं। मैं उम्मी3द करता हूं कि हमारे सभी विधायक लोगों की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे।

# हम जमानत देते हैं, अगले दिन आप मंत्री बन जाते हैं, सेंथिल बालाजी केस में सुप्रीम कोर्ट की फटकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) नेता सेंथिल बालाजी को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत देने के तुरंत बाद तमिलनाडु में एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री के रूप में बहाल किए जाने पर चिंता व्यक्त की। न्यायमूर्ति ए एस ओका और न्यायमूर्ति ए जी मसीह की पीठ इस बात की जांच करने पर सहमत हुई कि क्या एक मंत्री के रूप में उनकी भूमिका गवाहों पर दबाव डालेगी जब उनके खिलाफ गवाही देने की बात आएगी। अदालत एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें बालाजी को इस आधार पर जमानत देने के 26 सितंबर, 2024 के आदेश को वापस लेने की मांग की गई थी कि उनकी बहाली से गवाह दबाव में आ जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें इस आधार पर जमानत दे दी थी कि मुकदमा जल्द शुरू होने की कोई संभावना नहीं है। तीन दिन बाद 29 सितंबर को




बालाजी को एक बार फिर राज्य सरकार में मंत्री बनाया गया।

न्यायमूर्ति ओका ने पूछा कि हम जमानत दे देते हैं और अगले दिन आप जाकर मंत्री बन जाते हैं? कोई भी यह मानने को बाध्य होगा कि वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री के रूप में आपकी स्थिति के कारण अब गवाह दबाव में होंगे। यह क्या हो रहा है? अदालत ने कहा कि वह जमानत देने वाले पूरे फैसले को वापस नहीं लेगी लेकिन गवाहों के दबाव में आने की आशंका की जांच करेगी। आशंका यह है कि विधेय अपराधों में दूसरे प्रतिवादी के खिलाफ आरोपों की गंभीरता को देखते हुए, गवाह कैबिनेट मंत्री का पद संभाल रहे दूसरे प्रतिवादी के खिलाफ गवाही देने की मानसिक स्थिति में नहीं हो सकते हैं।

अदालत ने कहा कि यह एकमात्र पहलू है प्रथम दृष्टया हम आवेदन पर विचार करने के इच्छुक हैं। बालाजी के वकील ने निर्देश लेने के लिए समय मांगा जिसके बाद अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 13 दिसंबर, 2024 तय की। द्रमुक नेता सेंथिल बालाजी को नौकरी के बदले नकदी घोटाले के सिलसिले में पिछले साल जून में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया गया था। वह तब तमिलनाडु में बिजली, निषेध और उत्पाद शुल्क मंत्री के रूप में कार्यरत थे।

## ईवीएम हैक मामले में आयोग ने दर्ज कराया केस

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद ईवीएम का मुद्दा गर्माया हुआ है। सैयद शुजा नाम के शख्स ने दावा किया कि ईवीएम को हैक किया जा सकता है। इसके बाद चुनाव आयोग ने सैयद शुजा के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। इस शिकायत पर मुंबई साइबर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। बताया गया है कि मुंबई पुलिस ने 30 नवंबर को सैयद शुजा के खिलाफ भारतीय न्याय और आईटी संहिता के तहत एफआईआर दर्ज की है। दरअसल शुजा ने दावा किया कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को लंदन से हैक किया जा सकता है। हालांकि इसके बाद महाराष्ट्र चुनाव आयोग के अधिकारियों ने इस दावे को खारिज कर दिया है। इसके बाद उनकी शिकायत के आधार पर दक्षिण मुंबई साइबर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है।



**कौन हैं सैयद शुजा ?**

2019 में सैयद शुजा का एक वीडियो सामने आया था। इस वीडियो में उन्होंने दावा किया था कि 2014 में लोकसभा चुनाव में ईवीएम हैक कर ली गई थी। शुजा ने कहा कि बीजेपी नेता गोपीनाथ मुंडे का कोई एक्सीडेंट नहीं हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनकी हत्या की गई है। शुजा ने दावा किया था कि गौरी लंकेश और गोपीनाथ मुंडे की मौत का कारण भी ईवीएम से जुड़ा है। हालाँकि, शुजा ने कोई ठोस सबूत पेश नहीं किया था। शुजा एक साइबर सुरक्षा शोधकर्ता हैं। वह मूल रूप से हैदराबाद के रहने वाले हैं। फिलहाल वह एक अमेरिकी कंपनी में काम करते हैं। शुजा का दावा है कि ईवीएम भारत में बनी है। उनका दावा है कि उन्होंने मशीन बनाने वाली टीम में हिस्सा लिया था। साथ ही उनके दावे के मुताबिक, उन्होंने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स निगम लिमिटेड में भी काम किया है। शुजा का दावा है कि 2014 में उनकी टीम पर ईवीएम हैक करने का दबाव था। हैदराबाद में उनकी टीम पर जानलेवा हमला हुआ। इस हमले में कई साथियों की मौत हो गई। इस घटना के बाद दावा किया गया कि उनकी मौत दंगे में हुई।

## देशद्रोह की बातें करती हैं महबूबा : सारंग

**भोपाल(एजेंसी)।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि जिस तरह से अपने देश में अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे हैं, उससे यह साफ जाहिर होता है कि मौजूदा समय में भारत और बांग्लादेश के बीच अब कोई अंतर नहीं रह गया है। महबूबा के इसी बयान पर अब विश्वास सारंग ने पलटवार करते हुए कहा, ' महबूबा मुफ्ती हर समय देशद्रोह की बातें ही करती हैं। इस देश में मुस्लिम समाज पूरी तरह से अपने अधिकार के साथ रहता है। हिंदुस्तान में इतने मुस्लिम रहते हैं, जितना की इंडोनेशिया को छोड़कर दुनिया के किसी भी मुस्लिम देश में नहीं रहते होंगे।' उन्होंने कहा, 'बांग्लादेश में जो हो रहा है, वो शर्मनाक है।




इस तरह की स्थिति को कहीं पर भी सहन नहीं किया जाएगा। आश्चर्य होता है कि ये लोग खाते हिंदुस्तान का, लेकिन, बातें दूसरे देश की करते हैं। मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि देशद्रोह की बातें करना महबूबा मुफ्ती को महंगा पड़ेगा।' सारंग ने धर्मांतरण को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, 'धर्मांतरण के मामलों को लेकर हमारी सरकार पूरी तरह से सख्त है। हम ऐसे मामलों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। धर्मांतरण के मामलों में पुलिस कानून के तहत कार्रवाई करेगी। स्पष्ट निर्देश है कि मध्य प्रदेश में लालच, दबाव या किसी भी तरह से कराए गए धर्मांतरण को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस तरह के मामलों की पुनरावृत्ति न हो। यह सुनिश्चित करना हमारा काम है।'

# भारत की ब्रह्मोस की दुनिया हुई दीवानी, तीन और देश इसे खरीदने को तैयार

**ब्रह्मोस मिसाइल को भारत और रुस ने मिलकर बनाया**

**नई दिल्ली/मास्को (एजेंसी)।** भारत और रूस की मिलकर बनाई गई दुनिया की सबसे तेज क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस के प्रति दुनिया की दीवानगी बढ़ती जा रही है। चीन की आक्रामकता से परेशान फिलीपींस के बाद अब 3 और देश ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल खरीद सकते हैं। ब्रह्मोस एयरोस्पेस के संयुक्त प्रबंध निदेशक रूस के अलेक्जेंडर बी माकसेचिक ने बताया कि चीन का पड़ोसी देश वियतनाम, दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम मुल्क इंडोनेशिया और संयुक्त अरब अमीरात मिसाइल के बारे में बातचीत कर रहे हैं। ब्रह्मोस मिसाइल अपनी स्पीड और सटीक हमले के लिए पूरी दुनिया में जानी जाती है।

ब्रह्मोस मिसाइल को भारत के डीआरडीओ और रूस के एनपीओ मशिनोस्ट्रॉयएनिया ने मिलकर तैयार किया है। एलेक्जेंडर ने कहा, यूएई, इंडोनेशिया और वियतनाम पहली नजर में मिसाइल में अपनी रुचि दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन तीन देशों के साथ ब्रह्मोस मिसाइल की सप्लाई के लिए समझौता हो सकता है। हालांकि उन्होंने नहीं बताया कि मिसाइल डील के लिए यह बातचीत अभी कहां तक पहुंची है। फिलीपीन दुनिया का पहला देश था जो कि ब्रह्मोस मिसाइल खरीद चुका है।

ब्रह्मोस मिसाइल का नाम भारत की ब्रह्मपुत्र और रूस की मोस्कवा नदी के नाम पर रखा गया है। यह मिसाइल भारत की तीनों ही सेनाओं में शामिल है। इस मिसाइल की मारक क्षमता 300 से लेकर 500 किमी तक है। यह मिसाइल स्टील्थ तकनीक से लैस है, इसकारण मार गिराना दुश्मन के लिए आसान नहीं होता है। अब दोनों ही ब्रह्मोस मिसाइल के हाइपरसोनिक संस्करण पर मिलकर काम कर रहे हैं। इस ब्रह्मोस 2 नाम दिया गया है। यह नई मिसाइल मैक 6 की हाइपरसोनिक स्पीड से दुश्मन पर हमला करने में सक्षम होगी।

नई ब्रह्मोस मिसाइल के अंदर हाइपरसोनिक स्क्रैमजेट तकनीक लगेगी। इसके पहले फिलीपीन ने भारत के साथ साल 2022 में 37 करोड़ 50 लाख डॉलर का समझौता किया था। भारत ने फिलीपीन को एंटी शिप ब्रह्मोस मिसाइल की सप्लाई भी कर दी है। दुनिया में बढ़ रहे तनाव के बीच अब यूएई, इंडोनेशिया और वियतनाम भी भारत-रूस की इस मिसाइल की ओर देख रहे हैं। भारत के इन तीनों ही देशों के साथ करीबी संबंध हैं। वियतनाम और इंडोनेशिया जहां चीन की दादागिरी से परेशान हैं, वहीं यूएई को ईरान और उसके प्राक्सी संगठनों के मिसाइलों से डर सताता रहता है। इसकारण वहां भी भारत के ब्रह्मोस की तरफ देख रहे हैं।



अंडर-19 एशिया कप

# भारतीय कप्तान मोहम्मद अमान ने ठोका दमदार शतक

## जापानी टीम का मार-मारकर तेल निकाल दिया

**शारजाह (एजेंसी)।** भारतीय अंडर 19 टीम के कप्तान मोहम्मद अमान ने जापान के खिलाफ कमाल कर दिया। उन्होंने एसीसी अंडर 19 एशिया कप में गजब का शतक ठोका। अमान ने 106 बॉल पर अपना शतक पूरा किया। अमान 81 रन पर 2 विकेट गिरने के बाद बल्लेबाजी करने के लिए उतरे थे। उन्होंने काफी समझदारी के साथ बल्लेबाजी की। अमान ने प्रोपर क्रिकेटिंग शॉट्स खेले और रन बनाने में कोई भी जल्दबाजी नहीं की। जब वह एक बार सेट हो गए। उसके बाद उन्होंने अपने असली रंग दिखाए।18 साल के मोहम्मद अमान अंत तक नाबाद रहे और उन्होंने 103 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 118 गेंद में नाबाद 122 रन बनाए। अपनी पारी के दौरान अमान ने 7 चौके लगाए। वह भारत की ओर से सर्वाधिक

### भारत ने जापान को दिया 340 रनों का लक्ष्य




रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। जापान अंडर 19 क्रिकेट टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया था। ऐसे में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पूरे 50 ओवर खेले और 6 विकेट पर 339 रन ठोक दिए। यह इस अंडर 19 एशिया कप के एडिशन में किसी भी टीम द्वारा सबसे बड़ा स्कोर है।

**आयुष म्हात्रे ने भी ठोकी तूफानी फिफ्टी** - भारत के ओपनर आयुष म्हात्रे ने 27 गेंद पर इस मैच में अपना अर्धशतक (54 रन) पूरा किया था। आयुष ने अपनी पारी में 6 चौके और 4 छक्के भी लगाए थे। केपी कार्तिक्ये ने भी मिडिल ऑर्डर में आकर अच्छी बल्लेबाजी की। उन्होंने 49 गेंद में 57 रन बनाए। इस एशिया कप का यह सबसे तेज अर्धशतक था। हालांकि वैभव सूर्यवंशी एक बार फिर बड़ी पारी खेलने में फ्लॉप हो गए। उनको स्टार्ट तो अच्छा मिला था। लेकिन वह उसको बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर पाए और सिर्फ 23 रन के स्कोर पर आउट हो गए। जापान को भारत ने 340 रन का बड़ा टारगेट दिया है।

# शोएब अख्तर ने भारत को लेकर उगला जहर

## वहीं उन्हें मारके आओ... भारत के लिए शोएब के बिगड़े बोल, रोहित सेना देगी मुंहतोड़ जवाब



**रावलपिंडी (एजेंसी)।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर हो रहे पूरे मामले में पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर खुश नहीं हैं। हालांकि सब देशों में सहमति बन गई है कि टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल में खेला जाएगा, लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इसे मंजूरी देने के लिए कुछ शर्तें रखी हैं। पीसीबी इस टूर्नामेंट को पूरे पाकिस्तान में ही कराना चाहता था, लेकिन आईसीसी के साथ हुई हालिया बैठक के बाद उनका रुख नरम पड़ गया है। वहीं पीसीबी अब ये मांग कर रहा है कि भारत में होने वाले सभी आईसीसी इवेंट्स भी हाइब्रिड मॉडल में ही खेले जाएं। अख्तर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की इस बात से सहमत हैं कि चूंकि टूर्नामेंट अब हाइब्रिड मॉडल में होगा तो पाकिस्तान को ज्यादा रेवेन्यू मिलना चाहिए। मगर, वो इस बात से सहमत नहीं हैं कि पाकिस्तान भविष्य के आईसीसी इवेंट्स के लिए भारत का दौरा न करे।

### शोएब अख्तर ने क्या कहा?

शोएब अख्तर का कहना है कि, आपको होस्टिंग राइट्स और रेवेन्यू मिल रहा है, ये ठीक है। पाकिस्तान की मांग भी वाजिब है। उन्हें मजबूत रुख बनाए रखना चाहिए था। अगर हम अपने देश में चैंपियंस ट्रॉफी करा पा रहे हैं और वो (भारतीय टीम) आने को तैयार नहीं हैं, तो उन्हें ज्यादा रेवेन्यू शेयर करना चाहिए। ये अच्छी मांग है। लेकिन, अख्तर ये भी मानते हैं कि पीसीबी को पाकिस्तान की टीम को भविष्य के आईसीसी इवेंट्स के लिए भारत भेजना चाहिए। शोएब अख्तर ने आगे कहा, भविष्य में भारत में खेलने के मामले में, हमें दोस्ती का हाथ बढ़ाना चाहिए और वहां जाना चाहिए। मेरा हमेशा से यही मानना रहा है कि भारत जाओ और उन्हें वहीं हराओ।

आईपीएल 2025

# नीलामी से हमें सही मिश्रण मिला : हार्दिक पांड्या

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा कि वह जेद्दा में हाल ही में हुई मेगा नीलामी से जिन खिलाड़ियों को चाहते थे, उनके बारे में कोचिंग स्टाफ के साथ करीबी संपर्क में थे और उन्हें लगा कि 2025 सीजन के लिए टीम वास्तव में अच्छी निकली है। पिछले महीने की नीलामी में एमआई ने ट्रेंट बोल्ट, विल जैक्स, रयान रिकलेटन, मिशेल सेंटनर, लिजाद विलियम्स और रीस टॉपले जैसे अनुभवी विदेशी खिलाड़ियों के साथ-साथ दीपक चाहर, नमन धीर, रॉबिन मिंज, कर्ण शर्मा, राज अंगद बावा जैसे भारतीय खिलाड़ियों को भी शामिल किया। उन्होंने अल्लाह गजनफर, बेवॉन जैकब्स, विग्नेश पुथुर और वेंकट सत्यनारायण राजू जैसे कम प्रसिद्ध खिलाड़ियों को भी शामिल किया। हार्दिक ने मुंबई के सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, मैं संपर्क में था, हम वास्तव में किसके लिए जा रहे हैं और मुझे लगता है कि हम नीलामी से काफी अच्छे निकले हैं और टीम अच्छी दिख रही है। हमने सही मिश्रण पाया है, जिसमें अनुभवी खिलाड़ी हैं। बौल्टी वापस आ गए हैं, दीपक चाहर, जो ऑलराउंडर हैं, और साथ ही विल जैक्स, रॉबिन मिंज और रिकेल्टन जैसे युवा खिलाड़ी, जो नए हैं। इसलिए मुझे लगता है कि हमने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। हमने सभी आधारों को कवर किया है।



उन्होंने नीलामी की रोलरकोस्टर प्रकृति पर भी बात की, जो एक आईपीएल सीजन के लिए टीम बनाने में एक बड़ी भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा, नीलामी की गतिशीलता हमेशा मुश्किल होती है। आप जानते हैं कि जब आप इसे लाइव देख रहे होते हैं, तो यह बहुत रोमांचक होता है और भावनाएं हमेशा ऊपर-नीचे होती रहती हैं क्योंकि आप इस खिलाड़ी को चाहते हैं लेकिन कभी-कभी आप हार जाते हैं। बहुत भावुक न होना बहुत महत्वपूर्ण है, और अंत में हमें एक पूरी टीम बनानी होगी।

# वॉर्म-अप मैच से हम जो चाहते थे हमें मिल गया : रोहित शर्मा

**कैनबरा (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री को हराने के बाद वॉर्म-अप गेम के समय में कटौती से खुश हैं। रविवार को मनुका ओवल में इलेवन ने छह विकेट से जीत दर्ज की। दो दिवसीय गुलाबी गेंद वाले मैच का शुरुआती दिन बारिश के कारण धुल गया और मुकाबले के दूसरे दिन अधिक बारिश के कारण मैच को प्रति पक्ष 46 ओवर का कर दिया गया। बाएं अंगूठे की चोट के कारण पहला टेस्ट न खेलने के बाद शुभमान गिल ने अर्धशतक बनाया और रोहित की वापसी के बावजूद यशस्वी जयसवाल और केएल राहुल ने सलामी बल्लेबाज के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा, भारत ने एडिलेड में गुलाबी गेंद से शुरू होने वाले टेस्ट से पहले सभी बॉक्सों पर टिक कर दिया।

# बुमराह महानतम तेज गेंदबाजों में से एक के रूप में जाने जाएंगे: ट्रैविस हेड

**एडिलेड (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रैविस हेड को लगता है कि जसप्रीत बुमराह इस खेल के महानतम तेज गेंदबाजों में से एक के रूप में जाने जाएंगे और उन्होंने कहा कि वह बड़े गर्व से अपने पोते-पोतियों को भारतीय तेज गेंदबाज का सामना करने की कठिन चुनौती के बारे में बताएंगे। बुमराह ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन किया जिससे भारत यह मैच 295 रन से जीतने में सफल रहा।



हेड ने कहा, 'जसप्रीत को शायद इस खेल को खेलने वाले सबसे महान तेज गेंदबाजों में से एक के रूप में जाना जाएगा। अभी हम यह पता लग रहे हैं कि वह हमारे लिए कितना चुनौती पूर्ण हो सकता है। उसके खिलाफ खेलना अच्छा है। जब मैं भविष्य में अपने करियर पर नजर डालूंगा तो बड़े गर्व से अपने पोते पोतियों को बताऊंगा कि मैंने उनका सामना किया था। इसलिए उनके खिलाफ खेलना बुरा नहीं है। उम्मीद है मुझे आगे भी उनके खिलाफ खेलने का मौका मिलेगा लेकिन उनका सामना करना चुनौती पूर्ण है।

हेड पर्थ में अर्धशतक बनाने वाले एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज थे। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ, उस्मान ख्वाजा और मार्नस लाबुशेन रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे, लेकिन मध्यक्रम के इस विस्फोटक बल्लेबाज को यकीन है कि उनके साथी टिप्स के लिए उनसे संपर्क नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, 'यह निश्चित है कि वे मुझसे बल्लेबाजी के टिप्स नहीं लेंगे। प्रत्येक खिलाड़ी का खेलने काअपना तरीका होता है।

दोनों टीमें अब शुक्रवार से एडिलेड में उसी स्थान पर गुलाबी गेंद का टेस्ट खेलेंगी जहां भारत 2020 में 36 रन पर आउट हो गया था। हेड ने उस मैच को याद करते हुए कहा, 'मुझे याद है कि वह मैच जल्दी समाप्त हो गया था। हमने उस मैच का भरपूर आनंद लिया था। फिर से ऐसा करना अच्छा होगा लेकिन मुझे नहीं लगता कि अगले मैच में ऐसा होगा।

हेड ने इसके साथ ही कहा कि ऑस्ट्रेलिया की संघर्षरत बल्लेबाजी और गेंदबाजी इकाई के बीच किसी तरह का मतभेद नहीं है। पहले टेस्ट के दौरान जोश हेज़लवुड की एक टिप्पणी के बाद टीम के भीतर संभावित मतभेद की आशंका व्यक्त की जाने लगी थी। उन्होंने कहा, 'हमें दोनों विभाग (बल्लेबाजी और गेंदबाजी) से काफी उम्मीदें हैं और यह एक बहुत ही व्यक्तिगत खेल है। बल्लेबाजी में हम मजबूत पकड़ बनाना चाहते हैं और हम जानते हैं कि हमारे गेंदबाजों ने अतीत में कितना अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने हमें कई बार परेशानियों से बाहर निकाला है।

हेड को पूरा विश्वास है कि पहले टेस्ट में करारी हार के बावजूद उनकी टीम वापसी करने में सफल रहेगी। उन्होंने कहा, 'हमारी टीम प्रतिकूल परिस्थितियों से अच्छी तरह से निपटी है। पिछले तीन या चार वर्षों में हमने हर चुनौती का अच्छी तरह से सामना किया है। पिछले कुछ वर्षों में कई टीम ने पहला टेस्ट मैच हारने के बाद अच्छी वापसी की और वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया।

# रेफरी के निर्णय से शुरू हुआ विवाद, फुटबॉल प्रशंसकों के बीच झड़प में 100 लोगों की मौत



**गिनी (एजेंसी)।** गिनी के दूसरे सबसे बड़े शहर एन-जेरेकोर में फुटबॉल मैच के दौरान प्रशंसकों के बीच झड़प के बाद रविवार को 100 से अधिक लोग मारे गए। एक डॉक्टर ने बताया, अस्पताल में जहां तक ??नजर जाती है, शवों की कतार लगी हुई है। अन्य लोग फर्श पर पड़े हैं। मुर्दाघर भरा हुआ है। डॉक्टर ने बताया कि करीब 100 लोग मारे गए हैं, स्थानीय सुविधाओं में हताहतों की संख्या बहुत अधिक है। एक दूसरे मेडिकल प्रोफेशनल ने पुष्टि की कि दर्जनों लोग मारे गए हैं। सोशल मीडिया फुटेज में मैच स्थल के बाहर अराजक सड़क दृश्य और मैदान पर कई हताहत दिखाई दे रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने एनजेरेकोर पुलिस स्टेशन को क्षतिग्रस्त कर दिया और आग लगा दी। सुरक्षा चिंताओं के कारण एक व्यक्ति ने पहचान छिपाते हुए बताया, यह सब रेफरी के विवादित निर्णय से शुरू हुआ। फिर प्रशंसकों ने पिच पर हमला कर दिया।

यह मैच कथित तौर पर गिनी के जुंटा नेता मामादी डौम्बौया के सम्मान में आयोजित एक टूर्नामेंट का हिस्सा था, जिन्होंने 2021 में तख्तापलट के जरिए सत्ता संभाली थी और खुद को राष्ट्रपति घोषित किया था। इस तरह के टूर्नामेंट गिनी में अक्सर होते रहते हैं क्योंकि डौम्बौया आगामी राष्ट्रपति चुनावों में भाग लेने पर विचार कर रहे हैं जबकि राजनीतिक गठबंधन विकसित हो रहे हैं।

डौम्बौया ने सितंबर 2021 में राष्ट्रपति अल्फा कोंडे को पदच्युत करके बलपूर्वक नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया जिन्होंने पहले इस तरह के अधिग्रहण से बचाने के लिए तत्कालीन कर्नल को नियुक्त किया था। अंतरराष्ट्रीय मांगों के बाद उन्होंने 2024 के अंत तक नागरिक सत्ता हस्तांतरण के लिए प्रतिबद्धता जताई, हालांकि उन्होंने तब से इस रुख को बदल दिया है। जनवरी में उन्होंने 'असाधारण रूप से' खुद को लेफ्टिनेंट जनरल के पद पर पदोन्नत किया, उसके बाद अगले महीने सेना के जनरल के पद पर खुद को पदोन्नत किया।

उनके नेतृत्व में विपक्ष को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है जिसमें कई नेताओं को कैद किया गया, उन पर मुकदमा चलाया गया या उन्हें निर्वासित किया गया। तख्तापलट के बाद जुंटा के 'संक्रमणकालीन चार्टर' ने अपने सदस्यों को राष्ट्रीय या स्थानीय चुनावों में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया। हालांकि डौम्बौया के समर्थक अब उनके राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की वकालत कर रहे हैं। अधिकारियों ने हाल ही में घोषणा की है कि संवैधानिक व्यवस्था बहाली के लिए चुनाव 2025 में होंगे।

प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों के बावजूद गिनी आर्थिक रूप से वंचित बनी हुई है। राष्ट्र ने दशकों तक सत्तावादी शासन का अनुभव किया है। डौम्बौया उन अन्य सैन्य नेताओं में शामिल हो गए हैं जिन्होंने 2020 से पश्चिम अफ्रीका में नियंत्रण हासिल कर लिया है जिनमें माली, बुर्किना फासो और नाइजर शामिल हैं।

# सिराज ने फॉर्म में वापसी का श्रेय भरत अरुण और मोर्ने मोर्कल को दिया, मिली थी ये सलाह

**पर्थ (एजेंसी)।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज एक बार फिर फॉर्म में वापस आ गए हैं। इस तेज गेंदबाज ने पर्थ टेस्ट मैच में जसप्रीत बुमराह का बेहतरीन साथ दिया जिसकी बदौलत भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का अपना पहला टेस्ट मैच 295 रनों से जीता। बुमराह के अलावा, सिराज ने अपनी शानदार लेंथ और स्टंप्स को निशाना बनाने की अपनी क्षमता से प्रभावित किया। भारत के तेज गेंदबाज ने अपनी फॉर्म में वापसी का श्रेय भरत अरुण और मोर्ने मोर्कल को दिया और भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले उनके साथ हुई बातचीत का खुलासा किया। इस साल सिराज के लिए लाल गेंद के प्रारूप में चीजें इतनी अच्छी नहीं रहीं। जनवरी 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में खराब प्रदर्शन के बाद तेज गेंदबाज को एक मैच के लिए आराम दिया गया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में, सिराज को एक बार फिर पुणे में बेंच पर बैठाया गया और उन्होंने 2 मैचों में केवल 2 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ भारत के गुलाबी गेंद से अभ्यास मैच के बाद सिराज ने कहा कि अब उन्हें टेस्ट मैचों में गेंदबाजी करना अच्छा नहीं लग रहा है। तेज गेंदबाज ने अपनी खराब फॉर्म के बारे में बताया और कहा कि चूंकि भारत में अधिकांश ओवर स्पिनरों द्वारा फेंके जाते थे इसलिए वह विकेट नहीं ले पाने के कारण निराश हो रहे थे। सिराज ने कहा, मुझे लग रहा था कि मैं अपनी गेंदबाजी का आनंद नहीं ले पा रहा हूं। एक व्यक्ति के तौर पर मैं ऐसा व्यक्ति हूं जिसे अपनी गेंदबाजी का आनंद लेने पर एक अलग एहसास होता है, भले ही मुझे विकेट न मिल रहे हों। और अब जब मुझे विकेट नहीं मिल रहे थे, तो मैं इस बात पर गहराई से विचार करने लगा कि मुझे विकेट क्यों नहीं मिल रहे हैं।



# नोवाक जोकोविच ने पूर्व प्रतिद्वंद्वी एंडी मर्रे को कोच नियुक्त की वजह बताई

**ब्यूनस आयर्स (एजेंसी)।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कहा कि उन्होंने अपने पूर्व प्रतिद्वंद्वी एंडी मर्रे को इसलिए अपना कोच नियुक्त किया क्योंकि वह ब्रिटेन के इस पूर्व खिलाड़ी को अच्छी तरह से जानते हैं। पिछले छह महीने से बिना कोच के खेलने वाले जोकोविच अर्जेंटीना के स्टार खिलाड़ी जुआन मार्टिन डेल पोत्रो के लिए विदाई मैच खेलने के लिए यहां आए हैं। उन्होंने और मर्रे ने पिछले सप्ताह घोषणा की थी कि वे जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए एक साथ काम करने की योजना बना रहे हैं।



जोकोविच ने डेल पोत्रो के खिलाफ मैच से पहले संवाददाता सम्मेलन में स्पेनिश में कहा, 'जब मैं जूनियर वर्ग में खेला करता था तब से मैंने उनके खिलाफ काफी टेनिस खेली है और ऐसे बहुत कम खिलाड़ी हैं जिन्होंने कई ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। जोकोविच 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन हैं। उन्होंने टेनिस इतिहास में किसी भी अन्य खिलाड़ी की तुलना में नंबर एक पर सबसे अधिक सप्ताह बिताए हैं।

मर्रे ने तीन ग्रैंड स्लैम खिताब और दो ओलंपिक एकल स्वर्ण पदक जीते। वह 2016 में एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर रहे। उन्होंने अगस्त में पेरिस ओलंपिक के बाद संन्यास ले लिया था। मर्रे और जोकोविच दोनों 37 वर्ष के हैं और वे मई 1987 में एक सप्ताह के अंतर पर पैदा हुए थे। वे जूनियर वर्ग से एक दूसरे के खिलाफ खेलते रहे हैं। पेशेवर खिलाड़ी के रूप में इन दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ 36 मैच खेले जिनमें जोकोविच ने 25 और मर्रे ने 11 मैच में जीत दर्ज की।

सैयद मुश्ताक अली

# मोहम्मद शमी की किफायती गेंदबाजी से बंगाल जीता

**राजकोट (एजेंसी)।** भारत के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की किफायती गेंदबाजी से बंगाल ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट के ग्रुप ए मैच में रविवार को यहां मेघालय के खिलाफ छह विकेट की आसान जीत दर्ज की। ग्रुप के अन्य मुकाबलों में नमन धीर (19 रन पर 5 विकेट) की तूफानी गेंदबाजी से पंजाब ने हैदराबाद के खिलाफ 7 रन की आसान जीत दर्ज की जबकि झारखंड ने हरियाणा को 1 विकेट से हराया। हरियाणा की ओर से सुमित कुमार ने 25 रन देकर तीन विकेट चटकाए जबकि हर्षल पटेल (16 रन पर 2 विकेट) और युजवेंद्र चहल (13 रन पर एक विकेट) ने भी उम्दा गेंदबाजी की लेकिन टीम को जीत नहीं दिला पाए।



शमी ने भारतीय टीम में वापसी का अपना दावा और मजबूत करते हुए चार ओवर में सिर्फ 16 रन दिए जिससे मेघालय की टीम छह विकेट पर 127 रन ही बना सकी। बंगाल ने इसके जवाब में सलामी बल्लेबाजों अभिषेक पोरेल (61) और करण लाल (42) के बीच पहले विकेट की 80 रन की साझेदारी से 49 गेंद शेष रहते चार विकेट पर 128 रन बनाकर जीत दर्ज की। मेघालय की ओर से एरियन संगमा (37) और लैरी संगमा (38) ने उपयोगी पारियां खेली। इंदौर में ग्रुप बी मैच में गुजरात ने अक्षर पटेल (19 रन पर 2 विकेट) और रवि बिश्नोई (16 रन पर एक विकेट) की धारदार गेंदबाजी से सिक्किम को तीन ओवर शेष रहते छह विकेट से हराया।

सिक्किम की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 101 रन ही बना सकी। इसके जवाब में गुजरात ने भी जल्दी-जल्दी विकेट गंवाए लेकिन सलामी बल्लेबाज आर्य देसाई के नाबाद 47 रन की बदौलत टीम 17 ओवर में चार विकेट पर 102 रन बनाकर जीत दर्ज करने में सफल रही। देसाई ने अपनी पारी में 48 गेंद का सामना करते हुए छह चौके मारे। सिक्किम की ओर से ली योंग लेपचा (18 रन पर दो विकेट) और पार्थ पलावत (10 रन पर दो विकेट) ने उम्दा गेंदबाजी की। ग्रुप बी में ही भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या की गैरमौजूदगी में बड़ौदा को सौराष्ट्र के खिलाफ 78 रन की करारी हार का सामना करना पड़ा।


सौराष्ट्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुए हार्विक देसाई (76 रन, 39 गेंद, 9 चौके, 4 छक्के), रुचित अहीर (57 रन, 30 गेंद, 3 चौके, 5 छक्के) और जय गोहिल (53 रन, 18 गेंद, 2 चौके, 6 छक्के) के अर्धशतक से 6 विकेट पर 266 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। बड़ौदा के कप्तान कृणाल पंड्या ने चार ओवर में 59 रन लुटाए जबकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। इसके जवाब में बड़ौदा की टीम आठ विकेट पर 188 रन ही बना सकी। बड़ौदा की ओर से सलामी बल्लेबाज शाश्वत रावत ने सर्वाधिक 38 रन बनाए।

# भारत के विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि दर नवंबर में 11 महीने के निचले स्तर पर

**- प्रतियोगी स्थितियों और मुद्रास्फीति के दबावों के कारण विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि सीमित रही**

**नई दिल्ली ।**

भारत के विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि दर नवंबर महीने में 11 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गई है। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक अनुसार इस दौरान ऑर्डरों में धीमी वृद्धि देखने को मिली है। प्रतियोगी स्थितियों और मुद्रास्फीति के दबावों के कारण विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि सीमित रही है। एक मासिक सर्वेक्षण में यह खबर सामने आई कि नवंबर में वृद्धि दर 56.5 थी, जो पिछले महीने की तुलना में कुछ कम लग रही थी। एचएसबीसी के एक मुख्य अर्थशास्त्री ने बताया कि इस संक्षेपण के बावजूद भारतीय विनिर्माण क्षेत्र अभी भी विस्तार की दिशा में है। उन्होने कहा कि मांग की मजबूती और उत्पादन में विस्तार की दर, भारतीय विनिर्माण क्षेत्र को आगे बढ़ाने में मदद कर रही है। हालांकि, मूल्य दबाव बढ़ने के कारण उत्पादन वृद्धि में धीमी गति आ रही है। इसके अतिरिक्त, नवीनतम सरकारी आंकड़ों के अनुसार, विनिर्माण और खनन क्षेत्रों की खराब प्रदर्शन के कारण, भारत की आर्थिक वृद्धि दर एक निम्न स्तर पर पहुंच गई है। वस्तु उत्पादकों के मोर्चे पर अच्छी खबर है, क्योंकि अक्टूबर से उनके विक्रय मूल्यों में अधिक वृद्धि देखने को मिल रही है। इससे व्यापक अंतरराष्ट्रीय मांग की दर चार महीनों में सबसे अच्छी रही है। जबकि इस दौरान संकुचन का मामला रहा है, परंतु भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में वृद्धि की दिशा में तेजी जारी है।



# नवंबर में पेट्रोल-डीजल की खपत में बढ़ोतरी, त्योहारी सीजन ने बढ़ाई मांग

**- नवंबर में सरकारी कंपनियों ने पेट्रोल की बिक्री में 8.3 फीसदी की वृद्धि दर्ज की**

**मुंबई ।**

भारत में पेट्रोल और डीजल की मांग नवंबर में बढ़ी, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के आंकड़ों से पता चला।

अक्टूबर में खपत में गिरावट देखी गई थी, लेकिन नवंबर में त्योहारी सीजन के कारण खपत में सुधार हुआ। पेट्रोल और डीजल की खपत में वृद्धि ने उद्योगों को आशाओं की राह दिखाई। नवंबर में सरकारी कंपनियों ने पेट्रोल की बिक्री में 8.3 फीसदी की वृद्धि दर्ज की, जो पिछले साल के अंतिम सप्ताह से भी अधिक थी। डीजल की बिक्री भी 5.9 फीसदी बढ़कर 72 लाख टन हुई। पेट्रोल और डीजल महंगा होने के बावजूद, लोगों की मांग में वृद्धि देश की अर्थव्यवस्था के सुधार का संकेत दे सकती है।

डीजल भारत में सबसे अधिक उपयोग किया जाने वाला ईंधन है, जिसका परिवहन और कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान है। पेट्रोल और डीजल की मांग में इस दिशा में हुई वृद्धि देश की आर्थिक सुधार की दिशा में एक सकारात्मक कदम हो सकती है।



# केंद्र सरकार का डिजिटल कृषि मिशन एक कार्ड से पूरे होंगे सारे काम

**किसानों को सम्मान निधि, क्रेडिट कार्ड, और फसल बिक्री जैसी योजनाओं का मिलेगा लाभ**



**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार ने मुख्यमंत्रियों को निर्देश दिए कि देश के हर किसान को एक डिजिटल पहचान बनाने के लिए किसान आईडी कार्ड बनाया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य है कि डिजिटल तरीके से किसानों को सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, और फसल बिक्री जैसी योजनाओं तक पहुंच सके। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने राज्यों को किसान पहचान-पत्र बनाने के काम में तेजी लाने का निर्देश दिया है।

इसके तहत 28 नवंबर को राज्यों को पत्र भेजकर किसान पहचान-पत्र बनाने के लिए शिविर आयोजित करने के आदेश दिए गए हैं। इस मिशन के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 6 करोड़, 2025-26 में 3 करोड़ और 2026-27 में 2 करोड़ किसानों को कवर किया जाएगा। किसान पहचान पत्र एक आधार-लिंक्ड डिजिटल पहचान है, जिसे भूमि रिकॉर्ड से भी जोड़ा जाएगा। इसमें किसानों के व्यक्तिगत विवरण, बोई गई फसलों और भूमि स्वामित्व की जानकारी शामिल होगी। कृषि मंत्रालय के प्रयासों से किसानों को उनकी डिजिटल पहचान मिलने में तेजी आएगी और कृषि क्षेत्र में डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा सकेगा। इसके साथ ही केंद्र ने राज्यों को लोन के लिए विशेष शिविर आयोजित करने के लिए भी निर्देश दिए हैं, जिससे किसानों को लोन स्वीकृति में सहायता मिले। क्रियान्वयन में गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में किसान आईडी के निर्माण में तेजी देखने को मिल रही है, जबकि असम, छत्तीसगढ़, और उड़ीसा में यह फील्ड परीक्षण के चरण में है। इस पहल के माध्यम से किसानों को सरकारी योजनाओं तक पहुंच में मदद मिलेगी और कृषि क्षेत्र में सुधार होगा।

# नवंबर में जीएसटी संग्रह में 8.5 फीसदी की वृद्धि, अर्थव्यवस्था को मिली राहत

**– नवंबर महीने में जीएसटी संग्रह 1.82 लाख करोड़ रुपये से अधिक हुआ**

**नई दिल्ली।**

भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक अच्छी खबर है कि नवंबर महीने में जीएसटी (गुड्स एंड सर्विस टैक्स) संग्रह में 8.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे एक अच्छी तरह से चल रही अर्थव्यवस्था को राहत मिली है। सरकार के जानकारों के अनुसार नवंबर महीने में जीएसटी संग्रह 1.82 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है, जो समानकालीन वर्ष में इसी महीने में 1.68 लाख करोड़ रुपये था। केंद्रीय जीएसटी संग्रह 34,141 करोड़ रुपये रहा, जबकि राज्य जीएसटी संग्रह 43,047 करोड़ रुपये और एकीकृत आईजीएसटी 91,828 करोड़ रुपये का रहा। बताया जा रहा है` कि यह नवंबर में तीसरा सबसे अच्छा जीएसटी संग्रह है। पिछले महीने अच्छी संख्या आई थी, जिसमें अक्टूबर महीने में 1.87 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी संग्रह किया गया था। वित्त मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार इस महीने के दौरान घरेलू लेन-देन से जीएसटी राजस्व 9.4 प्रतिशत बढ़कर 1.40 लाख करोड़ रुपये हो गया। वहीं आयात पर कर से राजस्व लगभग छह प्रतिशत बढ़कर 42,591 करोड़ रुपये हो गया। कुल मिलाकर यह संख्याएं आर्थिक स्थिति में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण हैं और आर्थिक विश्लेषकों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष में सकल जीएसटी संग्रह 1.63 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जिसमें एक साल पूरे होने से पहले एक अच्छी वृद्धि दर्ज की गई है। फिर भी संकेत जरूरी है क्योंकि यह नवंबर महीने में रिफंड समायोजित करने के बाद शुद्ध जीएसटी संग्रह 11 प्रतिशत बढ़कर 1.63 लाख करोड़ रुपये हो गया है। अब तक सबसे अधिक जेबीडीपी की वृद्धि अप्रैल, 2024 में हुई थी। वित्त वर्ष में सकल जीएसटी संग्रह की वृद्धि के साथ चालू वित्त वर्ष के शेष चार महीनों में जेबीडीपी वृद्धि के लिए अच्छी भविष्यवाणी की गई है कि इस साल वित्त वर्ष 2024-25 में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का संग्रह हो सकता है, जो बाजट की अनुमानित संख्याओं से आगे होगा। यह संकेत है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार की दिशा में तेजी से बढ़ाने का भारी प्रयास किया जा रहा है और जीएसटी संग्रह में इस तरह की वृद्धि इसका सबूत है।

# ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट नीति और भारत की आर्थिक परिस्थितियों पर प्रभाव

**ट्रंप ने एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ब्रिक्स देशों के साथ व्यापार का मुद्दा उठाया**

**नई दिल्ली ।**

अमेरिका के नए राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट नीति के प्रभाव की दृष्टि से भारत सक्रिय है। वित्त मंत्रालय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से शुरू की गई मंथन के बाद यह स्पष्ट हो रहा है कि भारत कैसे इस नई यातायात के साथ सामना करने की योजना बना रहा है। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि सरकार ट्रंप की पिछले कार्यकाल की कार्रवाइयों का जायजा लेने के लिए काम कर रही है। उनका कहना है कि ट्रंप के नक्शे के अनुसार भारत कैसे उसके नीतियों का प्रभाव महसूस करेगा इस पर व्यवस्था कर रहे हैं।

ट्रंप ने एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ब्रिक्स देशों के साथ व्यापार का मुद्दा उठाया है। उनके इस प्रस्ताव ने भारत को जरा सोचने पर मजबूर किया है। सरकारी अधिकारियों का मानना है कि यह आर्थिक नीति को जटिल बना सकता है। ट्रंप ने भारत की ओर से उच्च शुल्क के मुद्दे पर आलोचना की थी। भारत को टैरिफ किंग कह दिया गया था। भारत उसके मुद्दों का सामना कैसे करेगा, यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। सरकारी अधिकारियों का मानना है कि अगर चीन से डंपिंग होता है तो उन्हें शुल्क बढ़ाना पड़ेगा। हालांकि, उन्होंने कहा है कि नुकसान को बढ़ाने से बचने के लिए समझौता भी किया जा सकता है। भारत अमेरिका के नए नीतियों का समर्थन या विरोध करने के लिए तैयार है। ट्रंप के नीतियों के प्रभाव के संबंध में भारतीय सरकार की दृष्टि कैसे होगी, यह देखने के लिए हम सबको इंतेजार रहना होगा।

## रुपया बढ़त के साथ बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को घरेलू शेयर बाजार दो पैसे की बढ़त पर बंद हुआ। आज सुबह नकारात्मक रुख के बीच रुपया शुरुआती कारोबार में स्थिर खुला और अपने सर्वकालिक निम्न स्तर से केवल दो पैसे चढ़कर 84.58 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी ने निवेशकों की भावनाओं को और प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.59 प्रति डॉलर पर खुला और सीमित दायरे में कारोबार करता हुआ 84.58 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले केवल दो पैसे की बढ़त दिखाता है। शुरुआती कारोबार में यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने सर्वकालिक निम्न स्तर 84.60 पर भी पहुंच गया। रुपया शुक्रवार को अपने सर्वकालिक निचले स्तर 84.60 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

## देश के आठ शहरों में जुलाई-सितंबर में आवासीय कीमतें 11 प्रतिशत बढ़ीं : रिपोर्ट

**- एनसीआर में दरें सबसे अधिक बढ़ीं**

**नई दिल्ली ।** भारत के आठ प्रमुख शहरों में आवासीय कीमतों में तेजी देखने को मिली, इसकी जानकारी एक नई रिपोर्ट से मिली। रिपोर्ट में जुलाई-सितंबर तिमाही में 11 प्रतिशत की औसत वृद्धि की गई। एनसीआर में दरें सबसे अधिक बढ़ीं, साथ ही बेंगलुरू में भी तेजी देखी गई। इस रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में आवासीय कीमतें 32 प्रतिशत बढ़कर 11,438 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गईं। इसके बाद बेंगलुरू में 24 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। यह वृद्धि मांग और सकारात्मक बाजार धारणा की वजह से हुई। सलाहकारों का कहना है कि सभी आठ शहरों में आवास की कीमतों में वृद्धि देखी गई। जुलाई-सितंबर में बेंगलुरू में आवास की औसत कीमतें 11,743 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गईं, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 9,471 रुपये प्रति वर्ग फुट थीं। यह रिपोर्ट उम्मीद जताती है कि भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेश के लिए एक बेहतर माहौल है, जिसे लोग एक अच्छा निवेश अवसर मान सकते हैं। अगर इस तेजी के प्रकरण का एक सही तरीके से इस्तेमाल किया जाए, तो इससे अच्छे रिटर्न मिल सकते हैं।

## क्यूआर कोड से रेहड़ी-पटरी वालों को मिलने लगे ऋण

**- छोटे व्यवसायी अब पांच लाख रुपये तक का ऋण प्राप्त कर सकेंगे**

**नई दिल्ली ।** भारतीय वित्तीय सेवा कंपनी एनबीएफसी ने अब छोटे कारोबारियों के लिए एक नया ऋण कार्यक्रम शुरू किया है, जो मुथूट फिनकॉर्प वन के माध्यम से केवल क्यूआर कोड का इस्तेमाल करके उनके दैनिक लेनदेन के आधार पर मिलेगा। इस कार्यक्रम के जरिए रेहड़ी-पटरी वालों जैसे छोटे व्यवसायी अब पांच लाख रुपये तक का ऋण प्राप्त कर सकते हैं। एक बयान के अनुसार यह डिजिटल मंच मुथूट फिनकॉर्प वन के साथ काम करके एमएफएल के ठीक से तैयार किए गए उद्यमों को ऋण प्रदान करेगा। इस प्रक्रिया में क्यूआर-कोड आधारित ऐप का इस्तेमाल किया जाएगा। मुथूट फिनकॉर्प वन के सीईओ ने बताया कि भारत में करीब छह करोड़ अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यम हैं, जो देश के रोजगार सृजनकर्ताओं में से एक हैं। यह नया ऋण कार्यक्रम उन्हें वित्तीय मजबूती और स्थायी वृद्धि के लिए एक नया रास्ता प्रदान करेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस नए क्रेडिट मूल्यांकन मॉडल की घोषणा की थी, जिसका मकसद छोटे व्यवसायों के डिजिटल फुटप्रिंट्स के आधार पर मूल्यांकन करना है। यह उनकी आवश्यकताओं के अनुसार तैयार किया गया उत्पाद है, जो उन्हें दैनिक व्यावसायिक विकास के लिए मदद पहुंचाएगा। इस नए ऋण कार्यक्रम के माध्यम से आईएमई को वित्तीय माध्यमों तक पहुंचने में मदद मिलेगी और देश के अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों को विकास का मार्ग दिखाएगा।

# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल मिलेजुले संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आया है। आरआईएल और इंफोसिस के शेयरों में तेजी से भी बाजार ऊपर आया। इसके अलावा अमेरिकी बाजारों में मजबूती से भी देसी शेयर बाजार को बल मिला। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 445.29 अंक करीब 0.56 फीसदी बढ़कर 80,248.08 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 144.95 अंक तकरीबन 0.6 फीसदी बढ़कर 24,276.05 पर बंद हुआ। निफ्टी में आज 24,008.65 और 24,301.70 के रेंज में कारोबार हुआ।

सेंसेक्स के 21 शेयर लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। अल्ट्राटेक सीमेंट, जेएसडब्ल्यू स्टील, अदाणी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा और टाइटन सेंसेक्स के सबसे अधिक लाभ वाले शेयर रहे। इसके अलावा, मारुति, एमएंडएम, सन फार्मा, टाटा स्टील, रिलायंस, एचसीएल टेक, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, नेस्ले इंडिया, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक और आईटीसीस के शेयर भी उछले।

दूसरी तरफ, सेंसेक्स के 9 शेयर गिरावट पर बंद हुए। एनटीपीसी, कोटक बैंक, एचयूएल, इंडसइंड बैंक और पावर ग्रिड के पांच शेयरों को सबसे अधिक नुकसान हुआ। इसके अलावा, एलएंडटी, एसबीआई, एशियन पेंट्स और टीसीएस के शेयर भी गिरे।

वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार की धीमी शुरुआत हुई। यह गिरावट सितंबर तिमाही के उम्मीद से कम जीडीपी आंकड़ों के कारण हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 306 अंक की गिरावट के साथ 79,496.63 पर खुला। वहीं निफ्टी 24,140.85 पर कारोबार करता दिखा। बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.19 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई, जबकि बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.06 फीसदी नीचे रहा। कारोबार में निफ्टी बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज और एफएमसीजी सेक्टर में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो एशिया-प्रशांत बाजारों ने नए हफ्ते की शुरुआत सकारात्मक संकेतों के साथ की। निवेशक जापान, कोरिया और चीन सहित प्रमुख देशों से आने वाले आर्थिक आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं। चीन ने सप्ताहांत में नवंबर का आधिकारिक पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) डेटा जारी किया। मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई 50.3 पर पहुंचा, जो अप्रैल के बाद का उच्चतम स्तर है। वहीं एशियाई बाजारों में तेजी देखने को मिल रही है। निक्केई 0.33 फीसदी चढ़ा, जबकि टॉपिक्स इंडेक्स 0.77 फीसदी बढ़ा। कोस्पी 0.85 फीसदी और एएसएक्स 200 में 0.35 फीसदी की बढ़त रही। अमेरिकी शेयर बाजार भी पिछले हफ्ते मजबूती के साथ बंद हुए।




## अशोक लेलैंड की नवंबर में कुल थोक बिक्री बढ़कर 14,137 इकाई हुई

**□ पिछले महीने हुई थी 12,773 इकाई की बिक्री**




**मुंबई ।** अशोक लेलैंड भारत के प्रमुख वाणिज्यिक वाहन निर्माता ने नवंबर माह में अच्छे बिक्री के बारे में रिपोर्ट जारी की है। कंपनी ने बताया कि कुल थोक बिक्री में एक प्रतिशत की वृद्धि हुई और उसने इस माह में 14,137 इकाई वाहन बेचे। कंपनी के बयान के मुताबिक घरेलू बिक्री में एक असंतुष्ट कारक था और इसमें चार प्रतिशत की कमी देखने को मिली। पिछले महीने 12,773 इकाई बिकी थी, जबकि अब यह संख्या 13,031 है। मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में आठ प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली, जिससे कंपनी ने 9,176 इकाई वाहन बेचे। एक साल पहले इस समय यह संख्या 8,500 थी। हालांकि, हल्के वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में 11 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली। कंपनी ने इस माह में 4,961 इकाई हल्के वाहन बेचे, जबकि पिछले साल यह कम 5,553 इकाई थी।

## ट्रेडमार्क मामला : अदालत ने पुणे के रेस्तरां में 'बर्गर किंग' नाम का इस्तेमाल करने से रोका

**- आदेश तब तक जारी रहेगा जब तक मामले के निपटारे की सुनवाई पूरी नहीं हो जाती**

मुंबई । बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को पुणे स्थित एक रेस्तरां के बर्गर किंग नाम का इस्तेमाल करने पर स्थगित आदेश जारी कर दिया है। यह आदेश उस दिन तक लागू रहेगा जब तक अमेरिकी लोकप्रिय बर्गर चेन कंपनी बर्गर किंग कॉरपोरेशन द्वारा दायर इस मामले में निर्धारित निपटारे की सुनवाई पूरी नहीं हो जाती। यह निर्धारित रोक इस आदान-प्रदान को संकट में डाल देगा, क्योंकि रेस्तरां मालिकों ने इस इस्तेमाल के लिए आमने-सामने ट्रेडमार्क उल्लंघन का आरोप लगाया था। बर्गर किंग कॉरपोरेशन ने उच्च न्यायालय में अपील दायर की थी, जिसके मुताबिक बर्गर किंग नाम का इस्तेमाल करने पर रोक लगने का निष्पादन किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति ए. एस. चंदुरकर और न्यायमूर्ति राजेश पाटिल ने इस मामले में अंतरिम आदेश जारी करते हुए कहा` कि इस मुद्दे पर सुनवाई की जानी चाहिए और समस्त साक्ष्यों का गौर किया जाना चाहिए। तब तक बर्गर किंग नाम का इस्तेमाल बंद रखने के लिए यह अंतरिम आदेश जारी रखा जा रहा है। यह मामला आम लोगों के ध्यान में है, क्योंकि यह एक व्यापक ट्रेडमार्क उल्लंघन का मामला है और इसका निपटारा न्यायिक मार्गदर्शन के अनुसार किया जाना चाहिए। आम नागरिकों को इस मुद्दे पर नजर रखने के लिए सतर्क रहना चाहिए।

# शुरुआती कारोबार में नौ प्रतिशत चढ़ा अदाणी ग्रीन एनर्जी का शेयर

**- बीएसई पर सूचीबद्ध अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड का शेयर 1,445 रुपये पर पहुंच गया**

**नई दिल्ली ।**

अदाणी समूह की कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के शेयर सोमवार को दिखाई गई बढ़त के साथ कारोबार में करीब नौ प्रतिशत की उछाल दर्ज की गई। इसके परिणामस्वरूप बीएसई पर सूचीबद्ध अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड का शेयर 1,445 रुपये पर पहुंच गया।

अदाणी समूह के अन्य कंपनियों के शेयरों में भी वृद्धि दर्ज की गई। अदाणी पोर्ट्स का शेयर दो प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स का 1.33 प्रतिशत और एसीसी का एक प्रतिशत बढ़ा।

वहीं अदाणी टोटल गैस का शेयर 4.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 774.45 रुपये पर, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का शेयर 4.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 805.60 रुपये पर, अदाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 1.38 प्रतिशत बढ़कर 2,428.20 रुपये और अदाणी पावर का शेयर 1.45 प्रतिशत कम होकर 546.50 रुपये पर पहुंचा। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने अमेरिका में लगे आरोपों का जवाब देते हुए यह स्पष्ट किया कि समूह सभी नियमों का पालन कर रहा है और हर हमला समूह को मजबूत बनाता है। अमेरिका के न्याय मंत्रालय और एसईसी ने न्यूयॉर्क के पूर्वी जिले की अमेरिकी जिला अदालत में अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के प्रमुख पदाधिकारियों गौतम अदाणी, सागर अदाणी तथा विनीत जैन के खिलाफ 20 नवंबर 2024 को अभियोग जारी किया था। एजीईएल पर लगाए गए आरोप में है कि सौर ऊर्जा बिक्री ठेका हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को 26.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर की रिश्वत दी गई थी।

कंपनी ने इसके खिलाफ जवाब देते हुए कहा कि यह आरोप सिर्फ प्रतिभूति धोखाधड़ी की साजिश, वायर धोखाधड़ी की साजिश और प्रतिभूति धोखाधड़ी से संबंधित हैं, जिनके लिए दंड कम गंभीर होते हैं।

समूह का कहना था कि वे हर संभव कदम उठाएंगे ताकि उनकी स्थिति का स्पष्टीकरण हो सके।

## नायका पर शुरू हुई एक और धमाकेदार सेल

**कई ब्रांड्स पर मिल रही 50 फीसदी तक की छूट**

**मुंबई ।**

नायका की पिंक फ्राइडे सेल ने दिखाया अपना जादू और अब एक और धमाकेदार सेल के रूप में वापस आ रहा है। यह सेल 2 दिसंबर से शुरू हो गई है जो 4 दिसंबर तक चलेगी और उसमें 50 फीसदी तक की छूट के साथ बहुत सारे ऑफर्स भी हैं। नायका की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर, नायका के मोबाइल ऐप पर या फिर नायके के स्टोर पर जाकर आप इस सेल का लाभ उठा सकते हैं। पिंक फ्राइडे सेल में चार्लोट टिलबरी, मैक, मेबेललाइन जैसे ब्रांड्स के उत्पादों पर 60 फीसदी तक की छूट दी जा रही है। इस सेल में ब्यूटी और पर्सनल केयर उत्पाद, फैशन और एक्सेसरीज, होम और किचन उत्पाद और हेल्थ और वेलनेस प्रोडक्ट्स पर भी 50 फीसदी तक की छूट दी जा रही है। इसमें बाय वन गेट वन फ्री ऑफर, फ्री शिपिंग और कैशबैक ऑफर भी उपलब्ध है। पिंक फ्राइडे सेल में आपको अनुभव करने के लिए बहुत कुछ है, इसलिए अगर आपने पिछली सेल में शॉपिंग नहीं की है, तो इस बार का सेल आपके लिए उत्तम अवसर है।



# भारत-मलेशिया संजुक्त सैन्य अभ्यास बेंटोंग कैंप में सुरू

**नई दिल्ली।** भारत-मलेशिया संजुक्त सैन्य अभ्यास हरिमाऊ सक्ति कर चउथा संस्करन आइज मलेशिया कर पहांग जिला कर बेंटोंग कैंप में सुरू भेलक। ई अभ्यास 2 दिसंबर से 15 दिसंबर, 2024 तक आयोजित करल जाई। 78 गो करमीमन वाला भारतीय टुकड़ी कर प्रतिनिधित्व महार रेजिमेंट कर एगो बटालियन करत हे। रॉयल मलेशियाई रेजिमेंट कर द्वारा 123 गो करमी वाला मलेशियाई टुकड़ी कर प्रतिनिधित्व करल जात हे। संजुक्त अभ्यास हरिमाऊ सक्ति एगो बारसिक परसिछन कार्जकरम हेके, जे भारत आउर मलेशिया में बारी-बारी से आयोजित करल जायेला। पिछला संस्करन नवंबर 2023 में भारत कर मेघालय में उमरोई छावनी में आयोजित करल जाय रहे। संजुक्त अभ्यास कर उद्देस संयुक्त राष्ट्र अधिदेश कर अध्याय VII कर तहत जंगल छेतर में आतंकवाद बिरोधी अभियान चलायेक ले दुईयों पछ कर संजुक्त सैन्य छमता के बढ़ायेक हय। ई अभ्यास जंगल कर बाताबरन में अभियानमन उपरे केंद्रित होवी। अभ्यास दू गो चरन में आयोजित करल जाई। पहिल चरन में दुईयों सेना कर बीच क्रॉस ट्रेनिंग उपरे धेयान केंद्रित करल जाई, जेकर में बेयाख्यान, परदरसन आउर जंगल कर इलाका में बिभिन्न अभ्यास सामिल आहे। अंतिम चरन में दुईयों सेना एगो मॉक अभ्यास में सक्रिय रूप से भाइग लेंबयं, जेकर में सैनिक एंटी-एमटी एंबुस, बंदरगाह उपरे कब्जा, टोही गश्त, एंबुस आउर आतंकबादीमन कर द्वारा कब्जा करल गेल छेतर उपरे हमला संगे बिभिन्न अभ्यास करबयं।

हरिमाऊ सक्ति अभ्यास से दुईयों पछ के संजुक्त अभियान चलायेक कर रननीति, तकनीक आउर प्रक्रियामन में सर्वोत्तम अभ्यास साझा करेक कर अवसर मिली। इकर से दुईयों सेनामन कर बीच अंतर-संचालन आउर सौहार्द बिकसित करेक में मदइत मिली। संजुक्त अभ्यास से रछा सहजोग भी बढ़ी, जेकर से दुईयों मित्र देस कर बीच द्विपछीय संबंध में आउर बिरधि होवी।

# झारखंड डाक परिमंडल स्वच्छ भारत मिसन के करलक मजबूत

- सउब 4643 डाक नेटवर्क साइट के कभर करलक

सोनू सपरवार



**रांची।** झारखंड डाक परिमंडल गोटा राइज में स्वच्छता गतिबिधि संचालित करलक। निर्धारित समय में देवल गेल मापदंड कर अनुरूप आपन लछ हासिल करलयं। बिसेस स्वच्छता अभियान 4.0 कर तहत स्वच्छ भारत कर रास्ट्रीय मिसन कर अवधारना कर अनुरूप 17 सितंबर से 1 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा कैंपेन चलाल गेलक। एहे लखे 2 से 31 अक्टूबर, 2024 तक बिसेस स्वच्छता अभियान चलाल गेलक। इकर तहत सउब 4643 डाक नेटवर्क साइट के कभर करल गेलक। ई बेयापक परयास ई सुनिश्चित करलक कि स्वच्छता कर पहल राइज भइर कर दूरदराज आउर ग्रामीन अस्थान तक पहुंची।

झारखंड डाक परिमंडल बिसेस अभियान 4.0 कर सुरुआत में 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' कर आदर्स वाक्य के अपनालयं, जेकर मुध मूल्य कर रूप में स्वच्छता कर प्रति आपन प्रतिबद्धता के मजबूत करल गेलक। ई आदर्स वाक्य संतृप्ति, संस्थागतकरन आउर आंतरिकीकरन कर उद्देस कर संगे संरेखित आहे जेके बिभाग कर द्वारा अपनाल गेलक ताकि ई सुनिश्चित करल जाए सके कि स्वच्छता अभियान आपन नेटवर्क कर हर कोन तक पहुंची। एगो अंतर्निहित अभ्यास बइन जाए आउर स्वच्छता कर एगो स्थायी संस्कृति के बढ़ावा मिली।

ई दृष्टिकोन कर माध्यम से, झारखण्ड डाक परिमंडल न खली बेयापक स्वच्छता सुनिश्चित कइर हे, बलकि दैनिक चर्या आउर परिचालन प्रक्रिया में सामिल मूल्य कर रूप में स्वच्छता के भी बढ़ावा देवल गेलक। ई सिद्धांतमन उपरे धेयान केंद्रित कइरके, अभियान रास्ट्रीय उद्देस आउर सामुदायिक अपेछामन दुईयों कर संगे आपन प्रथामन के संरेखित करते, स्थायी परिवर्तन कर नींव तैयार कइर हे।

बिसेस स्वच्छता अभियान कर दौरान 343 गो फाइल कर समीछा करल गेलक। अक्टूबर, 2024 में 4643 गो डाकघर के साफ़ करल गेलक। स्क्रैप कर निस्तारन से लगभग 4240 बर्ग फुट जगह खाली कराल गेलक, जेकर से लगभग 14 हजार रुपया कर राजस्व अर्जित होलक। 13 सौ से बेसी जन सिकायत कर निस्तारन करल गेलक। बिभिन्न डाकघर में स्वच्छता से संबंधित भित्तिचित्र बनाल गेलक। 4490 डाक पत्र के स्वच्छता जागरुकता से संबंधित सन्देस कर संगे बितरित करल गेलक। सउब मंडल कर अंतर्गत इस्कूल एंड यूथ कनेक्ट कार्जकरम कर आयोजन करल गेलक आउर 1188 गो पौधा 'एक पेड़ माँ के नाम' कर तहत लगाल गेलक। संगे, जगह-जगह प्रभात फेरी कर भी आयोजन कइर के अदमीमन के स्वच्छता कर प्रति जागरुक करल गेलक। ई दौरान ब्लड डोनेसन कैंप कर आयोजन करल गेलक। कार्जकरम से संबंधित 101 गो सोसल मीडिया पोस्ट भी करल गेलक।

# मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा लगालक आई चेकअप कैंप

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा किशोरगंज कर स्प्रींगडेल पब्लिक इस्कूल में आई चेकप कैंप लगालक। ई कैंप शार्प आई हॉस्पिटल कर सौजन्य से 12 महीन 12 निःसुल्क स्वास्थ्य जांच सिबिर कर अन्तर्गत सातवां सिबिर कर रूप में लगाल गेलक। सिबिर में छउवामन आउर सिछकमन कर निःसुल्क आई चेकअप करल गेलक। छउवामन कर बीच एगो अवेयरनेस सेसन भी कराल गेलक। ई काम में इस्कूल प्रबंधन कर सहजोग प्राप्त होलक। ई सिबिर से 60 से बेसी अदमीमन लाभ उठालयं। ई सिबिर कर आयोजन ले स्वास्थ्य प्रभारी कोमल झुनझुनवाला, संयोजिका आशा सर्राफ रहयं। ई कार्जकरम में शुभा अग्रवाल, आशा सर्राफ, कोमल पोद्दार, पूजा अग्रवाल आउर अन्य सदस्य मौजूद रहयं। ई जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल देलयं।



# बीआईटी मेसरा में एनसीसी कर बारसिक ट्रेनिंग कैंप सुरू

**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा में 2 दिसंबर के संस्थान कर एनसीसी ग्राउंड में 3 झार सीटीसी एनसीसी द्वारा 10 दिनक बारसिक ट्रेनिंग कैंप कर आयोजन सुरु भेलक। ई कैंप कर नेतृत्व लेफ्टिनेंट कर्नल चंचल सिंह कपकोटी, सूबेदार रफीकुल शेख, हवलदार कैलाश चंद्र, हवलदार राजकिरण, हवलदार तापस आउर हवलदार दिलीप कुमार करबयं। कैंप कर सुरुआत लेफ्टिनेंट कर्नल चंचल सिंह कपकोटी कर भासन से होलक, जेकर में ऊ कैंप कर स्थापना आउर कार्जपरनाली कर बारे में बतालयं। इकर बाद छात्रमन कर दस्तावेज कर जांच होलक।



# कैप्टिव आउर वानिज्यिक खदान से बढ़लक कोयला उत्पादन आउर प्रेसन

**नई दिल्ली।** देस कर कैप्टिव आउर वानिज्यिक खदानमन से कोयला उत्पादन आउर भेजेल जायेक वाला कोयला कर मात्रा में पिछला बछर कर तुलना में उल्लेखनीय बिरधि होय हे। ई जानकारी कोयला मंत्रालय देलक।

आंकड़ा कर अनुसार 1 अप्रैल से 30 नवंबर, 2024 कर बीच कैप्टिव आउर वानिज्यिक खदानमन से कोयला उत्पादन 112.65 मिलियन टन तक पहुंइच गेलक। ई पिछला बछर कर एहे अवधि में 83.60 मिलियन टन रहे। ई लखे इकर में 34.7 परतिसत कर बेस बिरधि होय हे। खली नवंबर, 2024 में ई खदानमन से कुल 16.743 मिलियन टन कोयला उत्पादन होय रहे। इकर में दैनिक औसत उत्पादन 0.558 मिलियन टन रहे। इकर में नवंबर, 2023 में 0.396 मिलियन टन कर दैनिक औसत उत्पादन कर तुलना में 40.9 परतिसत कर बिरधि होय हे।



कैप्टिव आउर वानिज्यिक खदानमन से भेजल जायेक वाला कोयला कर मात्रा में भी उल्लेखनीय बिरधि देखल जाय हे। 30 नवंबर, 2024 तक 1 अप्रैल से 30 नवंबर, 2024 कर बीच कैप्टिव आउर वानिज्यिक खदानमन से भेजल जायेक वाला कोयला कर मात्रा 119.62 मिलियन टन तक पहुंइच गेलक। ई पिछला बछर कर एहे अवधि कर 89.32 मिलियन टन से 33.9 परतिसत बेसी हेके।

मात्र नवंबर, 2024 में ई खदानमन से भेजल गेल कोयला कर कुल मात्रा 16.109 मिलियन टन रहे। इकर में दैनिक आधार उपरे भेजल जायेक वाला कोयला कर औसत मात्रा 0.537 मिलियन टन रहे। ई नवंबर 2023 में दैनिक औसत 0.421 मिलियन टन कर तुलना में 27.6 परतिसत कर बिरधि हेके। कोयला उत्पादन आउर इके भेजल जायेक में ई बिरधि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर बिकसित भारत 2047 कर दृष्टिकोन के देखायला। भारत सरकार पारदरसी आउर नवाचार उपरे आधारित सासन कर माध्यम से घरेलू ऊर्जा छमतामन के प्राथमिकता देइ के आउर आयात उपरे निर्भरता के कम कइरके देस कर आर्थिक आत्मनिर्भरता, बुनियादी ढांचा कर बिकास आउर बैश्विक प्रतिस्पर्धा कर भावना के रननीतिक रूप से आगे बढ़ात हे।







रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आइज कांके रोड रांची कर मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में राइज कर बिभिन्न छेतर से पहुंचल अदमीमन मुलाकात करलयं। राइज कर मुख्यमंत्री कर रूप में सपथ लेवेक ले उनके हार्दिक बधाई आउर सुभकामना देलयं। ई अवसर में मुख्यमंत्री से कतई सामाजिक संगठन कर अदमीमन भी मुलाकात करलयं। उनके बधाई देलयं। मुख्यमंत्री सउब कर प्रति आभार बेक्त करते उनके धन्यवाद देलयं।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेश प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक** : रतन लाल अग्रवाल। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com